सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-12 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 30 जून 2024
23 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## हिन्दी संस्थान में अवधनामा के 24वें फाउण्डेशन पर अवधनामा अंग्रेज़ी एडिशन का ऐलान

# पत्रकारिता सिर्फ आजीविका मात्र नहीं बल्कि एक बड़ी समाजसेवा : बृजेश पाठक

## अवधनामा एक अख़बार नहीं एक सही सोच का नाम हैः डाक्टर अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सहाफ़त सिर्फ़ ज़रिया-ए-मआश नहीं बल्कि एक अज़ीम समाजी ख़िदमत है, जमहूरीयत के चौथे स्तंभ में सच्चाई और ईमानदारी के साथ खड़े रहने की लड़ाई आसान नहीं है लेकिन इसमें 24 वर्षों से अवधनामा अपनी पूरी ताकत के साथ ना सिर्फ खड़ा है बल्कि समाज को एक अच्छी सोच देने में भी कामयाब है। इन ख्यालात का इज़हार उत्तर प्रदेश हुकूमत में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अवधनामा के 24वीं फ़ाउंडेशन डे पर किया। शहर के हिन्दी संस्थान में आयोजित तक़रीब में बहैसियत चीफ़ गेस्ट ख़िताब करते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक सेवा है ये एक अज़ीम ख़िदमत है जिसे अवधनामा 24 बरसों से अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ पत्रकारिता बल्कि समाज के दूसरे क्षेत्रों में काबिल-ए-क़द्र काम करने वालों की हौसला अफज़ाई और उन्हें मज़ीद आगे बढ़ने की लायक़ सताइश और वाजिबुल-तकलीद तहरीक भी दे रहा है। बृजेश पाठक ने अवधनामा के अंग्रेज़ी एडिशन का इस्तक़बाल करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि अवधनामा तीनों ज़बानों में ना सिर्फ उतर प्रदेश बल्कि पूरे मुल्क का एक इकलौता और मुमताज़ अख़बार बनेगा। इसके लिए अवधनामा की सी.ई.ओ. तक़दीस रिज़वी और पूरी टीम को दिल से मुबारकबाद पेश करता हूँ। इससे पहले फूलों का गुलदस्ता पेश कर अर्श रिज़वी ने मेहमानों का स्टेज पर ख़ैर-मख्दम किया।

निज़ामत की ज़िम्मेदारी एक बार फिर प्रोफ़ेसर साबरा हबीब ने संभाली और बेहतरीन अशार से अपने निज़ामत के फ़न को मज़ीद दिलचस्प बनाया। अवधनामा के सीनियर सदस्य शकील रिज़वी ने मेहमानों का ख़ैर-मकदम किया और अवधनामा के सफ़र पर मुख्तसर रौशनी डालते हुए बताया कि 24 बरसों का ये सफ़र आसान नहीं था। बहुत सी मुश्किलात आयीं लेकिन स्व. वक़ार रिज़वी ने इन मुश्किलात का ख़ुश-दिली से सामना किया और उनकी पत्नी ने भी हमेशा उनका साथ दिया और आज वो उनके मिशन को आगे ले जा रही हैं। शकील रिज़वी ने ये भी ऐलान किया कि आज अवधनामा अपने 25वीं बरस में दाख़िल हो रहा है और बहुत जल्द हम अवधनामा का अंग्रेज़ी एडिशन भी शुरू करने वाले हैं।

प्रोग्राम की सदारत करते हुए उत्तर प्रदेश के साबिक़ कार-गुज़र वज़ीरे-आला डाक्टर अम्मार रिज़वी ने अपने ख़िताब में अवधनामा के 24 साल मुकम्मल होने पर मुबारकबाद पेश की और उन लोगों को भी मुबारकबाद पेश की जिन्हें इस मौके पर अवार्ड और सर्टीफ़िकेट से नवाज़ कर उनके कामों का एतराफ़ किया गया। उन्होंने कहा कि एक मशाल जो स्व. वक़ार रिज़वी ने रौशन की थी उसे तक़दीस फ़ातिमा (उनकी पत्नी) जिस जज़्बे, हौसले और लगन के साथ लगातार आगे ले जा रही हैं, इसकी तारीफ़ लफ़्ज़ों में मुम्किन नहीं है। उन्होंने कहा कि वक़ार रिज़वी एक फ़र्द नहीं बल्कि एक फ़िक्र का नाम है। एक मिशन का नाम है एक तहरीक का नाम है। वक़ार रिज़वी को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करते हुए डाक्टर रिज़वी ने एक शेर पेश किया। हमारे बाद अंधेरा रहेगा महफ़िल में। बहुत चिराग़ जलाओगे रौशनी के लिए। इस मौक़ा पर उन्होंने वक़ार रिज़वी के साथ साथ प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी, डाक्टर कलबे-सादिक़, ख्वाजा यूनुस और जगदीश गांधी को भी याद किया और तालीम के मैदान में उनकी ख़िदमात को नाक़ाबिल-ए-फ़रामोश बताया। प्रोग्राम की निज़ामत कर रही प्रोफ़ेसर साबरा हबीब की रूसी ज़बान की महारत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सोवियत यूनियन और भारत की दोस्ती में प्रोफ़ेसर साबरा हबीब का भी अहम किरदार है। ये उस वक़्त भारत और रूस के माबैन तर्जुमान की ज़िम्मेदारी भी अंजाम दिया करती थीं। तक़रीब के मेहमान-ए-एज़ाज़ी और रियासती हुकूमत में वज़ीर दानिश आज़ाद अंसारी ने अपने ख़िताब में अवधनामा कुन्बे को मुबारकबाद देते हुए कहा कि आप एक पॉज़ीटिव रोल अदा कर रहे हैं जो समाज को आगे ले जाती है। जो लोग समाज के मुख्तलिफ़ शोबों में काबिल-ए-जिक्र कारकर्दगी अंजाम देते हैं उनको प्रोत्साहित करना भी ज़रूरी है अवधनामा ये काम भी कर रहा है जिसकी सराहना ही नहीं बल्कि उसकी तक़लीद भी की जाना चाहिए। उन्होंने अपनी और रियासती सरकार की तरफ़ से शुक्रिया अदा किया और कहा कि आप समाज को आगे ले जाने के लिए तवानाई फ़राहम कर रहे हैं। मुहम्मद हैदर रिज़वी एडवोकेट ने इस मौके पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि छात्रों को अवार्ड और स्कालरशिप से नवाज़ा जाना एक अहम क़दम है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सोच और फ़िक्र हमसे बहुत आगे है और नई नस्ल से मैं उम्मीद करता हूँ कि इस मुल्क को अपने घर वालों को और अपने आपको इस मुक़ाम पर ले जाएगी जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते हैं। अवधनामा की सी.ई.ओ. और उनकी टीम को मुबारकबाद देते हुए उन्होंने कहा कि आप जिस तरह बग़ैर फ़ेयर और फेवर के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं दुआ है कि इसी तरह आप समाज में अपने मिशन को आगे बढ़ाते रहें और समाज को रुख देने का काम भी करते रहें। नजमुल-हसन रिज़वी (सेक्रेटरी टी.एम.टी.) ने वक़ार रिज़वी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ईमान-दाराना और बे-बाकाना सहाफ़त के मेयार को बुलंद किया। सिर्फ सहाफ़त ही नहीं उन्होंने तालीम के मैदान में भी नुमायां कारनामे अंजाम दिए जिस तरह से उन्होंने इत्तेहाद क़ायम करने के लिए मुख्तलिफ़ तरह के प्रोग्राम का आयोजन किया। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता।

इस मौके पर अपने कॉलेजों में टॉप करने वाले छात्रों में सुबूही वर्मा, अवीका गुप्ता, खुन-खुन जी गर्ल्स़ कॉलेज, लखनऊ, रफ़ीया सय्यद, रिया सक्सेना, मिष्ठी यादव, शुआ फ़ातिमा गर्ल्स कॉलेज, समाना फ़ातिमा, फ़ातिमा अहमद यूनिटी कॉलेज, ख़ुशी परवीन, आयूष अग्रवाल, मुसफ्फा फ़ातिमा, मानसी सिंह इरम कॉलेज, मुहम्मद सादिक़ यूनिटी कॉलेज को अवार्ड से नवाज़ा गया। इनके अलावा उम्मुल-फ़ातिमा, फौज़िया फ़ातिमा, इन्नमा रिज़वी, सहर ज़ैदी, अली मेह्दी ज़ैदी, सारिया ख़ान सी.एम.एस., सय्यद मुहम्मद अली, हैदर अब्बास और शुआ फ़ातिमा गर्ल्स कॉलेज की अनुष्का सिंह को स्कालरशिप और सर्टीफ़िकेट से नवाज़ा गया।

ज़िला के नुमाइंदों में अनिल कनोजिया, लखीमपुर, इरशाद अहमद सिद्दीक़ी, सिद्धार्थनगर, राजेश कुमार मिश्रा जौनपुर, शकील अहमद कुशीनगर, मनोज तिवारी प्रयागराज, मुहम्मद हिफ़्ज़ुल रहमान हमीरपुर, जे.पी. गुप्ता अयोध्या, अतहर मेहदी बहराइच, मुहम्मद इमरान बख़्शी सोनभद्र, अवधेश शुक्ला सुल्तानपुर, अहमद रज़ा सहारनपुर, मुनव्वर रिज़वी गोरखपुर, सुधीर पांडेय देवरिया, दानिश मेहदी टांडा, आसिफ़ हुसैन बाराबंकी, आलोक अग्रवाल सहारनपुर, वहाज अली ख़ान इटावा, रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी सिद्धार्थनगर, एजाज़ सिद्दीक़ी सिद्धार्थनगर, कैलाश नाथ दिवेदी सिद्धार्थनगर, महेन्द्र मिश्रा कौशांबी, राजेश पांडेय बांदा, सैफ़ जाफ़री हरदोई, अजय कुमार श्रीवास्तव ललितपुर, रविनंदन मिश्रा फर्रुखाबाद, गोविंद अवस्थी शाहजहाँपुर, अली अहमद सिद्धार्थनगर को उनकी ख़िदमात के एतराफ़ में नवाज़ा गया। अवधनामा मैनेजमेंट में एम.एम मुहसिन, एम. आलम रिज़वी, राजीव शुक्ला और डाक्टर मूसी रज़ा काबिल-ए-ज़िक्र हैं। अवधनामा के दीगर स्टाफ़ में समीना रिज़वी, अली संजर, फरहीन फ़ातिमा, प्रेम चंद यादव, मुहम्मद आदिल, प्रभात कुमार सिन्हा, एहेतशाम अंसारी, वसी अख्तर, अनवार अशरफी, बृजेन्द्र बहादुर मौर्या, आज़म, हसन अब्बास और मतीराम को मोमेन्टो से नवाज़ा गया। प्रोग्राम के आख़िर में अवधनामा के शकील रिज़वी ने जुमला मेहमान और सामईन के तईं कलिमात-ए-तशक्कुर अदा किए और प्रोग्राम का इख्तताम अमल में आया। इस मौके पर डॉक्टर इशरत नाहीद, डाक्टर वज़ाहत हुसैन रिज़वी, डाक्टर सुलतान, शाकिर हाशमी, मीरा त्रिपाठी, डाक्टर सरवत तक़ी, आसिम रज़ा, एस.एन. लाल और मुख्तलिफ़ शोबा-ए-हयात से ताल्लुक़ रखने वाली शहर की नुमाइंदा शख्सियात मौजूद थीं।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनी दानवीर भामाशाह की जयंती



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** संस्कृति विभाग और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन सभागार, राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में किया गया था। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सर्वप्रथम दानवीर भामाशाह के चित्र पर दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम में लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही हैं उन्हें शत प्रतिशत धरातल पर लागू कराया जाएगा। यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उसके लिए तत्काल प्रशासन से संपर्क कर सकते है। प्रशासन उनके व्यापार को सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं और आगे भी उनकी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक राजेश कुमार मिश्रा,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी पन्नालाल के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत हुई प्रवेश परीक्षा



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निरूशुल्क प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने बताया कि योजनांतर्गत सिविल सेवा में 208, एनडीए में 69, नीट में 88 तथा जेईई में 76 कुल 441 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम 30 जून को जारी किया जाएगा तथा कक्षाओं का संचालन एक जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा।

## नवागंतुक एसपी ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** नवागंतुक एसपी आलोक प्रियदर्शी ने



पुलिस लाइन पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। नवागंतुक एसपी फर्रुखाबाद बदायूं बॉर्डर पर अटेना पुल से फर्रुखाबाद पहुंचे एसपी आलोक प्रियदर्शी को कंपिल पुलिस ने रिसीव किया। फतेहगढ़ पुलिस लाइन आते समय कई जगह पुलिस अधिकारियों ने नवनियुक्त एसपी का स्वागत किया। लगभग 3:45 बजे पुलिस लाइन के कंपोजिट पुलिस कंट्रोल रूम नवागंतुक एसपी पहुंचे। एएसपी डॉ संजय सिंह ने बुके देकर नवागंतुक एसपी का स्वागत किया द्य गार्ड ऑफ ऑनर की नवागंतुक एसपी ने सलामी ली। इसके बाद एक घंटे तक कार्यालय के अंदर रह कर अधिकारियों से कई मुद्दों पर बातचीत की, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बोले कि शासन की मंशा के अनुसार जो भी आदेश होंगे उनका अनुपालन कराना है द्यअपराध के खिलाफ जो भी शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति है उसका सत प्रतिशत पालन कराना है।

## वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**सम्भल अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद में जी एन आर एफ की जानिब से वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्था के रीजनल मैनेजर अब्दुल वाहिद अत्तारी ने बताया गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) एक समाज कल्याण विभाग है जो पर्यावरण, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा और आपदा प्रबंधन पर काम करता है। हम 1 से 10 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान आयोजित करने की योजना बना रहे हैं । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण के महत्व को बढ़ावा देना और पर्यावरण की बेहतरी में योगदान देना है। हमारा मानना है कि ऐसी पहल जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हमें पर्याप्त संख्या में पौधे लगाने की आवश्यकता है।

## डीएम और एसपी ने किया जेल का औचक निरीक्षण



**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार व बालिका संरक्षण गृह का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया तथा बन्दियों व संवासिनियों की समस्याओं व सुविधाओं के विषय मे जानकारी लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार को जिला कारागार व बालिका संरक्षण गृह के औचक निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा कैदियों व संवासिनियों की पेशी हेतु बने वीडियों कान्फ्रेसिंग रुम का निरीक्षण किया तथा कैम्पस में लगे सीसीटीवी फुटेज की क्रास चेकिंग की गई।

## नवनियुक्त चौकी इंचार्ज अमर सिंह ने संभाला कार्यभार

**नवाबगंज गोंडा अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकीपर



नवनियुक्त चौकी इंचार्ज अमर सिंह ने चौकी क्षेत्र मे कानून व्यवस्था के पालन कराने तथा अफवाहों पर ध्यान ना दे किसी भी मदद के लिए चौकी की पुलिस हमेशा तैयार है व्यक्त किया। जैसा कि मालूम है कि कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज शेषनाथ पांडेय के तबादले के बाद नये चौकी इंचार्ज के तौर पर अमर सिंह ने चौकी पर पोस्टिंग होने के बाद चौकी क्षेत्र मे बेहतर काम करने आम जनमानस को न्याय दिलाने को लेकर अपनी राय रखी है उन्होंने बताया कि चौकी क्षेत्र की जनता को मित्र पुलिस का सीधा लाभ मिलेगा आराजकतत्वो पर कडी निगाह रखी जाएगी और उन्हें गलत कदम उठाने के पहले ही कानून का पाठ भी आवश्यक होने पर सिखाया जाएगा तथा आमजनमानस को हमेशा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराये।

# रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का चयन



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा हर हाथ को काम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया।

उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। सहायक सेवायोजन अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थियों को पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 108 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कम्पनी प्र.लि., पीपल ट्री ऑनलाइन, आदि कम्पनियों द्वारा कुल 87 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया।

# वीथिका का हुआ भव्य प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** दानवीर भामाशाहजी की जयन्ती पर स्थानीय वाणिज्य कर विभाग की पहल पर विकास भवन उरई में इन्टैक उरई अध्याय व संस्कार भारती जालौन के संयुक्त तत्वावधान में प्राच्य विधा के अन्तर्गत एक वीथिका लगाई गई। इस वीथिका का उद्घाटन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शंख ध्वनि के मध्य किया।

मुख्य अतिथि श्री राजेश पाण्डेय जी ने कहा कि यह वीथिका अद्भुत है। मुझे तो ज्ञात ही नहीं था कि उरई में इतना अच्छा संग्रह हो सकता है। मैं इसे और ऊचाईयों तक पहुंचाने के लिये प्रयास करुंगा तथा अलग से इसके विशेष प्रदर्शन की भी व्यवस्था करुंगा। इस वीथिका के प्रथम भाग में 31 दिसम्बर 2000 को भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी किये गये तीन रुपये मूल्य के साथ साथ श्री भामाशाह जी के प्रिय महाराज महाराणा प्रताप जी के ऊपर मुम्बई टकसाल द्वारा जारी किये गये अपरिचालित दो मुद्रा सीटों के साथ डाक विभाग द्वारा जारी तीन प्रकार के डाक टिकटों का भी प्रदर्शन किया गया था। इस वीथिका में राजस्थान की पवित्र हल्दी घाटी की माटी भी रखी गई थी, जहां पर महाराज महाराणा प्रताप ने अकबर की मुगलिया सेना को लोहे के चने चबवा दिये थे।

वीथिका के द्वितीय भाग में श्री मती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह के अति विशिष्ट विलक्षण शंखों का प्रदर्शन किया गया था। विश्व में प्रथमबार भगवान श्री विष्णु के दसों अवतारों, श्री काली माता, श्री लक्ष्मी माता, श्री भैरवजी ,श्री गणेश जी आदि के साथ-साथ श्री विष्णु जी के चारों आयुध शंख चक्र गदा और पद्म रुपी शंखों का प्रदर्शन अत्यन्त मन भावन और विस्मयकारी था। कार्यक्रम के अन्तर्गत में मुख्य अतिथि जी के द्वारा डा0 हरी मोहन पुरवार को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में जनपद के तमाम अधिकारियों के साथ वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर श्री प्रमोद विश्वकर्मा, असिस्टैंट कमिश्नर श्री असित मिश्रा के साथ उनके पूरे विभाग परिवार तथा श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन, डा एस पी बुधौलिया प्रदीप पाटकर, कु0 काजल राजपूत, विजय सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सफाई शुल्क में प्रगति नहीं होने पर वेतन बाधित

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में नगर निकायों की समीक्षा अधिशासी अधिकारियों के साथ की गई। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, साफ सफाई व नगरीय निकायों में किये जा रहे निर्माण व विकास कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन कार्यों में कार्यादेश जारी हो गया है, उनमें तुरंत कार्य आरंभ कराएं। जिन कार्यों का टेंडर प्रस्तावित है, उनका टेंडर जल्द से जल्द जारी करें। जिलाधिकारी ने सफाई शुल्क के वसूली के विषय में जानकारी ली। नगर पालिका महराजगंज में वसूली की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शुल्क प्राप्ति में वृद्धि का निर्देश दिया, जबकि सिसवा में और नौतनवां में सफाई शुल्क में अपेक्षित प्रगति न होने पर वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकाय जुलाई माह में लक्ष्य निर्धारित करते हुए अनिवार्यतः सफाई शुल्क वसूली सुनिश्चित करें और निकायों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों में गोशाला और एमआरएफ सेंटर के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के क्रियान्वयन में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों में शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने और निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी द्वारा फरेन्दा की अधिशासी अधिकारी का वेतन बाधित करते हुए चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया।

# महापौर व नगरायुक्त ने किया गड्ढा रिपेयरिंग मशीन का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**मशीन द्वारा होगा प्रदूषण मुक्त व गुणवत्तापूर्ण कार्य**

**सहारनपुर।** नगर निगम आधुनिक तकनीक से सड़कों के गड्ढ़ों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत करेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने वार्ड 47 पुरानी चुंगी के निकट 'इंफ्रारेड रिसाइक्लिंग पौट हॉल्स रोड रिपेयरिंग मोबाइल मशीन' का आज नारियल फोड़कर व मशीन पर पुष्प वर्षा कर उद्घाटन किया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव, क्षेत्रीय पार्षद अभिषेक अरोड़ा टिंकू व पार्षद मनोज प्रजापति ने भी नारियल फोड़कर मशीन के शुभारंभ में भागीदारी की।

वार्ड 47 में पुरानी चुंगी से पुल खुमरान रोड पर रोड रिपेयरिंग मशीन के उद्घाटन के साथ ही एक गड्ढ़ा भरकर मशीन की कार्य प्रणाली भी महापौर व नगरायुक्त को दिखायी गयी। मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने महापौर व नगरायुक्त को मशीन के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त रिपेयरिंग मशीन डामर व प्रिमिक्सिंग से निर्मित सड़कों की मरम्मत का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि यह मशीन गड्ढ़ा भरने के स्थल को इंफ्रारेड के जरिये मैल्ट (पिंघलाना) कर देती है। उसके बाद उस स्थल से एग्रीगेट को खुरचकर गड्ढे को समतल किया जाता है और इमल्सन का छिड़काव किया जाता है। उसके बाद उस गड्ढे में बिटुमिंस से मिक्स किया हुआ एग्रीगेट डालकर कॉम्पैक्टर से कॉम्पैक्ट करने के बाद इमल्सन का सील कोट लगाया जाता है।

मुख्य अभियंता ने बताया कि इस रोड रिपेयरिंग मशीन की विशेषता यह है कि मशीन द्वारा सड़क पर गड्ढा भरने का कार्य प्रदूषण मुक्त और गुणवत्तापूर्ण होता है। यह मशीन करीब दो मीटर के गड्ढे को भरने में 10-15 मिनट का समय लेती है और एक दिन में करीब डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र के गड्ढ़ों को भरा जा सकता है। बी के सिंह ने बताया कि मशीन की एक विशेषता यह भी है कि गड्ढे से खुरचे गए एग्रीगेट को साथ के साथ रिसाइक्लिंग कर उसका उपयोग भी किया जा सकता है। इससे गड्ढ़ों को भरने में होने वाले व्यय में भी कमी आयेगी। नगरायुक्त संजय चौहान ने उक्त रिपेयरिंग मशीन द्वारा दिन-प्रतिदिन की जाने वाली मरम्मत का विवरण एक रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम व स्मार्ट सिटी के जरिये शहर में उच्चगुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण किया गया है ताकि शहर का समग्र विकास हो सके।

# हाईस्कूल और इंटर के होनहारों को प्रशस्ति पत्र और राशि देकर सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता




**महराजगंज।** दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले माध्यमिक शिक्षा परिषद के परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक जिलाधिकारी अनुनय झा और मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय द्वारा प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यस्तर व जनपदस्तर पर उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

राज्यस्तर पर हाईस्कूल की निधि यादव पुत्री संजय कुमार यादव को एक लाख का डेमो चेक, टैबलेट और मेडल जिलाधिकारी द्वारा भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इंटर के 11 विद्यार्थियों को 01 लाख का डेमो चेक, टैबलेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों में गोल्डी यादव, मुस्कान कुशवाहा, पीहू जायसवाल, अनुप्रिया चौधरी, नेहा चौधरी, आचंल कुशवाहा, मजीदुन, संजना कसौधन, मो. सरफराज, पुष्पा, धनंजय कुशवाहा शामिल थे। इनके अतिरिक्त जनपदस्तरीय रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने वाले 10 छात्र छात्राओं को 21 हजार धनराशि के डेमो चेक, टैबलेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान आपके परिश्रम का परिणाम है। आगे भी आप लोग इसी प्रकार परिश्रम कर अनेक उपलब्धियों को प्राप्त करें और परिवार व जनपद का नाम रोशन करें। हम सब लोग यही आशा करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए कभी परिश्रम से डरें। जिलाधिकारी ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, डीआईओएस अमरनाथ राय सहित अभिभावक व मेधावी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कच्ची दीवार ढही, 11 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी मेहदिया मजरे टिकरहुवा गांव में शनिवार की भोर सुबह बारिश के चलते एक बेवा महिला की कच्ची दीवार गिर जाने से मलबे में दबकर उसकी 11 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासनी बेवा महिला मंजू पत्नी स्व कृष्ण कुमार की 11 वर्षीय पुत्री रूबी अपने परिजन के साथ टीन शेड के नीचे सोई हुई थी शनिवार की सुबह बारिश के चलते अचानक पुरानी कच्ची दीवाल भरभराकर ढह गई और किशोरी मलबे के नीचे दब गई। मां की चीख पुकार के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबे को हटाकर किशोरी को बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देरी हो चुकी थी रूबी जिंदगी से जंग हार चुकी थी।


## पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में केन्द्र सरकार द्वारा नव निर्मित आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 का प्रशिक्षण दिनांक 26 जून से 30.जून तक प्रतिदिन पुलिस लाइन सभागार में कराया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामबली तथा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक नित्या गोस्वामी द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में उपस्थित पुलिस कर्मियों को 03 नए कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब 01 जुलाई 2024 से इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोजीजर कोड की जगह भारतीय की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगा। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगायी जाने वाली धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा बताया गया कि यह नए कानून दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक कदम है।

## सफलता का कोई नहीं है शॉर्टकट, कठिन मेहनत एवं लगन से प्राप्त की जा सकती है सफलता



अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले मेधावियों के उत्साहवर्धन एवं सम्मान के लिए जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान स्थानीय विधायक, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक गैंसड़ी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर हाइस्कूल / इंटरमीडिएट में जनपद में टॉप करने वाले मेधावियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन सुना। कार्यक्रम में हाइस्कूल में टॉप करने वाले 12 मेधावी छात्र/छात्राओं इंटरमीडिएट में टॉप करने वाले 15 मेधावी छात्र/ छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम एवं जनप्रतिनिधियों ने सभी मेधावियों को 21 हजार का चेक, टैबलेट सौंपा। चेक एवं टैबलेट पाकर सभी मेधावियों के चेहरे खुशी से झूम उठें। इस अवसर पर डीएम ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं है। कठिन मेहनत एवं लगन से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। सभी मेधावी ऐसे ही कड़ी मेहनत करते रहे एवं भविष्य में मनचाहे क्षेत्र में सफलता प्राप्त करे। सरकार द्वारा मेधावियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# योग केंद्र का स्थापना दिवस व जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** जैदपुर रॉड पल्हरी नहर पर स्थित शिव मंदिर परिसर में संचालित कपिल मुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र का स्थापना दिवस एवं योग साधना केंद्र के सेवादार का 52वां जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नियमित योगाभ्यास में शामिल होने वाले काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने योग एवं साधना केंद्र की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- कहीं बचपन संवरता है,कहीं यौवन निखरता है। कहीं इस योग को साधे कोई योगी विचरता है। बनाने योग का मंदिर कपिल मुनि ध्यान का स्थल, ऋषि योगेश्वर स्वयं बनकर वह ईश्वर खुद उतरता है। ठीक ऐसी ही कृपा तत्कालीन जिलाधिकारी योगेश्वर राम मिश्रा के रुप मे इस जनपद को मिली जिसकी दूरदर्शिता थी जो इस केंद्र का निर्माण कराकर 21 जून 2015 को इस केंद्र के योग साधकों को समर्पित की उनके इस पुनीत कार्य के लिए जनपद उनका आभारी है,जहां पर तब से अब तक प्रख्यात योगाचार्य डा शशि कुमार अवस्थी, (योग,आयुर्वेद एवं दर्शन आचार्य) के द्वारा नियमित एवं निःशुल्क योग शिक्षा जन सामान्य को दी जा रही है। आज हम सभी इसके संस्थापक के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वहीं श्री अवस्थी के बाल सखा, रत्नेश कुमार जो कि विगत कई वर्षो से इस केंद्र से जुड़कर वृक्षारोपण, वृद्धावस्था सम्मान समारोह,आदि सामाजिक कार्यों को करके * इस योग केंद्र को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए कृतसंकल्प है। हर दिन साधना के लिए आने वाले सभी योगाभ्यासियों को कोई असुविधा न् हो साथ ही योग साधना समाप्ति के उपरांत दिव्य पेय को बनाकर पिलाना आदि की व्यवस्था देख रहे रामसेवक को उनके 52वें जन्मोत्सव पर बधाई दी गई, कार्यक्रम में साधना केंद्र के वरिष्ठ व संस्थापक सदस्य बंशराज वर्मा, हनोमान यादव का योगदान सराहनीय रहा। वयोवृद्ध बद्री प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और मंदिर के सेवादार रामसेवक को स्वस्थ्य, दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा, डॉ राम समुझ वर्मा, जग्गन नाथ तिवारी, बृजेश मिश्रा, राम लोटन शुक्ला, शुशील कुमार, दिलीप वर्मा नींबू लाल गुप्ता, रामानंद वर्मा, रत्नेश कुमार ,दिनेश मौर्य, संतोष वर्मा, रामअभिलाख यादव सहित तमाम लोगों ने बधाई दी।

सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-12 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 30 जून 2024
23 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### डीबीटी से धनराशि अंतरण प्रक्रिया का सीएम योगी ने किया शुभारंभ

# मेधावियों के नाम होगी सड़क : योगी

**नसीहत**

- 170 मेधावियों को सीएम योगी ने किया सम्मानित
- स्कूल ड्रेस के लिए 88 लाख अभिभावकों के खातों में भेजे 1,056 करोड़ रुपये



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावियों को सम्मानित करने के दौरान बेटियों की सफलता को रेखांकित कर अभिभावकों को बड़ा संदेश भी दिया।

कहा, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल 170 मेधावियों में 58 छात्र और 112 छात्राएं हैं। यह सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी है और उन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा अभिभावक बेटे का ज्यादा ध्यान देते हैं। बेटा-बेटी में कभी फर्क न करें और दोनों का समान रूप से आगे बढ़ाएं। योगी ने 170 मेधावियों को प्रमाणपत्र, मेडल, टैबलेट व एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। योगी ने एक शिक्षक की तरह मेधावियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए परिश्रम का कोई विकल्प न होने का सिद्धांत भी समझाया। कहा, शॉर्टकट से कोई लंबे समय तक सफल नहीं हो सकता। यह सफलता नई मंजिल तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगी। सफलता बताती है कि आप सही राह पर चल रहे हैं। योगी ने लोकभवन में आयोजित समारोह में इससे पूर्व ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग खरीद के लिए प्रति छात्र 1200 रुपए की धनराशि अभिभावक के खाते में डीबीटी से अंतरण प्रक्रिया शुभारंभ भी किया। 88 लाख विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में 1,056 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की गई। योगी ने 15 जुलाई तक शत प्रतिशत बच्चों को स्कूल चलो अभियान से जोड़ने व उनके अभिभावकों के खाते में 1200 रुपये की राशि भेजने का निर्देश भी दिया।

### सीएमएस के छात्रों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'शिक्षक स्वागत समारोह' का उद्घाटन आज सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने किया जबकि लखनऊ के जिलाधिकारी श्री सूर्यपाल गंगवार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में समाज एवं भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए सौभाग्य की बात है। आज मैं शिक्षा जगत के युगपुरुष डा. जगदीश गाँधी जी को हार्दिक श्रद्धान्जलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने समाजिक उत्थान एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। डा. जगदीश गाँधी जी ने स्वयं अभावों में रहकर लाखों बच्चों के भविष्य को संवारा। मुझे विश्वास है कि सी.एम.एस. सदैव डा. जगदीश गाँधी जी के विचारों पर चलकर देश व समाज की सेवा करता रहेगा।

# जजों की तुलना भगवान से करना सही नहीं : चंद्रचूड़

- कोर्ट में बैठे जज खुद को भगवान न समझें
- जजों का काम लोगों की सेवा करना है



**कोलकाता।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जजों की तुलना भगवान से करने की परंपरा खतरनाक है, क्योंकि जजों की जिम्मेदारी आम लोगों के हित में काम करने की है।

कोलकाता में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, अक्सर हमें आनर या लार्डशिप या लेडीशिप कहकर संबोधित किया जाता है। जब लोग अदालत को न्याय का मंदिर बताते हैं तो इसमें एक बड़ा खतरा है। बड़ा खतरा है कि हम खुद को उन मंदिरों में बैठे भगवान मान बैठें। सीजेआई ने कहा कि जब उनसे कहा जाता है कि अदालत न्याय का मंदिर होता है तो वह कुछ बोल नहीं पाते हैं, क्योंकि मंदिर का मतलब है कि जज भगवान की जगह हैं। बल्कि मैं कहना चाहूंगा कि जजों का काम लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि जब आप खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखेंगे जिनका काम लोगों की सेवा करना है तो आपके अंदर दूसरे के प्रति संवेदना और पूर्वाग्रह मुक्त न्याय करने का भाव पैदा होगा। उन्होंने कहा कि किसी क्रिमिनल केस में भी सजा सुनाते समय जज संवेदना के साथ ऐसा करते हैं क्योंकि अंततः किसी इंसान को सजा सुनाई जा रही है।

सीजेआई ने कहा, इसलिए मेरा मानना है कि संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं महत्वपूर्ण हैं- न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के जजों के लिए बल्कि जिला स्तर के जजों के लिए भी, क्योंकि न्यायपालिका के साथ आम लोगों का पहला संपर्क जिले की न्याय व्यवस्था के साथ ही शुरू होता है। उन्होंने न्यायपालिका के कामकाज में टेक्नोलाजी के महत्व पर भी जोर दिया। उनके अनुसार, आम लोगों द्वारा फैसले तक पहुंच और इसे समझने में भाषा सबसे बड़ी बाधा है।

# लद्दाख में नदी में फंसा टैंक, 5 जवानों की मौत

**हादसा**

- एक्सरसाइज से लौट रहे थे जवान
- रात एक बजे नदी में पानी बढ़ने से हादसा हुआ



**लद्दाख।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में टैंक से श्योक नदी पार करने के अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में जेसीओ सहित पांच जवान की जान चली गई। यह दुर्घटना रात एक बजे के करीब चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुई। नदी में अचानक आई बाढ़ के चलते यह हादसा हुआ। रक्षा प्रवक्ता पीएस सिंधु अनुसार तथ्यों की जांच चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से बाढ़ आ गई। देखते ही देखते नदी के बढ़ते जलस्तर ने आसपास की जगह को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। टैंक भी तेजी के साथ तेज बहाव की चपेट में आने लगा। सेना के जवानों की कड़ी कोशिश के बाद भी टैंक से नियंत्रण कम होता गया। ऐसे में तेज बहाव का पानी सेना के पांच जवानों और टैंक को बहा कर ले गया। हादसे की जानकारी मिलते ही तुरंत सेना की अन्य टीमें मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बाढ़ के पानी के बीच बचाव कार्य चलाना चुनौतियों से भरा था। लेकिन फिर भी जवान अपने साथियो को बचाने के लिए प्रयास करते रहे, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। शनिवार दोपहर अधिकारियों ने जानकारी दी कि टैंक में सवार जेसीओ सहित पांच बहादुर जवानों ने इस हादसे में अपनी जान गंवा दी है।

# केजरीवाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

### सीबीआई की अर्जी मंजूर, 21 मार्च को गिरफ्तार हुए थे अरविंद केजरीवाल

**शराब घोटाला**

- गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई मामले में शनिवार को राहत नहीं मिली और कोर्ट ने उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तीन दिन की रिमांड खत्म होने के बाद सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट की अवकाश न्यायाधीश सुनैना शर्मा के समक्ष पेश किया था।

सीबीआई ने केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की थी। इससे पहले, दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें दी। बाद में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें, बुधवार को सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट में पेश करने? के बाद गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा था, जो शनिवार को खत्म हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) आज प्रदर्शन कर रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल को मार्च 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी थी। सुनवाई की आखिरी तारीख पर उन्होंने (सीबीआई ने) कहा था कि उन्होंने जनवरी में साक्ष्य एकत्र किए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अप्रैल में मंजूरी प्राप्त कर ली थी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने मुझे पहले गिरफ्तार नहीं किया था क्योंकि वे सुप्रीम कोर्ट तक नहीं पहुंचना चाहते थे। ÷उन्होंने (सीबीआई) सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक बयान भी दिया है कि वे 3 जुलाई तक जांच पूरी कर लेंगे...मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि कृपया आईओ (जांच अधिकारी) से कहें कि वे जो भी कह रहे हैं, महामहिम उन्हें पकड़ लें। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि दिल्ली में जब कोरोना महामारी अपनी चरम पर थी और लोग मर रहे थे, तब साउथ लॉबी के सदस्य शराब नीति तैयार करने के लिए दिल्ली आए थे। उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही बुलाया गया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष जज अमिताभ रावत की अदालत में केजरीवाल की रिमांड की मांग पर सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि दिल्ली में मौतें हो रही थीं।

### कर्नाटक सरकार में फिर उठी तीन डिप्टी सीएम बनाने की मांग

**बंगलूरू।** कर्नाटक सरकार और कांग्रेस पार्टी में घमासान मचा हुआ है। वहां मुख्यमंत्री बदलने की मांग तेज हो गई है। यहां तक कि कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग उठ रही है। बता दें कि राज्य में इस वक्त मुख्यमंत्री सिद्धरमैया है, वहीं उपमुख्यमंत्री पद पर डीके शिवकुमार काम कर रहे हैं। दो-दो मंत्रियों के बावजूद तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग गूंजने लगी है। डिप्टी सीएम के मांग के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से इस मुद्दे पर सार्वजनिक बयान नहीं देने को कहा। साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। शिवकुमार ने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुंह बंद रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में इस मामले में कुछ भी बोलने से बचें।

# मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही भाजपा: सोरेन

- झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक में गरजे सोरेन
- षड़यंत्र रचने वालों को देंगे करारा जवाब



**नई दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने आज रांची में जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, कि हम उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देंगे जिन्होंने हमारे खिलाफ साजिश रची। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है।

रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि भाजपा को भारत के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने में महारत हासिल है। देश के जनता ने भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबक सिखाया है। भाजपा अब झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का सपना देख रही है। लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड से भगवा पार्टी खत्म हो जाएगी। वहीं इस बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवास के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते गुए कहा कि, भाजपा वाले हमें गुमराह करने और हरसंभव तरीके से हमें हमारे रास्ते से भटकाने की कोशिश करेंगे। विधानसभा चुनावों में हमने उन्हें दिखा दिया है कि हम क्या करने में सक्षम हैं। अगले विधानसभा चुनावों के लिए उनका सपना कुछ और नहीं बल्कि सिर्फ मुंगेरी लाल के हसीन सपना हैं।

# जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय झा

- पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में अहम फैसला
- विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के सभी शीर्ष नेता मौजूद रहे। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।

दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव खुद सीएम नीतीश कुमार ने पेश किया। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने संजय झा को बधाई दी। बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर इलाके के अरड़िया गांव के रहने वाले हैं। संजय झा जदयू में आने से पहले भाजपा में थे। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले संजय झा मिथिलांचल में जदयू के बड़े नेता माने जाते हैं। संजय झा राज्यसभा सांसद और पार्टी के संसदीय दल के नेता हैं। संजय झा ने साल 2014 में दरभंगा से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह एमएलसी बने और 2014 से 2024 तक बिहार सरकार में मंत्री रहे। बैठक के बाद जदयू नेता अशोक चौधरी ने बताया कि संगठन के साथ ही भाजपा के साथ गठबंधन की जिम्मेदारी संजय झा को सौंपी गई है।

संजय झा के भाजपा के साथ अच्छे संबंध हैं, ऐसे में पार्टी की कोशिश है कि संजय झा के जरिए भाजपा से विधानसभा चुनाव में बेहतर शर्तों के साथ समझौता किया जाए। संजय झा से पहले जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, नीतीश कुमार, आरसीपी सिंह, ललन सिंह जदयू अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए जदयू की इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जदयू की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, बिहार को विशेष पैकेज देने या विशेष राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीट पेपर मामले में हुई अनियमितता की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई। गौरतलब है कि दिल्ली दौरे पर सीएम नीतीश कुमार बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सहयोगी पार्टी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात भी कर सकते हैं।


# दिल्ली में मौत लेकर आई बारिश, नौ लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बारिश मौत लेकर आई है। शुक्रवार से शनिवार तक बारिश के कारण बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो चुकी है। दो बच्चों की मौत आज सिरसपुर अंडरपास में हुई है। वो बारिश की वजह से हुए जलभराव में नहाने गए थे और डूब गए। पुलिस के अनुसार, पुलिस को घटना के बारे में सूचना दोपहर ढाई मिली थी। एक बच्चे की पहचान गोपाल पुत्र धर्मेंद्र निवासी सिरसपुर के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्चों की मौत डूबने से हुई है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि पानी में करंट बहने से बच्चों की मौत हुई है। मरने वाले दोनों बच्चों की उम्र 11 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बच्चों का शव पानी से निकाला है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आगे की जांच पुलिस कर रही है। आज ही इस अंडरपास में जलभराव और बच्चों के नहाने की खबर जागरण ने बाहरी दिल्ली के पुलाउट सचित्र प्रमुखता से प्रकाशित की है।

# सरकार ने एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम भत्ते को मंजूरी दी

- सभी 16,000 कर्मियों को भत्ते का लाभ मिलेगा : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बचावकर्मियों द्वारा पूरे किये जाने वाले कठिन अभियानों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। उन्होंने एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय अभियान दल का स्वागत करते हुए यह बात कही। इस दल ने हाल में हिमाचल प्रदेश में 21,625 फुट ऊंची मणिरंग चोटी पर चढ़ाई की थी। मणिरंग चोटी हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और स्पीति जिलों की सीमा पर स्थित है। शाह ने 'विजय' नामक अभियान दल का स्वागत करने के बाद कहा, 'सरकार ने कल ही एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। यह लंबे समय से लंबित मांग थी... बल के सभी 16,000 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा।'' अधिकारियों ने बताया कि यह भत्ता वेतन के अतिरिक्त दिया जाएगा। शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और एनडीआरएफ जैसे विशेष संगठनों के लिए खेलों को जरूरी बनाने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि इन सुरक्षा बलों की कम से कम एक टीम अनिवार्य रूप से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेगी। मंत्री ने कहा, ''खुफिया ब्यूरो के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है और एक खाका तैयार किया गया है। हम जल्द ही एक नया मॉडल पेश करेंगे। उनकी सरकार ने एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बलों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए 2004-14 के दौरान 66,000 करोड़ रुपये की तुलना में 2014-24 के दौरान दो लाख करोड़ रुपये आवंटित करके अधिक धनराशि आवंटित की है। उन्होंने सफल अभियान के लिए एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कवायद से बल की क्षमता और मनोबल बढ़ेगा तथा आपदाओं और दुर्घटनाओं के दौरान वे बेहतर कार्य कर सकेंगे।

### राजकोट एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत ढही

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर आज दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, छत पर भरे पानी को बाहर निकालने के लिए रखरखाव कार्य के दौरान यह ढह गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। गौरतलब है, एक दिन पहले ही दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी। हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गई।

**अभियान** पासपोर्ट जारी करने के बदले अनुचित लाभ उठा रहे थे अधिकारी

# मुंबई में पासपोर्ट ऑफिसों में सीबीआई की बड़ी छापेमारी

**स्कैम**

- 14 अधिकारियों सहित 18 लोगों पर एफआईआर दर्ज
- परेल और पीएसके, मलाड में संयुक्त छापेमारी




**मुंबई।** सीबीआई ने मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य कई स्थानों पर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) में भ्रष्टाचार की जांच के लिए छापेमारी की है। छापेमारी के बाद सीबीआई ने 32 संदिग्धों के खिलाफ 12 मामले दर्ज किए हैं। पासपोर्ट कार्यालयों से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए यह हाल के समय का सबसे बड़ा अभियान बताया जा रहा है।

जिन लोगों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए हैं, उनमें पासपोर्ट सहायक के रूप में तैनात 14 अधिकारी, पीएसके में तैनात वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक और 18 पासपोर्ट सुविधा एजेंट और दलाल शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मुंबई और नासिक में 33 स्थानों पर तलाशी ली गई है। मुंबई में पीएसके, लोअर परेल और मलाड में छापे मारे गए, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) के मुंबई कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। सीबीआई ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि ये अधिकारी पासपोर्ट सुविधा एजेंटों के नियमित संपर्क में थे और अपर्याप्त व अधूरे दस्तावेजों के आधार पर या पासपोर्ट आवेदकों के व्यक्तिगत विवरण में हेरफेर कर पासपोर्ट जारी करने के बदले अनुचित लाभ उठा रहे थे।

बुधवार को पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) प्रभाग, विदेश मंत्रालय के सतर्कता अधिकारियों और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय मुंबई के अधिकारियों के साथ पीएसके, परेल और पीएसके, मलाड में संयुक्त छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सीबीआई टीम द्वारा संदिग्ध अधिकारियों के कार्यालय डेस्क और मोबाइल फोन की जांच की गई। सीबीआई ने कहा है कि संदिग्ध लोक सेवकों के दस्तावेजों, इंटरनेट मीडिया चैट और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आईडी गतिविधियों के विश्लेषण से पीएसके के कुछ अधिकारियों द्वारा विभिन्न संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। जो अनुचित लाभ के बदले में जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने का संकेत देते हैं। पता चला है कि पासपोर्ट सेवा केंद्रों के संदिग्ध अधिकारी विभिन्न पासपोर्ट सुविधा एजेंटों और दलालों के साथ मिलीभगत कर सीधे अपने बैंक खातों में या अपने निकट परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में कई लाख रुपये तक का भारी अनुचित लाभ कमा रहे थे।

# समाज के मार्गदर्शक के रूप में अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उ. प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ष-2024 मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में जनपद के 20 विद्यार्थियों को टैबलेट, सम्मान राशि चेक पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री, अध्यक्ष नगर पालिका संगीता गुप्ता, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने उपलब्ध कराकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने सम्मानित हुए छात्र-छात्राओं को बधाई, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर अन्य छात्र भी अपने को साबित कर जनपद और अपने परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा का सबसे ज्यादा महत्व है, बिना शिक्षा के बच्चों का विकास नहीं हो सकता, बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में उन्नति करें, बेहतर वैज्ञानिक, इंजीनियर, शिक्षक, चिकित्सक बन समाज की सेवा करें। उन्होने कहा कि होनहार छात्र-छात्राओं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर अपने परिवार, जनपद का नाम रोशन किया है, को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, इन छात्र-छात्राओं को इस मुकाम को हासिल करने में इनके शिक्षकों, परिजनों, विद्यालय स्टाफ ने भी कड़ी मेहनत कर इन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया इसके लिए सभी शिक्षक, अभिभावक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यही बच्चे भारत का भविष्य है और इन्हीं के कंधों पर इस देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने की जिम्मेदारी है, इनमें से अपनी योग्यता, दक्षता के बल पर कई बच्चे प्रशासनिक, चिकित्सा, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रक्षा, कृषि आदि के क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने



**शिक्षकों की योग्यता, अनुभव का लाभ छात्रों को मिले : जिलाधिकारी**

उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2024 में राज्य, जनपद स्तर की मैरिट सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरतंर प्रदेश को अग्रणी दिशा बढ़ाने का कार्य कर रही है, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा पर प्रदेश सरकार का विशेष ध्यान है, प्रदेश की बेटियों ने हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन करने का कार्य किया है, माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में भी इस बार जनपद की बेटियों ने बेटों की तुलना में अधिक सफलता हासिल की है। शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण, अहम हिस्सा है, योग्यता, दक्षता-क्षमता का कभी बंटवारा नहीं होता, प्रदेश सरकार योग्यता को पूरा सम्मान देने का कार्य कर रही है।

## नवागत जिलाधिकारी को अंग वस्त्र पहना किया अभिनंदन



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका समाधान कराये जाने की मांग की। पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मण्डल से जुडे व्यापारी प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा व प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता ने जिलाधिकारी को बुकें भेंट कर सम्मानित किया। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, भानु भारती, हरीश ढिंगडा, डॉक्टर अभिषेक, अनुज प्रधान, विजेंद्र गुप्ता ने जिलाधिकारी को अंग वस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने जिलाधिकारी को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने व्यापारी प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव आशीष वर्मा, अखिल प्रसाद, राजकुमार मित्तल, बेहट नगर अध्यक्ष पंकज धीमान, सुदीप जैन, संदीप कुमार, विनोद बब्बर, राकेश वर्मा, हैदर अली, संजय कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## मॉब लिचिंग की घटनाओं के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के बैनर तले कांग्रेसजनों ने मॉब लिचिंग के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने व मॉब लिचिंग के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाये जाने की मांग की।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव सोनू पठान के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में शामली और सहारनपुर जिले के विधानसभा गंगोह के लखनौती गांव और शामली के मानत गांव के रहने वाले तीन लड़कों की निर्मम तरीके से मोब लिंचिंग कर हत्या किए जाने के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सोनू पठान, जिला अध्यक्ष गुलशेर अल्वी और महानगर अध्यक्ष आरीश सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो देश के धर्म निरपेक्षता के खिलाफ है। उन्होंने मॉब लिचिंग करने वालों को फांसी की सजा दिलाने व मॉब लिचिंग के खिलाफ कठोर से कठोर कानून बनाये जाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली गुर्जर, प्रवीण चौधरी, अशोक सैनी, चंद्रजीत सिंह निक्कू, नितिन शर्मा, अक्षय चौधरी, फरमान खान, जमशेद अलीी, फैजान मंसूरी, शाकिर अली, सुहेल मलिक, यासमीन सिद्दीकी, सीमा सिद्दीकी, असगर आलम, जमशेद, नसीब खान, मधु सहगल, मनीष सहगल, शहनाज आदि मौजूद रहे।

## युवक को जेल भेजा

**गोंडा।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के जटमलपुर निवासी युवक को पांच बोटा जंगली सागौन एक पिकप पर लदी थी वनदरोगा ने पकड़ा मनकापुर कोतवाली मे वनाधिनियम तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है। सीओ मनकापुर राजेश सिंह ने दी जानकारी। मिली जानकारी अनुसार वनरक्षक योगेश मिश्रा ने मनकापुर कोतवाली मे तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि सोनू मौर्या अपने साथियो साथ जंगल मे प्रतिबंधित सागौन पेड काट रहा था जिसे मैने पकड लिया इस तहरीर आधार पय मनकापुर पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कारवाई कर जेल भेज दिया गया है इस घटना के बाबत क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर आधार पर भारतीय वन अधीनियम से संबंधित आरोपी युवक सोनू मौर्या को गिरफ्तार किया गया है उसके पास से एक अदद पिकप और पांच बोटा सागौन पिकप पर लदी बरामद हुआ है। वनविभाग के वनदरोगा आज्ञाराम मौर्या ने अपनी टीम के साथ जंगल के इस आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## नगरायुक्त ने मोहर्रम जुलूस मार्ग का पैदल किया निरीक्षण

### छोटा इमामबाड़ा व करबला मैदान का भी लिया जायजा, दो-तीन दिन में सभी व्यवस्थाएं हो जायेगी दुरुस्त

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने शनिवार की सुबह छोटा इमामबाड़ा और करबला मैदान सहित मोहर्रम जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए ताकि मोहर्रम पर्व को निर्विघ्न रुप से सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान इमामबाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। नगरायुक्त संजय चौहान आज सुबह निगम अधिकारियों के साथ छोटा इमामबाड़ा पहुंचे और वहां मौजूद इमामबाड़ा के प्रबंधक दानिश आबदी से मोहर्रम जुलूस के सम्बंध में जानकारी ली।



वहां इमामबाड़ा प्रबंधक व अन्य पदाधिकारियों के साथ नगरायुक्त ने बाजार नखासा, सर्राफा, हलवाई हट्टा, बाजार दीनानाथ, बड़तला, भगतसिंह चौक, बाजार मोरगंज व दालमण्डी पुल तक पूरे जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने करबला मैदान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान छोटा इमामबाड़े के प्रबंधक दानिश आबदी के अलावा कमेटी के शादाब आबदी, तालिब जैदी व नाजिश आदि भी मौजूद रहे। नगरायुक्त ने नखासा व सर्राफा बाजार में अनेक स्थानों को इंगित करते हुए उनकी तत्काल सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मौहल्ला बड़तला में डाली जा रही अंडर केबल कार्य के कारण टूटी सड़क को तीन दिन के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिए। रुट पर लटक रहे बैनरों को हटवाने व तारों को ठीक कराने के लिए भी कहा। जुलूस के रुट बाजार मोरगंज में जयदीप जैन ने बिजली के एक जर्जर पोल की ओर ध्यान दिलाया और हादसा होने की आशंका जताते हुए उसे हटवाने तथा दिनेश बल्ली ने भगतसिंह चौक पर स्मार्ट सिटी के तहत किये गए कार्य के दौरान तोड़े गए डिवाइडर व सडक किनारे गड्ढे ठीक कराने का अनुरोध किया। नगरायुक्त ने मोरगंज के व्यापारियों एवं इमामबाड़े के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि पूरे जुलूस मार्ग पर व्यवस्था को लेकर आज जो भी चीजे सामने आयी है दो-तीन दिन के भीतर उन्हें ठीक करा दिया जायेगा। नगरायुक्त ने बेहट रोड स्थित करबला मैदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान की साफ-सफाई कराने तथा प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण व महाप्रबंधक जलकल बी के सिंह, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने हत्या के प्रयास में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद किए है। विदित हो कि 25 जून को वादी मुमताज पुत्र फजरअली निवासी ग्राम समसपुर थाना सरसावा ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोपी गय्यूर पुत्र कय्यूम, मसरूफपुत्र कय्यूम, प्रवेज पुत्र इदरीस व कय्यूम पुत्र फय्याज निवासीगण ग्राम समसपुर थाना सरसावा व 5-6 अन्य नाम पता अज्ञात द्वारा एक राय होकर लाठी डन्डे व तमंचे से लैस होकर वादी के पुत्र साहिब व भतीजे मोबिन के साथ गाली गलोज करते हुये मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मुकदमा पंजीकृत कराया था। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रवेज पुत्र इदरीश निवासी ग्राम समसपुर थाना सरसावा को कुतुबपुर रोड से ढिक्का घाट की तरफसे 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि परिवार की आपस में वर्चस्व की लडाई रहती है।

## संचारी रोगों के रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने अंतर्विभागीय समन्वय बैठक की



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राही ब्लॉक सभागार में विभागीय/अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कर संचारी रोगों के रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा काल में संचारी रोगों के फैलने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। संचारी रोगों में मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार,लिंफेटिक फाइलेरियासिस आदि शामिल है। यह सभी संचारी रोग अधिकांशतः पशुओं से मनुष्यों में फैलते हैं। इस संबंध में पशुपालन विभाग व स्वास्थ्य विभाग मिल कर जरूरी उपाय करें। अन्य विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चला कर लोगो को जागरूक करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विकास खंडो में इस बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं का समय से टीकाकरण कराया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी वेक्टर जनित बीमारियों के विषय में जागरूक किया जाए। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सभी विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट में वांछित हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोली लगने से घायल

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** कोतवाली नगर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट में वांछित एक शातिर बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध शस्त्र व बिना नम्बर प्लेट की एक बाईक बरामद हुयी है।

कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा, जोनसन कुमार नुमाईश कैम्प पर चैकिंग कर रहे थे कि तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक शातिर ब बदमाश राधा विहार की तरफसे नुमाइश कैम्प की तरफ ही आ रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति अलसी के बाग के पास बाईक से आता दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम ने टार्च की रोशनी से रूकने का इशारा किया, तो बदमाश ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल बदमाश की पहचान फतेहयाब पुत्र मेहताब निवासी लक्खी गेट के पास नखासा बाजार थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई। जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र के मुताबिक बदमाश फतेहयाब 16 जून को सुपर स्टार गैस एजेन्सी के पास महिला से सोने के कुण्डल लूट का घटना का वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त थाना कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है जिसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट आदि के मुकदमें दर्ज है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश फतेहयाब ने बताया कि उसने 16 जून को सुबह के समय चकरौता रोड पर एक महिला से अपने साथी दानिश पुत्र जमीर अहमद निवासी बडी मस्जिद नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर के साथ मिलकर सुपर स्टार गैस एजेन्सी के पास एक महिला से कुन्डल लूटने की घटना की थी जिसके पश्चात 19 जून की रात्रि में ढमोला नदी की पटरी पर पुलिस मुठभेड़ में उसका साथी दानिश पकडा गया था तथा वह मौके से फरार हो गया था। आज वह अलसी के बाग के पास से जा रहा था कि तभी रास्ते में पुलिस टीम को चैंकिंग करते देख उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने का प्रयास करने लगा।

## माब लिंचिंग के विरोध में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** छत्तीसगढ़ में रायपुर और महासमुन्द की सीमा पर 07 जून को हुई मॉब लिंचिंग के विरोध में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के लोगों ने राष्टपति को ज्ञापन भेजकर मामले में ठोस कदम उठाये जाने की मांग किया है। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अशफाक आलम कुरैशी के आवाह्न पर कलेक्ट्रट पहुचे पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 07 जून को छत्तीसगढ़ में रायपुर और महासमुन्द की सीमा पर 07 जून को हुई मॉब लिंचिंग की घटना देश की संवैधानिक व्यवस्था पर कलंक है। भीड़ ने योजनाबद्ध तरीके से रायपुर से मवेशी लेकर आ रहे सहारनपुर निवासी सद्दाम कुरैशी (23), गुड्डू खान (35) और चांद मियां खान (23) पर हमला कर उन्हे बुरी तरह मारापीटा था। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, मामले के एकमात्र गवाह सद्दाम ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में अभी कुछ ही की गिरफ्तारी हो पाई है, जिसमे भाजयुमो के पदाधिकारी भी हैं। बाकी आरोपियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और वे आजाद घूम रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि वारदात में शामिल सभी आरोपी गिरफ्तार किये जायें, दर्ज मुकदमे में धारा 302 जोड़े जाने, रायपुर के एसपी, डीएम को तत्काल हटाये जाने तथा मरने वाले व्यक्तियों के परिवारों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव डा. वाहिद सिद्धीक, मो. अशरफ अली, अलीम अख्तर तथा अशोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



## तेज बरसात होने से गली कूचों में भरा पानी

**फर्रुखाबाद।** सुबह से दोपहर तक तेज हवा के साथ बरसात होने से गलियों में पानी भर जाने से राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा द्य रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले लोगों को नाली का गंदा पानी आने पर काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है, कई बार शिकायतों के बावजूद भी नाली को ठीक नहीं कराया गया है। बरसात के दिनों में रेलवे लाइन और नाले के ऊपर पानी बहता है जिससे भोलेपुर में रहने वाले नागरिकों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम नबा हनीफ था। मैंने अपना नाम फातिमा हनीफ रख लिया है, अब हमें इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**फातिमा हनीफ**
**509, इडेन इन्क्लेव**
**कुर्सी रोड, गुडम्बा लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी अख्तर मेंहदी पुत्र श्री मेंहदी हसन, निवासी 546/389, सरफराजगंज, निकट वाइड हाउस हरदोई रोड का नाम कुछ कागजात में सैय्यद अख्तर मेंहदी गलती से लिख गया है, सही नाम अख्तर मेहदी Akhter Mehndi है। शपथी की जन्मतिथि कुछ कागजात में दिनांक 01-01-1966 गलती से लिख गयी है जबकि शपथी की सही जन्मतिथि 02-07-1965 है। शपथी का सही नाम अख्तर मेंहदी Akhter Mehndi लिखा और पढ़ा जाए।

**शपथी**
**अख्तर मेंहदी**
**निवासी:-546/389,**
**सरफराजगंज, निकट वाइड हाउस, हरदोई रोड लखनऊ।**

**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

प0सं0- 75/एलेएस/ईई-7 दिनांक- 29.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक-06-07-2024 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-06-07-2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत कुल 11 स्थानों पर 1.5 एच0पी0 समरसेबिल पम्प मरम्मत का कार्य। | 300.00 | 6000.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-7**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

## जिलाधिकारी की उपस्थिति व्यापारियों ने मनाया व्यापारी कल्याण दिवस



अवधनामा संवाददाता

**चंदौसी (सम्भल)।** शनिवार को चंदौसी के ए एम वर्ल्ड स्कूल में भामाशाह जयंती व्यापारिक कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि दानवीर भामाशाह व्यापारियों के मसीहा है। उनसे हम लोग सीख लेते हैं कि जब देश को जरूरत होती है, व्यापारी समाज बढ़-चढ़कर सरकार को आर्थिक सहयोग करता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा भामाशाह के जीवन पर आधारित एक लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी दस प्रश्नों का सही जवाब देने वाले चार व्यापारियों के नामों की घोषणा जिलाधिकारी महोदय ने स्वय मंच से की जिसमें गौरीशंकर चौधरी, जसपाल सिंह,एवं अरविन्द कुमार अव्वल रहे। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से समय पर जी एस टी जमा करने का आग्रह किया एवं किसी भी नवाचार के लिए किसी भी समय उनसे कोई भी कभी भी मिल सकता है।

इस अवसर पर नबील अहमद जसपाल सिंह जमील उर रहमान मो कासिफ,प्रेम ग्रोवर शाह आलम,संगीता भार्गव एवं जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ममता राजपूत,आयकर अधिकारी लल्लन सिह योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

प0सं0- 72/एलेएस/ईई-7 दिनांक- 29.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक-06-07-2024 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-06-07-2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत 20 स्थानों पर 110 एम0एम0, 90 एम0 एम0, एवं 63 एम0एम0 डाया की पाइप लाइन मरम्मत का कार्य। | 300.00 | 5200.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-7**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम लोक भवन लखनऊ में शनिवार को संपन्न हुआ। जिसका लाइव प्रसारण विकास भवन सभागार में सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा देखा गया। मुख्यमंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं को जूता-मोजा, ड्रेस, स्टेशनरी, बैग क्रय करने के लिए प्रति छात्र 1200 की धनराशि का अंतरण डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर किया गया। सीएम द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के स्कूलों से संबंधित अभिभावकों एवं आम जन की समस्याओं के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1800 889 3277 का शुभारंभ भी किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक, बैग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 की बोर्ड परीक्षा 2024 हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट, मेडल, व 100000 का प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षा 2024 में राज्य स्तर, जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर छात्र-छात्राओं ने राज्य के साथ ही साथ अपने जनपद व संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जीवन में जितनी कठिनाईयां आती हैं उनका जो कड़ी मेहनत करके मुकाबला करते हैं वह निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील किया कि हमें बेटा और बेटियों में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए, आज बेटियां नई ऊंचाइयों को छू रही हैं उनको हमेशा प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा कायाकल्प के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग/माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बेहतर शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास, लैब, डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है सभी स्कूलों में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी द्वारा सांसद एवं विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपत आर0 को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2024 में राज्य स्तर/जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावक व शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ-साथ जनपद का नाम रोशन किया है। बच्चों द्वारा आकांक्षात्मक जनपद में कड़ी मेहनत के बल पर शिक्षकों व अभिभावकों के कुशल मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है। जनपद में अच्छी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, डेस्क आदि की व्यवस्था कराई गई है। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में जहां मरम्मत व नव निर्माण की आवश्यकता है उसके लिए शासन से बजट उपलब्ध कराने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। जनपद सिद्धार्थनगर की तीन छात्राओं द्वारा पीसीएस जे की परीक्षा भी उत्तीर्ण किया है। आप सभी इस ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं आप सभी निरंतर नई ऊंचाइयों को छुए और जनपद सिद्धार्थनगर का नाम रोशन करें सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि आज इस सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर एवं जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन, अभिभावक व उनके विद्यालय के शिक्षक बधाई के पात्र हैं जिनके मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में सांसद, विधायक, शिक्षको, अभिभावकों एवं बच्चों का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर से राज्य स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया किया गया। जनपद स्तर पर 6 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुल 13 छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र चेक और मेडल देकर सम्मानित किया जा रहा है। राज्य स्तर एवं जनपद स्तर पर सर्वोच्च प्राप्त करने वाले छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जनपद स्तर पर अतिथियों द्वारा राज्य स्तर पर सवोच्च अंक प्राप्त करने वाले उजाला हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट में अंशिका चौधरी, अपराजिता, अर्पिता द्विवेदी, अफजालुर्रहमान, श्रेजल कुल 6 छात्र-छात्राओं एवं जनपद स्तर पर सर्वोच्च प्राप्त करने वाले हाईस्कूल में खुशी पाण्डेय, मोहम्मद खालिद, शाम्भवी द्विवेदी, महिमा यादव, मनस्वी मिश्रा, अर्चिता, आलोक कुमार, देवेश त्रिपाठी, अंशिका रौनियार तथा इन्टरमीडिएट में रतन श्रीवास्तव, भव्या सिंह, महिमा चौधरी, शायकी पटेल कुल 13 छात्र-छात्राओं को टैबलेट, मेडल, सम्मान-पत्र एवं प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक दयाशंकर यादव, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज परसाजमाल अभिषेक, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज पंचमोहिनी करुणाकांत, सच्चिदानंद शुक्ला, उमाशंकर, अभिभावक व मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भामाशाह की जयन्ती/व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अतिथियों ने किया मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थी में चेक का वितरण**



**सिद्धार्थनगर।** दानवीर भामाशाह की जयन्ती/व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में शनिवार को अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ।

सांसद जगदंबिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया किया।

जिलाधिकारी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपत आर0 को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया।

दानवीर भामाशाह की जयन्ती/व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दानवीर भामाशाह महाराणा प्रताप के बाल्यकाल के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब महाराणा प्रताप अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए निराश होकर परिवार सहित पहाड़ियों में भटक रहे थे तब भामाशाह ने अपनी सम्पूर्ण धन सम्पदा उन्हें समर्पित कर दी। भामाशाह द्वारा दिल्ली की गद्दी के प्रलोभन को ठुकरा कर मेवाड़ की अस्मिता की रक्षा की थी। भामाशाह का जीवनकाल 52 वर्ष रहा। उदयपुर में उनके सम्मान में समाधि स्थल बना है और 31 दिसम्बर 2000 में उनके सम्मान में 3 रूपये का डाक टिकट जारी किया गया। भामाशाह के योगदान ने न केवल महाराणा प्रताप को संघर्ष जारी रखने का साहस दिया बल्कि मेवाड़ की अस्मिता और सम्मान को भी सुरक्षित रखा। भामाशाह का मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम ,दानवीरता और सेवा के कारण उनका नाम इतिहास में अमर हो गया। इस अवसर पर विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

इस दौरान अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थी अटल बिहारी को वीडियो एण्ड फोटोग्राफी हेतु सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा 10 लाख का चेक, बृजेश गौतम को डी0जे0 वर्क्स हेतु सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा 10 लाख का चेक, मुकेश कुमार विरूवकर्मा को फर्नीचर उद्योग हेतु यूनियन बैंक द्वारा 10 लाख का चेक एवं राजकुमार को फर्नीचर उद्योग हेतु यूनियन बैंक द्वारा 10 लाख का चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त राज्यकर सिद्धार्थ सौरभ बन्धु, उपायुक्त प्रभारी सचल दल रूद्र शेखर राय, राज्य कर अधिकारी प्रवीण कुमार कनौजिया, मधुसूदन दत्त त्रिपाठी, राम मूरत प्रसाद, सदाशिव त्रिपाठी व व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर पंच से मार कर युवक का सिर फोड़ा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मटकापार निवासी युवक मजदूरी करने सहजनवा आ रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर एक दर्जन की संख्या में मनबढ रास्ते में घेर कर जमकर पिटाई कर दिए। और पंच मार कर सिर को फोड दिए। पुलिस ने दो नामजद और 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के मटकापार निवासी अजीत पासवान पुत्र बृजलाल पासवान शनिवार को दिन में सुबह 10.30 बजे सहजनवा मजदूरी करने आ रहा था कि अभी बसिया के पास पहुंचा था कि पुरानी रंजिश को लेकर एक दर्जन की संख्या में मनबढ गोलबंद होकर घेर लिए और हमला करते हुए लाठी डंडे, रॉड से मारा तथा पंच से मारकर सिर फोड़ दिया।

## सांसद ने किया ब्लॉक परिसर में पौधरोपण



**उसका सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक परिसर में शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल ने पौधा रोपण किया। पौधरोपण करते हुए सांसद ने कहा कि पेड़ पौधा हर किसी को लगाना चाहिए पेड़ पौधों की कमी से आक्सीजन की कमी होती जा रही है हर लोगो को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अनीशी पांडेय, सहायक विकास अधिकारी संजय पांडेय, ब्लॉक प्रमुख ललावती चौहान, जिला पंचायत सदस्य इंद्रमणि यादव,ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र शर्मा, अखिलेश यादव, राहुल यादव, संतोष कुमार यादव, सरोज शुक्ला, सुरेश चौहान, सुनील यादव, रामभरोस चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## विदाई सुख दुःख का मिश्रित अनुभव है : सुजीत



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विदाई सुख दुःख का मिश्रित अनुभव है एक तरफ़ साथी कर्मचारी सेवानिवृत्त होकर जा रहा है तो दुःख होता है, परन्तु खुशी इस बात की होती है कि कर्मचारी साथी अपने परिवर्तन बचे दायित्यों को पूरा करेगा। उक्त बातें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल ने कही। वह शनिवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पकड़ी में नया स्वास्थ्य केंद्र मोहनकोला में तैनात सीनियर प्रयोगशाला सहायक जगदीश चन्द्र वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में कही। उन्होने ने कहा कि सरकारी कर्मचारी केवल अपने पदीय दायित्यों से मुक्त होता है अन्य दायित्यों से नही। सेवानिवृत्त साथी को माल्यार्पण, दैनिक उपयोगी बस्तु, धार्मिक पुस्तक, अंगबस्त्र, आदि देकर सम्मानित किया गया। एलए संघ के जिलाध्यक्ष डीएन मणि की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह को रामकरन गुप्ता, राजेश मिश्र, मुकेश कुमार, गणेश शंकर मिश्र, बुद्ध प्रकाश, अरुण कान्त पाण्डेय, विनय मिश्र, राकेश प्रताप सिंह, अछैबर सिंह दिलीप कुमार, प्रेम चन्द्र गौंड, राकेश राम त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता ने किया।

## मंसूरी समाज के मेघावी छात्रों व अधिकारियों का सम्मान समारोह आज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मंसूरी समाज के उत्थान के लिए देशभर में काम करने वाली प्रमुख तंजीम जमीअतुल मंसूर उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा 30 जून 2024 को लाटूश रोड स्थित मेजबान होटल में सुबह 11 बजे से मंसूरी समाज के मेधावी छात्र-छात्रोओ और सामाजिक शख्सियतो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस प्रोगाम के मुख्य अतिथि मोहन लालगंज,लखनऊ के सांसद आर के चौधरी व विशिष्ठ अतिथि पी सी एस अधिकारी नासिर मंसूरी और यू पी एस सी में चयनित भू वैज्ञानिक आइशा नाज मंसूरी होंगे। यह जानकारी देते हुए जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी , उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हाजी रबीउल्लाह उल्लाह मंसूरी,उपाध्यक्ष मुश्ताक मंसूरी ने बताया कि इस प्रोग्राम में मंसूरी समाज के मेघावी छात्र छात्राओं को समेत मंसूरी समाज से आने वाले पी सी एस अधिकारी नासिर मंसूरी और आइशा नाज मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मंसूरी नेताओ ने बताया इस प्रोग्राम में दूसरे समाज के प्रमुख सामाजिक शख्सिय तो को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने ने अपने समाज के तरक्की के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये है।

## युवा प्रेस क्लब बलरामपुर की बैठक संपन्न



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश में पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न व उनकी समस्याओं को लेकर युवा प्रेस क्लब बलरामपुर की बैठक बलरामपुर सदर तहसील मुख्यालय स्थित प्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने भाग लिया बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शर्मा व संचालन वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम मिश्र ने किया बैठक को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने संगठन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारा संगठन कई जिलों में बड़ी अच्छी तरह तेजी से कार्य कर रहा है हम पत्रकारों की समस्याओं के लिए हर संभव लड़ाई लड़ने को तैयार हैं लेकिन पत्रकारों को भी अपने प्रति निष्ठा और सम्मान का ध्यान रखना चाहिए हमें कोई ऐसा आचरण नहीं करना चाहिए जिससे लोग हम पर सवाल उठाएं श्री शर्मा ने कहा कि हम अपने पत्रकार साथियों को किसी भी घटना दुर्घटना में 10000 तक की तत्काल सहायता दुर्घटना बीमा का लभ साथ ही जिला स्तर पर भी बहुत सी सुविधाओं को पत्रकार साथियों को देने के लिए प्रयासरत है जिसका जल्दी परिणाम सामने आ जाएगा। उक्त अवसर पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर जिला कार्यकारिणी बनाकर देने को कहा इसके तत्काल बाद ही जिले के पदाधिकारी की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार राजीव मिश्रा प्रशांत शुक्ला इमरान खान बृजेश चौहान दिनेश चौधरी मायाराम वरिष्ठ पत्रकार शत्रुघ्न पांडे नंबाबू चौहान ब्रजेश उपाध्याय राजेश श्रीवास्तव विजय कश्यप रमेश यादव विजयपाल सिंह सहित काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में एएनएम एवं पर्यवेक्षक की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

### अधीक्षक ने गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण का दिया निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र सीएचसी सिरसिया में शनिवार को अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा की अध्यक्षता में एएनएम एवं पर्यवेक्षक की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान डॉ.ओझा के द्वारा एएनएम को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करते हुए गर्भावस्था के शुरुआती 3 माह में फोलिक एसिड टेबलेट खिलाने के लिए तथा गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच एवं संस्थागत प्रसव करवाने के लिए निर्देशित किया गया। डॉ.ओझा ने एएनएम एवं पर्यवेक्षक को कार्य योजना के अनुसार ग्राम भ्रमण करते हुए आशाओं के द्वारा किए जा रहे कार्य का सत्यापन तथा गुणवत्ता पर विशेष नागरानी करने की बात की गई। मासिक समीक्षा बैठक में खराब कार्य करने वाली एएनएम को कड़ी चेतावनी देते हुए अग्रिम एक माह में कार्य में सुधार करने के लिए आदेशित किया गया। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, सूर्य देव सिंह, ध्रुप चंद, राहुल कुमार, दीपक मधुकर, मनोज कुमार, सोनिया वर्मा, सुधा देवी, खुशबू , धर्मावती आदि मौजूद रहे।

## शनिवार को हुई पहली वर्षा ने क्षेत्र मे बढ़ाई गंदगी



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सुबह हुई पहली बारिश के बाद जाफराबाद का गंदगी से चोक हुआ मुख्य नाला उफान मारने लगा। पहली बारिश ने नगर पालिका परिषद की नाले की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नाले का पानी अखाड़े के पास भर गया इससे राहगीरों को आवागमन में काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। मकतब जाफरिया के समीप से निकला नाला सफाई के अभाव में बदहाल है। गलियों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया। जाफराबाद स्थित अखाड़े से गुजर रहा नाला सफाई व्यवस्था के अभाव में चोक रहा। जलभराव होने से दोपहर तक पूरी सड़क बरसात के पानी से जलमग्न रही। थोड़ी देर हुई बरसात से लोगों के घरों में पानी घुसने लगा।घरों में पानी घुसने का मामला तूल पकड़ लिया। वार्ड वासियों ने इसका ठीकरा पालिका प्रशासन पर फोड़ते हुए आक्रोश जताया। वार्ड निवासी शबीहुल हसन,दिलबर हुसैन, गुलज़ार व अब्बास अली ने बताया कि बरसात के दौरान नालों की सफ़ाई नहीं होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। पालिका प्रशासन को नाले की सफाई के बाबत गंभीर होना चाहिये।

## सुलह समझौते से तीन परिवारों को मिलाया

**बहजोई (सम्भल) अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई अत्यधिक बारिश होने के कारण भी वाद कारियो को सुलह समझौते के आधार पर मिलाने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया। जहां कुल 54 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तीन परिवारों को मिलाया गया तथा 10 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद काउंसलर अखिलेश अग्रवाल लव मोहन वार्ष्णेय पूनम अरोरा श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य तथा उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, मनोहर लाल तथा कांस्टेबल रश्मि गहलोत नूतन आदि लोग उपस्थित रहे।

## पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे कार्यक्रम का आयोजन



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ में संस्था न्यू जेनेसिस दिल्ली के द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें नुक्कड़ नाटक, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक, आँगनबाड़ी बैठक आदि के माध्यम से पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया।खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाएंगे और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। कार्यक्रम के पश्चात खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ राकेश कुमार शुक्ला व एडीओ पंचायत मोहन लाल ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ राकेश कुमार शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहन लाल, एडीओ (आईएसबी) अब्दुल गफ्फार एवं जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक अनिल निषाद सिंह, विनोद चौहान, तरुण त्रिपाठी, सहायक प्रेम बर्नवाल, स्वीटी उपाध्याय, समस्त ग्राम प्रधान, आँगन बाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि लोग मौजूद रहें।


## खुटहना निवासी आर्या ने एसपी को पत्र देकर की मांग

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुटहना निवासी आर्या पत्नी अमित पांडेय ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को प्रार्थना पत्र व मेडिकल रिपोर्ट देकर अपने पति पर हुए हमले के मामले में जानलेवा हमला की धारा बढ़ाने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि आठ मई की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदार मेरे पति अमित पांडेय को मार डालने की नियत से लाठी डंडा व सरिया से घर में घुसकर उनपर हमला कर दिया जिससे मेरे पति के सिर व नाक में काफी चोट आई थी। इसके बाद वह अपने पति को इलाज के लिए लखनऊ एक निजी अस्पताल में ले गई जहां सिर में खून का थक्का जमा होने के कारण सिर का आपरेशन करना पड़ा है। उन्होंने लिखा है कि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मेडिकल रिपोर्ट, सिटी स्कैन व सर्जरी को दृष्टिगत रखते हुए जान लेवा हमला की धारा की बढ़ोत्तरी अग्रिम विवेचना का आदेश देने की मांग किया है।

## राजकीय पॉलीटेक्निक चन्दौसी में टेबलेट वितरण

**चंदौसी (सम्भल) अवधनामा संवाददाता।** बदायूँ रोड चन्दौसी स्थित जनपद सम्भल के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में सत्र 2023 के अंतिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ अनामिका यादव, ज़िला पंचायत अध्यक्ष संभल द्वारा टेबलेट वितरित किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में लाभार्थियों को, उनके जीवन में अधिकारों से पहले कर्तव्यों को समझने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित विभिन्न पटलों/विभागों का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर के साथ कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित विभिन्न पटलों/विभागों का शनिवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा न्यायालय अपर जिलाधिकारी, न्यायालय उपजिलाधिकारी, न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, आबकारी अधिकारी कार्यालय, स्टाम्प-निबन्धन कक्ष, संयुक्त कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, अभियोजन, प्रोबशन कार्यालय, खाद्य सुरक्षा वं औषधि प्रशासन विभाग, जूडिसियल अभिलेखागार, आपदा कार्यालय, भूमि अध्याप्ति कार्यालय, भूलेख, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यालय, नजारत सदर कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी लोग समय से कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय कार्यो को सम्पादित करे। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका चौधरी, अपर उप जिलाधिकारी शशांक शेखर राय, प्रशासनिक अधिकारी रविन्द्र श्रीवास्तव, जे0ए0 रामकेवल, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट गिरीश मिश्रा, नाजिर कैश रमाकान्त पाठक, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मथौली निवासी गणेश गौंड पुत्र गोपी गौंड ने थाना पुलिस को तहरीर देकर छोटे भाई, मां, और छोटे भाई के पत्नी पर मारने पीटने और जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मथौली निवासी गणेश गौंड पुत्र गोपी गौंड को 26 जून को रात करीब साढ़े 9 बजे हमारे छोटा भाई दिनेश गौंड पत्नी काजल और माता गौरा देवी के साथ मिलकर बेवजह भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए तथा दांत से हाथ में भी काट लिए, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि गणेश गौंड की तहरीर पर छोटा भाई दिनेश गौंड, पत्नी काजल और माता गौरा देवी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जनपद के मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के ऐसे छात्रों जिन्होंने प्रदेश में स्थान प्राप्त किया था उन्हें एक 100000 का डेमो चेक, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, बच्चे कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। इसके उपरांत एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा के किए गए सुधारो को दिखाया गया। इसी के साथ एक टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई है जो कि 180088 93277 है,इसके माध्यम से अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त की जाएगी तथा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। जिससे यहां उपस्थित बच्चे, अभिभावक, शिक्षक, अधिकारी द्वारा ध्यान पूर्वक देखा गया इसके उपरांत जनपद स्तरीय कार्यक्रम में कुल 23 छात्र/छात्राओं को 100000 तथा 6 छात्र-छात्राओं को 21000 का डेमो चेक प्रदान किया गया। साथ ही साथ टैबलेट ,प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रपति का आर्थिक फोकस

राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत सरकार का ही दस्तावेजी वक्तव्य होता है। उसे सरकार लिखती है और राष्ट्रपति उसे पढ़ते हैं, क्योंकि सरकार राष्ट्रपति के नाम से ही संचालित की जाती है। यह गणतंत्र की एक खूबसूरत परंपरा है कि राष्ट्रपति संसद की साझा बैठक को संबोधित करते हैं। अभिभाषण के मायने स्पष्ट हैं कि केंद्र सरकार की नीतियों, योजनाओं, उसके कार्यक्रमों और विजन का यह सारांश खुलासा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उसी गरिमामय परंपरा को निभाया है। उन्होंने मोदी सरकार की उन परियोजनाओं की प्रशंसा की, जिन्हें देश अक्सर सुनता रहा है, लेकिन विपक्ष पूरी तरह सहमत नहीं है। वह उन्हें लीपापोती मानता है अथवा झूठे आंकड़े करार देता है। मसलन-गरीबी से बाहर निकालने वाले लोगों का डाटा सवालिया है। देश की जनता उन परियोजनाओं से इसलिए भी वाकिफ है, क्योंकि वह ही लाभार्थी है, लेकिन इस बार राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस आर्थिक समृद्धि और सुधारों की निरंतरता पर अधिक रहा है। देश की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी के करीब है और भारत का औसत विकास विश्व में सर्वाधिक और सबसे ज्यादा गतिमान है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था होगा, सरकार का यह संकल्प है। यानी जापान और जर्मनी भी भारत से पीछे होंगे। राष्ट्रपति का उल्लेख कोई नया नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अक्सर ऐसे दावे करता रहा है।

आम चुनाव के दौरान ऐसे डाटा की भरमार रही, लेकिन मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के जरिए यह खुलासा कराया है, लिहाजा उसे विश्वसनीय मानना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के पूर्ण बजट का भी कुछ प्रारूप रखा है कि वह भारत की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों के अनुसार होगा। संसद के जुलाई सत्र में जो बजट पेश किया जाएगा, वह वाकई जनवादी होगा। उसमें दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन के साथ-साथ ऐतिहासिक कदम भी उठाए जाएंगे। बेशक राष्ट्रपति भी उन कदमों का खुलासा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि बजट की गोपनीयता का तकाजा था। यह गौरतलब रहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के सौजन्य से यह सिद्धांत स्पष्ट कराया कि देश का विकास, उसके राज्यों के विकास पर ही, आश्रित है, क्योंकि तभी एक राष्ट्र के समग्र विकास का आकलन किया जा सकता है और एक राष्ट्रीय तस्वीर सामने आती है। इस विकास में प्रतिस्पर्द्धा भी होनी चाहिए और सहकारिता का भाव भी रहना चाहिए, यही भारत का सच्चा संघीयवाद है। राष्ट्रपति ने कुछ ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख किया, जो 'सूर्योदय' की तरह माने जाते हैं। मसलन-विद्युत वाहन, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाईड्रोजन, बैटरी आदि। इन क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और प्रगति के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया, जो बराबर की चुनौती है और सरकार उस संदर्भ में लगातार सक्रिय है। यह भी वैश्विक चुनौती है, जो किसी महामारी से कम नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस महिला सशक्तिकरण पर रहा और उन्होंने देश के संपूर्ण बुनियादी ढांचे की सराहना की।

जो सडकें, पुल, राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे आदि बनाए जा रहे हैं, रेल और हवाई यात्रा का विस्तार किया गया है, कमोबेश उन्हें मोदी सरकार का 'हालमार्क' माना जाता है। गौरतलब तथ्य यह भी है कि बेशक भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति होगा, अमरीका और चीन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था होगी, लेकिन विश्व की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे गरीब देश भी होगा। यह लड़ाई अभी बहुत लंबी है। भारत में आर्थिक असमानताएं काफी व्यापक हैं। दरअसल मोदी सरकार की अग्निपरीक्षा यह है कि वह विकास के सभी स्तंभों की बुनियाद मजबूत करे। इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा-क्षेत्र शामिल हैं। सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार और नौकरियां पैदा करे, ताकि करोड़ों बेरोजगारों को माकूल काम दिया जा सके। उससे भी आर्थिक विकास बढ़ता है। राष्ट्रपति के जरिए नीट पेपरलीक का मुद्दा उठवाया गया और संसद में शोर-हंगामे की बात कही गई, वह इतने व्यापक संदर्भों में बेमानी है। राष्ट्रपति ने जो आर्थिक विजन दिया है, यदि सरकार उसका अक्षरशः पालन कर सके, तो भारत की तस्वीर बदल सकती है। अभी बयान ज्यादा हैं और यथार्थ निश्चित ही बेहद कुरूप है।

## संयुक्त परिवार का विघटनकारी स्वरूप

संजीव ठाकुर

नई युग के रूपांतरण के साथ ही संयुक्त परिवार का विघटनकारी स्वरूप सामने आने लगा है बुजुर्ग लोगों को वृद्धा-आश्रम के हवाले सौंपने के पश्चात नौजवान पीढ़ी अपने एकल परिवार को लेकर अलग-अलग निवास करने लगी है और इसी के फल स्वरुप भारतीय संस्कृति तथा संस्कारो को नकारती हुई पाश्चात्य संस्कृति को आत्मसात करने में लगी हुई है। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन तार्किक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंद्य विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या? आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए।

# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है

बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकूननी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं।



ललित गर्ग

किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है।



लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनुमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले। राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है।

# केन्या में वित्त विधेयक से जनता आक्रोशित

सरकार ने गरीबों के लिए किफायती मकान बनाने के लिए मासिक आय पर 1.5 प्रशित आवास कर भी लागू किया है तथा जुलाई में उच्च स्वास्थ्य बीमा कर भी लागू होने वाला है। विरोधियों का कहना है कि यह विधेयक कई केन्या वासियों के लिए अंतिम झटका है। हाल के सप्ताहों में, केन्याई लोगों ने मसौदा कानून की ऑनलाइन आलोचना की है। एक ऑनलाइन याचिका को 15 जून को शुरू किए जाने के बाद से 111, हज़ार से अधिक हस्ताक्षर प्राप्त हो चुके हैं। केन्या भर में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं , जिनमें नैरोबी भी शामिल है,जहां दंगा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया है।

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश प्रतिवर्ष अपने देश के विकास की आर्थिक गाथा अपने वार्षिक वित्त विधेयक में लिखता है,जो एक देश के हर विभाग या क्षेत्र या पोर्टफोलियो को चलाने के लिए राशि का आवंटन करता है तथा वह राशि कहां से आएगी उसके उपार्जन के लिए टैक्स सोर्सेस का उपार्जन करता है, जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर के रूप में मूल रूप से आम जनता से ही वसूली जाती है। प्रत्यक्ष कर तो मध्य व उच्च वर्गों से सीधे उनकी कमाई पर टैक्स लगाकर वसूला जाता है परंतु अप्रत्यक्ष कर जो भारत में जीएसटी याने माल व सेवा कर के रूप में जाना जाता है, उसको लगाकर वसूला जाता है जो गरीब से लेकर अत्यंत गरीब व्यक्ति को भी चुकाना पड़ता है। वैसे अभी भारत में पूर्ण बजट यानी वित्त विधेयक 2024 जुलाई 2024 में लाने की प्रक्रिया शुरू है। आज यह बात हम इस विशेष मकसद से कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 25 जून 2024 को इसी वित्तीय विधायक 2024 को पारित किया गया जिसमें अप्रत्यक्ष कर के रूप में ब्रेड, मोबाइल,प्लास्टिक और टायर सेनेटरी टॉवल जैसे अनेक खाद्य पदार्थो सहित अनेक वस्तुओं पर टैक्स अत्यधिक बढ़ाया गया तो स्वाभाविक रूप से जनता आक्रोशित हो गई और प्रदर्शन कारियों में अशांति का ऐसा उबाल आया कि केन्या नरोबी से लेकर हर शहर में तोड़फोड़ मच गई है।आंदोलनकारी जनता द्वारा टैक्स विरोध प्रदर्शन संसद भवन में अमर्यादित आचरण में तब्दील हो गया संसद भवन के एक हिस्से में आग लगा दी गई वहां उपस्थित सांसदों को एक सुरंग के माध्यम से सुरक्षित निकाल लिया गया।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया पर टीवी चैनलों पर केन्या की स्थिति का मंजर देर रात्रि तक दिखाया जा रहा था, जिससे पूरी दुनियां हैरान थी। मैं भी एक वित्त विधेयक के विरोध में इतना भयंकर प्रदर्शन वह आंदोलन पहली बार देखा हूं इसलिए मैंने आज इस विषय पर आर्टिकल लिखने रिसर्च शुरू किया वह देर रात तक पूरी जानकारी जुटाई चूंकि केन्या में वित्त विधेयक 2024 से जनता आक्रोशित है, देश भर में जबरदस्त अशांति का उबाल है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या पर पूरे विश्व की नजरे, जनता द्वारा टैक्स विरोध प्रदर्शन संसद भवन मेंअमर्यादित आचरण में तब्दील पर हैरानी हुई।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम केन्या संसद में पारित किए गए वित्त विधेयक 2024 के प्रस्तावित करो की करें तो,वित्त विधेयक 2024 में अनेक उत्पादों और सेवाओं पर उच्च कर लगाने का प्रस्ताव किया गया है, जनता की ओर से इसकी आलोचना की जा रही है। केन्या के लोग मंगलवार को नए वित्त विधेयक के खिलाफ देशव्यापी विरोधप्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं, हालांकि सरकार मसौदा कानून के कुछ प्रावधानों को समाप्त करने पर सहमत हो गई है, जैसे कि ब्रेड, कार, खाना पकाने के तेल और सैनिटरी टॉवल पर कर।वित्त विधेयक



2024, जिसमें उत्पादों औरसेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव है, पर केन्याई संसद में बहस चल रही है और सांसदों द्वारा इसपर मतदान किए जाने की उम्मीद है।यह विधेयक केन्या के 2024/25 के बजट का हिस्सा है और सरकारी राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर वृद्धि का प्रस्ताव करता है।विधेयक के प्रावधानों में ब्रेड पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ-साथ मोबाइल मनी ट्रांसफर पर कर वृद्धि और कारों पर 2.5 प्रतिशत का नया वार्षिक कर शामिल है।विधेयक में पर्यावरण के लिए हानिकारक माने जाने वाले उत्पादों-जैसे पैकेजिंग, प्लास्टिक और टायर-पर इको- टैक्स लगाने का भी प्रस्ताव है, तथा इससे नैपी, सैनिटरी टॉवल, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जैसी वस्तुओं की लागत में वृद्धि होगी।अन्य करों में कुछ वित्तीय सेवाओं और विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट शामिल है। विधेयक के अंतर्गत डिजिटल मार्केटप्लेस और डिजिटल सामग्री के संचालन से होने वाली आय पर भी कर लगाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा है कि इन उपायों से 2.7 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त कर प्राप्त होगा, तथा इनका उद्देश्य केन्या की बजट के वित्तपोषण के लिए उधार पर निर्भरता को कम करना है। जीवन-यापन की उच्च लागत से पहले से ही परेशान केन्या वासियों को 2022 में निर्वाचित होने के बाद से वेतन और ईंधन सहित करों में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने गरीबों के लिए किफायती मकान बनाने के लिए मासिक आय पर 1.5 प्रशित आवास कर भी लागू किया है तथा जुलाई में उच्च स्वास्थ्य बीमा कर भी लागू होने वाला है।विरोधियों का कहना है कि यह विधेयक कई केन्या वासियों के लिए अंतिम झटका है।हाल के सप्ताहों में, केन्याई लोगों ने मसौदा कानून की ऑनलाइन आलोचना की है। एक ऑनलाइन याचिका को 15 जून को शुरू किए जाने के बाद से 111, हज़ार से अधिक हस्ताक्षर प्राप्त हो चुके हैं ।केन्या भर में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं , जिनमें नैरोबी भी शामिल है,जहां दंगा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया है।मंगलवार और आने वाले दिनों में और अधिक विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है, जिसे प्रदर्शनकारी 21-27 जून तक क्रोध के 7 दिन कह रहे हैं। इस विधेयक को केन्या लॉ सोसायटी जैसे नागरिक समाज संगठनों के साथ-साथ निजी व्यापार मालिकों की ओर से भी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिनका कहना है कि यह खुदरा, वित्त, इंटरनेट, परिवहन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।मानवाधिकार समूहों ने केन्या के सुरक्षा बलों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।मानवाधिकार समूहों और पुलिस निगरानी संस्था के अनुसार, पिछले गुरुवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 200 लोग घायल हो गए।

साथियों बात अगर हम नए वित्त विधेयक 2024 के विरोध में जनता के आक्रोश की करें तो केन्या में मंगलवार को नए टैक्स बिल के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे। वे संसद के बाहर लगे बैरिकेड्स को पार कर अंदर घुस गए, जहां सांसद बिल पर चर्चा कर रहे थे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद में आग लगा दी। इस दौरान पुलिस को फायरिंग भी करनी पड़ी। इसमें कई लोगों की जान चली गई है। इस प्रदर्शन में ज्यादातर युवाओं ने हिस्सा लिया है। संसद में हिंसा के दौरान सांसदों के एक अंडरग्राउंड टनल के जरिए बाहर निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद के परिसर में तोड़फोड़ भी की। केन्या के हजारों प्रदर्शनकारी मंगलवार को संसद में घुस गए।प्रदर्शनकारी टैक्स में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं।प्रदर्शनकारियों ने संसद के एक हिस्से में आग लगा दी. आग की घटना के बाद जान बचाने के लिए सभी विधायक संसद से बाहर निकल गए। केन्याई प्रदर्शनकारियों ने प्लान टैक्स में बढ़ोतरी को लेकर राष्ट्पति विलियम रूटो के इस्तीफे की मांग की,केन्याई प्रदर्शन कारियों ने मंगलवार (25 जून) को राजधानी नैरोबी में पुलिस के साथ झड़प की।

# बच्चों में नशे की बढ़ती लत चिंता का कारण है

रुखसार बताती हैं कि वह मूल रूप से पुंछ के मेंढर स्थित छत्राल गांव की रहने वाली हैं। इस गाँव में भी नशा जैसी बुराई ने अपना पांव पसार लिया है। दरअसल बच्चे सर्द ऋतु में होने वाली लंबी छुट्टी के कारण पठन-पाठन से बिल्कुल दूर हो जाते हैं। शिक्षा से यही दूरी उन्हें नशे का आदी बना देती है। इसके अतिरिक्त कई बार घर में होने वाले आपसी कलह और बड़ों का उन्हें हर बात के लिए डांटना भी बच्चों को घर और समाज से दूर नशे के करीब धकेल रहा है। वह कहती हैं कि इन ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को यदि इससे बचाना है तो उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों में व्यस्त रखने की बहुत अधिक ज़रूरत है।

आज के मौजूदा समय में बड़ी संख्या में बड़ों के साथ साथ बच्चे भी नशा करने लगे हैं। नशे की यह लत इतनी तेजी से बढ़ रही है कि माता-पिता को भी अपने बच्चों को इससे दूर रखने में मुश्किलें आ रही हैं। बड़ों की तरह अब बच्चे भी सभी प्रकार के नशे का सहारा ले रहे हैं। उन्हें यह मालूम नहीं है कि इसकी वजह से वह किस दलदल में फंसते जा रहे हैं? इस बढ़ते नशे की लत के कारण बच्चों की न केवल सेहत बल्कि उनके करियर पर भी बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसी नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1987 में 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस' की शुरुआत की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा और इससे होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। 26 जून 1989 को पहली बार दुनिया भर में मनाया गया। उसके बाद हर वर्ष किसी न किसी थीम को लेकर इस दिवस पर लोगों में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य जाता है।



हरीश कुमार

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का थीम 'साक्ष्य स्पष्ट है : रोकथाम में निवेश करें' है। इस थीम का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य से आगे बढ़कर इसके रोकथाम पर विशेष जोर देना है। यह रोकथाम केवल नशा से संबंधित ही नहीं है बल्कि नई पीढ़ी तक इसकी पहुंच को रोकना और उन्हें इसके विरुद्ध जागरूक बनाना भी है। दिसंबर 2022 में केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में इस बात की जानकारी दी थी कि देश में 10 से 17 साल की उम्र के 1.58 करोड़ बच्चे नशीले पदार्थों के आदी हैं। ये बच्चे और किशोर अल्कोहल, अफीम, कोकीन, भांग सहित कई तरह के नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। यह आंकड़ा न केवल चौकाता है बल्कि यह हम सभी के लिए चिंता का विषय भी है। इस सामाजिक बुराई से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का सीमावर्ती जिला पुंछ भी अछूता नहीं है। यहां भी कुछ बच्चे नशा करते हुए पकड़े जा चुके हैं।

हाल ही में जम्मू के बहु फोर्ट इलाके में तीन नाबालिग बच्चे नशे की हालत में पकड़े गए थे। जब पांचवी कक्षा का विद्यार्थी संतोष कुमार (बदला हुआ नाम) अपने दो दोस्तों के साथ शाम को खेलने के लिए निकला और घर वापस नहीं आया। उसकी मां आंचल देवी (बदला हुआ नाम) पूरी रात अपने बच्चों को ढूंढती रही, इस दौरान उन्हें पता चला कि पड़ोस में रहने वाले दो घरों के बच्चे भी गायब हैं। तब तीनों परिवार के सदस्यों ने इन बच्चों को रात भर ढूंढने की पूरी कोशिश की, परंतु बच्चे नहीं मिले। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने छानबीन के



दौरान उन तीनों में से एक नाबालिग को बरामद किया। जिसने पूछताछ में बताया बाकि कि दूसरे दोनों नाबालिक कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर जंगल में नशे करके बेसुध पड़े हुए हैं। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जंगल से बेहोशी की हालत में बरामद किया और उनका मेडिकल चेकअप करवाया गया। जहां जांच के दौरान उन्होंने खुद ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार इन नाबालिग में से एक परिवार के साथ मिलकर फेरी लगाने का काम करता है। जहां कमाए पैसों से उन्होंने नशे का सामान ख़रीदा था।


वहीं जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय की अधिवक्ता सैय्यदा रुखसार कौसर कहती हैं कि नशे का कारोबार पुंछ के ग्रामीण इलाकों में तेज़ी से फैलता जा रहा है। अभी तक इसमें युवा ही लिप्त पाए जाते थे, लेकिन अब यह बुराई बच्चों में भी फैल रही है। इसके लिए घर से लेकर स्कूल तक बच्चों की विशेष काउंसलिंग करने की ज़रूरत है। उनके व्यवहार पर नज़र रखने और उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करने की आवश्यकता है। वह कहती हैं कि बच्चों में नशे की तेज़ी से बढ़ती लत के पीछे कई कारण हैं। एक ओर जहां उनका शैक्षणिक विकास नहीं हो रहा है तो कई बार पारिवारिक झगड़ों के कारण भी बच्चे ड्रग्स के आदी होने लगते हैं। रुखसार के अनुसार यहां के स्कूलों में अक्सर लंबी छुट्टियां होती हैं। वहीं ट्यूशन सेंटर भी नाममात्र के हैं जिससे कि बच्चों को बिज़ी रखना मुश्किल रहता है। ऐसे में बच्चे खाली समय का दुरुपयोग करते हुए कई बार घर से बाहर खेलने के नाम पर नशा करने निकल जाते हैं।

रुखसार बताती हैं कि वह मूल रूप से पुंछ के मेंढर स्थित छत्राल गांव की रहने वाली हैं। इस गाँव में भी नशा जैसी बुराई ने अपना पांव पसार लिया है। दरअसल बच्चे सर्द ऋतु में होने वाली लंबी छुट्टी के कारण पठन-पाठन से बिल्कुल दूर हो जाते हैं। शिक्षा से यही दूरी उन्हें नशे का आदी बना देती है। इसके अतिरिक्त कई बार घर में होने वाले आपसी कलह और बड़ों का उन्हें हर बात के लिए डांटना भी बच्चों को घर और समाज से दूर नशे के करीब धकेल रहा है। वह कहती हैं कि इन ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को यदि इससे बचाना है तो उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों में व्यस्त रखने की बहुत अधिक ज़रूरत है। इसके लिए अभिभावकों को जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

बच्चे नशे की लत के शिकार हो गए हैं, इसका माता-पिता कैसे पता करें? इस प्रश्न पर पुंछ के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता 65 वर्षीय सुखचैन लाल कहते हैं कि यदि बच्चे के स्वभाव में परिवर्तन आ रहा है, वह अत्यधिक उत्तेजित और आक्रामक व्यवहार कर रहा है, अकारण ही पॉकेट मनी ज़्यादा मांगने लगा है और पढ़ाई में बिल्कुल ही ध्यान नहीं दे रहा है तो माता-पिता को इसे नज़रअंदाज़ न करते हुए सतर्क हो जाना चाहिए। उन्हें बच्चे के साथ सख्ती की जगह दोस्ताना व्यवहार करनी चाहिए। वह कहते हैं कि कई बार घर का माहौल और अभिभावकों की सख्ती भी बच्चों को उनसे दूर नशे की तरफ धकेल देता है।

धीरे धीरे यह बच्चे नशा की पूर्ति के लिए अपराध के रास्ते पर भी चल पड़ते हैं जो न केवल उनके परिवार बल्कि समाज के लिए भी घातक सिद्ध होगा। वह कहते हैं कि इस बुराई से निपटने के लिए सरकार की ओर से नशा मुक्ति केंद्र के साथ साथ पुनर्वास केंद्र भी खोले गए हैं। लेकिन यह उस वक्त तक सफल नहीं हो सकता है जब तक समाज भी प्रमुखता से अपनी भागीदारी नहीं निभाता है। (चरखा फीचर)

## घर पर बनाएं ये सीरम, तेजी से होगी आईब्रो हेयर ग्रोथ



चेहरे की खूबसूरती में आईब्रो का अपना एक अहम् रोल होता है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिनकी आईब्रो हेयर ग्रोथ काफी कम होती है। ऐसे में वे अपनी आईब्रो को घना और शेप में दिखाने के लिए अक्सर आईब्रो पेंसिल का सहारा लेते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो खुद घर पर सीरम बनाकर भी आईब्रो हेयर की ग्रोथ को तेजी से बढ़ते हुए देख सकते हैं। चूंकि इन आईब्रो हेयर ग्रोथ सीरम को नेचुरल आइटम्स की मदद से बनाया जाता है, इसलिए ये बजट फ्रेंडली होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली भी हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ होममेड आईब्रो सीरम के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप भी आईब्रो हेयर की ग्रोथ को बढ़ा सकते हैं-

जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल सीरम

आप जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल की मदद से आईब्रो सीरम बना सकते हैं।

*आवश्यक सामग्री*

- 1 बड़ा चम्मच जोजोबा ऑयल
- 1-2 बूंद टी ट्री ऑयल

*इस्तेमाल का तरीका*

- एक छोटे कंटेनर में जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल को मिलाएं।
- इसे अच्छी तरह से मिलने तक हिलाएं।
- सोने से पहले इस मिश्रण को साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब से अपनी आइब्रो पर लगाएं।
- इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें।

*जैतून का तेल और शहद से बनाएं सीरम*

जैतून का तेल और शहद भी एक बेहतरीन आईब्रो हेयर सीरम साबित हो सकता है। यह उसे जरूरी नरिशमेंट देता है।

*आवश्यक सामग्री*

- 1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल
- 1 छोटा चम्मच शहद

*इस्तेमाल का तरीका*

- एक छोटे कंटेनर में जैतून का तेल और शहद को अच्छी तरह से मिलाएं।
- अब इस सीरम को अपनी आईब्रो पर लगाने के लिए एक साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब का इस्तेमाल करें।
- इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें।

नारियल तेल और एलोवेरा जेल सीरम

अगर आपकी स्किन संसेटिव है तो आप नारियल तेल और एलोवेरा जेल की मदद से आईब्रो हेयर सीरम तैयार करें।

*आवश्यक सामग्री*

- 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

*इस्तेमाल का तरीका*

- नारियल तेल और एलोवेरा जेल को एक छोटे कंटेनर में मिलाएं।
- अब इसे अच्छी तरह मिलने तक हिलाएं।
- सोने से पहले एक साफ मस्कारा वैंड या कॉटन स्वैब से इस मिश्रण को अपनी आईब्रो पर लगाएं।
- इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें।

## विद्या बालन के साड़ी लुक्स से लें इंस्पिरेशन, आप भी बनेंगी हर महफिल की जान

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अक्सर साड़ी में नजर आती हैं। वह अपने अभिनय के साथ-साथ खूबसूरती से भी लोगों का दिल जीतती आई हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के साड़ी लुक्स अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में अगर आपको भी साड़ी पहनने का शौक है, लेकिन आपको किस तरह की साड़ी अपने वार्डरोब में शामिल करनी चाहिए, जिससे कि आप स्टाइलिश लुक पा सकें। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको विद्या बालन की साड़ी का खूबसूरत कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं।



*फ्लोरल प्रिंट की साड़ी*

आजकल की लड़कियों व महिलाओं को फ्लोरल प्रिंट वाली साड़ी बेहद पसंद आती हैं। विद्या बालन भी इस पीले रंग की फ्लोरल साड़ी में कमाल की नजर आ रही हैं। पीले रंग की फ्लोरल साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने पर्पल ब्लाउज पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया है।

*गुलाबी बनारसी साड़ी*

इस तरह की गुलाबी बनारसी साड़ी में विद्या बालन बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं। ऐसे में आप भी एक्ट्रेस के इस लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ हैवी ज्वैलरी कैरी करें।

*टाई एंड डाई प्रिंट साड़ी*

टाई एंड डाई प्रिंट महिलाओं को खासा पसंद आता है। आप चाहें तो मार्केट से इसमें अपनी पसंद के हिसाब से रंग भरवा सकती हैं। इस तरह की साड़ी को पहनने से आपको काफी प्यारा लुक मिलेगा।


*हैंडलूम की साड़ी*

इस हैंडलूम की साड़ी में भी बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। उन्होंने इस साड़ी के साथ खूबसूरत ब्लाउज पहना है और साथ में ऑक्सीडाइज ज्वेलरी कैरी कर अपने लुक को कंप्लीट किया है।

*लहरिया साड़ी*

विद्या बालन इस मल्टी कलर की लहरिया साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐसे में आप भी इस तरह की साड़ी को कैरी कर सकती हैं। इस लुक के साथ बालों में स्लीक स्टाइल बना सकती हैं।

## सोनाक्षी सिन्हा के नेल आर्ट डिजाइन को आप भी कर सकती हैं ट्राई, बढ़ेगी हाथों की खूबसूरती



हर लड़की व महिला बॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आना चाहती है। इसलिए हम अक्सर बॉलीवुड एक्ट्रेस के आउटफिट और मेकअप लुक्स से इंस्पिरेशन लेते हैं। वहीं अगर आप भी एक्ट्रेस की तरह हाथों की सुंदरता बढ़ाना चाहती हैं, तो आप बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा के नेल आर्ट डिजाइन से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस के नाखूनों पर हर बार नए डिजाइन की नेल आर्ट देखने को मिलती है। जिससे एक्ट्रेस के हाथों की खूबसूरती देखते बनती है। आप भी इसको ट्राई कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने हाथों में किस तरह की डिजाइन वाले नेल आर्ट करवा सकती हैं।

*शिमर नेल आर्ट*

अगर आप किसी फंक्शन या पार्टी में जाने की तैयारी कर रही हैं, तो आप अपने आउटफिट के हिसाब से ग्लिटर नेल आर्ट करवा सकती हैं। इसमें न्यूड कलर के साथ शिमर को शामिल किया जाएगा। एक्ट्रेस ने शरारा सूट के साथ इस तरह के नेल आर्ट को हाथों पर करवाया है। सोनाक्षी ने अपनी ड्रेस के हिसाब से नेल कलर करवाया है। ऐसे में आप भी एक्ट्रेस की इस नेल आर्ट डिजाइन करवा सकती हैं। आप चाहें तो इसको मैट या फिर जेल फिनिश दे सकती हैं। अगर आप भी ऐसी नेल आर्ट डिजाइन करवाना चाहती हैं, तो यह मार्केट में 1,500 से 2,000 रुपये देने पड़ेंगे।

*स्टोन वर्क नेल आर्ट डिजाइन*

एक्ट्रेस सोनाक्षी के हाथों में अलग-अलग नेल आर्ट के डिजाइन देखने को मिलती है। अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो स्टोन वर्क नेल आर्ट ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट डिजाइन के लिए आप सिंगल स्टोन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप नाखूनों पर मल्टीकलर स्टोन भी लगा सकती हैं। इससे आपके हाथ बेहद खूबसूरत नजर आएंगे। मार्केट से इस तरह का नेल आर्ट कराने के लिए आपको 2500 से 3000 रुपए तक देने पड़ सकते हैं।


*मल्टीकलर नेल आर्ट डिजाइन*

आजकल मल्टीकलर नेल आर्ट डिजाइन ट्रेंड में है। आप इस डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा ने अपने हाथों पर इसी तरह के नेल आर्ट डिजाइन को क्रिएट किया है। यह नेल आर्ट डिजाइन एक्ट्रेस के हाथों पर काफी अच्छा लग रहा है। आप यदि इसको अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो इस डिजाइन में किसी एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं। इससे आपके हाथ बेहद खूबसूरत लगेंगे। मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपए में इस तरह की नेल आर्ट डिजाइन करवा सकती हैं।

## समर सीजन में परफेक्ट मेकअप लुक पाने के लिए फॉलो करें ये सिंपल टिप्स

हर महिला को मेकअप करना पसंद होता है। मेकअप से महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है, इसलिए महिलाएं किसी भी इवेंट में हिस्सा लेने के दौरान मेकअप जरुर करती हैं। लेकिन गर्मियों में मेकअप करने से मेकअप खराब हो जाता है, फिर चाहे आप कितना भी अच्छा मेकअप क्यों न कर लें।

मेकअप खराब होने से आपका पूरा का पूरा लुक खराब हो सकता है। ऐसे में समर सीजन में अपने मेकअप का खास ख्याल रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मेकअप टिप्स देने जा रहे हैं। जिनको फॉलो करने से समर सीजन में आपका मेकअप एकदम परफेक्ट लगेगा।



*बर्फ का इस्तेमाल*

परफेक्ट मेकअप लुक्स के लिए आप सबसे पहले अपनी स्किन पर बर्फ अप्लाई करें। इससे आपके फेस को ठंडक मिलेगी, जिससे स्किन पोर्स छोटे हो जाते हैं। इसकी वजह से पसीना कम निकलता है। लेकिन अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो फेस पर बर्फ रगड़ने से चेहरे से कम ऑयल निकलेगा। बर्फ अप्लाई करने से पसीना कम आएगा। इसके अलावा आप पानी की जगह ठंडे पानी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

*वॉटरप्रूफ मेकअप*

अगर आपको भी समर सीजन में हैवी मेकअप करना है, तो आप फेस पर वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। वाटरप्रूफ मेकअप न सिर्फ लंबे समय तक टिका रहेगा बल्कि इससे आपको किसी तरह की परेशानी भी नहीं होगी।

*अप्लाई न करें ये चीजें*

फेस पर ग्लो लाने के लिए महिलाएं फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में फेस पर कम से कम फाउंडेशन अप्लाई करना चाहिए। क्योंकि समर सीजन में पसीने के कारण फाउंडेशन मेल्ट हो सकता है।

आप चाहें तो फाउंडेशन की जगह कंसीलर का उपयोग कर सकती हैं। वहीं गर्मियों में आई मेकअप से बचना चाहिए। इसकी जगह पर आप सिर्फ आनलाइनर से भी काम चला सकती हैं।


## शादी में पहनना चाहती हैं गुलाबी लहंगा तो इन एक्ट्रेस से लें टिप्स

हर लड़की अपनी शादी को लेकर तमाम तरह के ख्वाब सजाती है। शादी में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए महीनों पहले से तैयारियां शुरूकर दी जाती है। फिर शादी किसी आम लड़की की हो या बॉलीवुड एक्ट्रेस की। हर लड़की अपनी शादी के दिन के लिए लहंगे से लेकर ज्वैलरी तक को बेहद सावधानी से चुनती हैं। वहीं बात करें बॉलीवुड एक्ट्रेस की तो इस साल कई अभिनेत्रियां शादी के बंधन में बंधी हैं। वहीं इन दिनों शादी में गुलाबी लहंगा पहनने का ट्रेंड भी बॉलीवुड से शुरू हुआ है।

ऐसे में अगर आपकी भी हाल ही में शादी होने वाली है और आप भी अपनी शादी में गुलाबी रंग का लहंगा पहनना चाहती हैं। तो आप बॉलीवुड की इन एक्ट्रेस के लहंगे से कुछ टिप्स ले सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन एक्ट्रेसस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपनी शादी पर पिंक कलर का लहंगा कैरी किया था। ऐसे में आप इन अभिनेत्रियों के लहंगे से इंस्पिरेशन लेकर अपने शादी के जोड़े को अधिक खूबसूरत बना सकती हैं।

*कृति खरबंदा*

हाल ही में एक्ट्रेस कृति खरबंदा ने अपने लांग टाइम बॉयफ्रेंड पुलकित सम्राट संग सात फेरे लिए हैं। अभिनेत्री ने अपनी शादी पर पिंक कलर का लहंगा पहना था। कृति के लहंगे पर बेबी पिंक, पेस्टल पिंक और मैजेंटा पिंक रंगों से वर्क किया गया था। उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए हैवी ज्वैलरी और बेहद खूबसूरत दुपट्टा कैरी किया था।



*कियारा आडवाणी*

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शुमार कियारा आडवाणी ने सिद्धार्थ मल्होत्रा संग शादी की थी। एक्ट्रेस ने भी अपनी शादी में गुलाबी लहंगा पहना था। कियारा के लहंगे को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। इस लहंगे को तैयार करने में 279 दिनों का समय लगा था। कियारा ने अपने लुक को ग्रीन और सिल्कर ज्वैलरी पहनकर पूरा किया था। कियारा आडवाणी अपनी शादी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं।

*अथिया शेट्टी*

सुनील शेट्टी की बेटी और अभिनेत्री अथिया शेट्टी ने क्रिकेटर केएल राहुल संग साल 2023 में सात फेरे लिए थे। एक्ट्रेस का लुक भी बेहद खास था। अथिया ने अपनी शादी में फुल स्लीव के ब्लाउज के साथ गुलाबी रंग का ही लहंगा कैरी किया था। उनके लहंगे पर जरदोजी का काम था। ऐसे में अगर आप भी अपनी शादी में भारी-भरकम लहंगा नहीं पहनना चाहती हैं, तो आप जरदोजी के काम वाला लहंगा खरीद सकती हैं।

*रकुल प्रीत*

एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने इसी साल 21 जनवरी 2024 को अपने ब्रॉयफ्रेंड और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए हैं। एक्ट्रेस शादी के दिन पेस्टल पिंक कलर का लहंगा पहना था। इस लहंगे पर फ्लोरल वर्क और फुल स्लीव्स वाला ब्लाउज था। इस लहंगे में एक्ट्रेस कमाल की लग रही थी।


*अनुष्का शर्मा*

आपको बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा से शादी में गुलाबी रंग का लहंगा पहनने का ट्रेंड शुरू हुआ है। एक्ट्रेस ने अपनी शादी में पिंक कलर का लहंगा पहना था। अनुष्का शर्मा के लहंगा सब्यसाची की कलेक्शन की एक पेशकश थी। बताया जाता है कि इसको बनने में कुल 32 दिनों का समय लगा था। अभिनेत्री के इस लहंगे पर रेशम के धागों से काम किया गया था। वहीं लहंगे के साथ ब्लाउज पर मैचिंग का हैवी वर्क था। ऐसे में आप भी अपनी शादी के लहंगे के लिए अनुष्का शर्मा के लुक से टिप्स ले सकती हैं।

## कमजोर बालों से हो गई हैं परेशान तो अपनाएं ये हेयर केयर रूटीन, नहीं टूटेगा एक भी बाल

हर महिला अपने बालों का ध्यान काफी ध्यान रखती हैं, क्योंकि हर किसी को लंबे और घने बालों का शौक होता है। लेकिन बाल टूटने की समस्या हर महिला के साथ होती है। इसके कई सारे कारण होते हैं। क्योंकि आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से बालों की अच्छे से केयर नहीं हो पाती है। जिसके कारण बाल टूटने लगते हैं। हालांकि इस समस्या को कम करने के लिए महिलाएं कई नुस्खे अपनाती हैं।

वहीं कई महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन कई बार इन प्रोडक्ट्स से फायदा नहीं मिलता है या इस्तेमाल बंद करने के बाद दोबारा समस्या शुरू हो जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए हम आपके साथ कुछ टिप्स शेयर करने जा रहे हैं। ऐसे में अगर आप रात को सोने से पहले ये टिप्स फॉलो करती हैं, तो बालों के टूटने की समस्या कम हो सकती है।



*रात को न धोएं बाल*

कई महिलाएं रात के समय बालों को धोती हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। जब आप रात के समय बालों को धोती हैं, तो बाल गीले बने रहते हैं। वहीं गीले बालों में सोने के कारण बाल कमजोर हो जाते हैं और इनके टूटने की समस्या पैदा होने लगती है।

यदि आप रात में हेयर वॉश के बाद बालों को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर की मदद लेती हैं। तो इससे भी आपके बाल कमजोर होते हैं और बालों के टूटने की समस्या होने लगती है। इसलिए रात में हेयर वॉश को इग्नोर करना चाहिए।

*रात में न बांधे बाल*

बहुत सारी महिलाएं रात में बालों को बांधकर सोती हैं। लेकिन रात में बालों को खोलकर सोना चाहिए। क्योंकि अगर आप रात में बालों को बांधकर सोती हैं, तो इससे बालों में खिंचाव पैदा होता है और बाल कमजोर होने लगते हैं। वहीं बालों के टूटने की समस्या शुरू हो सकती है।

बालों को बांधने से यह रात में मुड़ते हैं, तो भी बाल टूटने लगते हैं। इसलिए जरूरी है कि रात को सोने के दौरान बालों को न बांधे। अगर आप बाल खुले करके नहीं सो सकती हैं, तो एकदम ढीली चोटी करनी चाहिए।

## इमली-धनिया का पानी दूर करेगा मुंहासे और झुर्रियां, ऐसे करें इस्तेमाल

त्वचा देखभाल की दुनिया में बेदाग, यूथ त्वचा की तलाश अक्सर हमें प्राकृतिक और व्यावसायिक दोनों तरह के विभिन्न उपचारों की खोज की ओर ले जाती है। ऐसा ही एक सदियों पुराना मिश्रण जिसने अपने त्वचा लाभों के लिए लोकप्रियता हासिल की है, वह है इमली-धनिया पानी, जो इमली और धनिये के बीज का मिश्रण है। हालांकि यह एक साधारण रसोई नुस्खा की तरह लग सकता है, लेकिन माना जाता है कि यह प्राकृतिक अमृत त्वचा के लिए कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है, जिसमें मुंहासे से लड़ना, झुर्रियों को कम करना और महीन रेखाओं को कम करना शामिल है।

*मुंहासों को कम करता है*

मुंहासे त्वचा की एक सामान्य स्थिति है जिसमें दाने, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स होते हैं, जो कई लोगों के लिए निराशा का कारण हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि इमली-धनिया पानी में सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो इसे चिढ़ त्वचा को शांत करने और मुंहासे से जुड़ी लालिमा को कम करने में प्रभावी बनाता है। इस मिश्रण में एक प्रमुख घटक इमली में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो पिंपल्स पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने और भविष्य में होने वाले मुहांसों को रोकने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, धनिये के बीज का ठंडा प्रभाव सूजन वाली त्वचा को शांत करने में मदद कर सकता है, जिससे पिंपल्स के उपचार में भी मदद मिलती है।

*झुर्रियां कम करता है*

झुर्रियां और महीन रेखाएं उम्र बढ़ने के प्राकृतिक लक्षण हैं जो धूप, धूम्रपान और तनाव जैसे कारकों से बढ़ सकते हैं। माना जाता है कि इमली-धनिया पानी में एंटी-एजिंग गुण होते हैं जो झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। इमली अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड (एएचए) से भरपूर होती है, जो अपने एक्सफोलिएटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। एएचए मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने, सेल टर्नओवर को बढ़ावा देने और त्वचा की बनावट में सुधार करने में मदद करता है, अंततः झुर्रियों और महीन रेखाओं की दृश्यता को कम करता है।

*कोलेजन को बढ़ाता है*

इमली और धनिये के बीज में विटामिन सी की मात्रा कोलेजन संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोलेजन एक प्रोटीन है जो त्वचा को संरचना और लोच प्रदान करता है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, कोलेजन का उत्पादन कम हो जाता है, जिससे झुर्रियाँ पड़ने लगती हैं और त्वचा ढीली पड़ने लगती है। कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करके, इमली-धनिया पानी त्वचा की दृढ़ता और लोच बनाए रखने में मदद कर सकता है, जिससे उम्र बढ़ने के लक्षण कम हो जाते हैं।

*कैसे इस्तेमाल करें*

इमली-धनिया पानी को अपनी स्किनकेयर रूटीन में शामिल करने के लिए आप इसे घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। सबसे पहले इमली और धनिये के बीजों को थोड़ी मात्रा में रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगले दिन, मिश्रण को छान लें और इसमें डाले गए पानी को टोनर या फेशियल मिस्ट के रूप में उपयोग करें। अतिरिक्त लाभ के लिए आप अन्य त्वचा-अनुकूल सामग्री जैसे गुलाब जल या एलोवेरा जेल भी मिला सकते हैं।

जबकि इमली-धनिया पानी त्वचा को आशाजनक लाभ प्रदान करता है, यह याद रखना आवश्यक है कि व्यक्तिगत परिणाम भिन्न हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह आपकी त्वचा के लिए उपयुक्त है, किसी भी नए त्वचा देखभाल उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच परीक्षण करना हमेशा एक अच्छा विचार है। इसके अतिरिक्त, एक स्वस्थ त्वचा देखभाल दिनचर्या को बनाए रखना जिसमें सफाई, मॉइस्चराइजिंग और सूरज की सुरक्षा शामिल है, स्वस्थ, चमकती त्वचा को प्राप्त करने और बनाए रखने की कुंजी है।

*निष्कर्ष*

इमली-धनिया पानी मुंहासों, झुर्रियों और महीन रेखाओं के लिए संभावित लाभ के साथ एक प्राकृतिक उपचार के रूप में उभरा है। इसके सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण इसे आपके त्वचा देखभाल भंडार में एक आशाजनक वृद्धि बनाते हैं। चाहे आप मुंहासों से निपटना चाहते हों या उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करना चाहते हों, इस सरल लेकिन प्रभावी उपाय को अपनी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में शामिल करने से आपको अपनी चमकदार त्वचा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।



# व्यावसायिक गुणों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** एरा यूनिवर्सिटी के खाद्य और पोषण विभाग ने 29 जून 2024, शनिवार को ष्नैदानिक प्रथाओं और महत्वाकांक्षी आहार विशेषज्ञों के लिए व्यावसायिक गुणों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) फरजाना महदी ने किया जिसमे सहायक रजिस्ट्रार डॉ. गजाला जैदी और मुख्य आहार विशेषज्ञ रमा त्रिपाठी मुख्य अतिथि एसजीपीजीआई, लखनऊ से रहे। विज्ञान संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों और अतिथियों के लिए विचारों और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए मंच खोला। वहीं खाद्य एवं पोषण विभाग की एचओडी डॉ. कहकशां परवीन ने शैक्षणिक ज्ञान और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच अंतर को पाटने के संबंध में जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं, डॉ. अवंतिना शर्मा भंडारी और डॉ. मैत्रेयी पांडे ने क्रमशः ष्रोगी परामर्श के लिए आवश्यक प्रमुख कौशलष् और ष्विदेश में नौकरी के अवसरष् पर व्याख्यान दिया। प्रतिष्ठित सरकारी और निजी अस्पतालों के आहार विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिन्हा, डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. प्रीति पांडे, मृदुल विभा, दीप्ति श्रीवास्तव, विद्या प्रिया ने पेशेवर आहार विशेषज्ञ बनने के लिए पूर्व-आवश्यकता जैसे विषयों पर प्रकाश एवं अभ्यास आहार विशेषज्ञ के लिए अनुसंधान की भूमिका और पंजीकृत आहार विशेषज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण करने का महत्व भी बताया। । कार्यक्रम का समापन एक विस्तृत पैनल चर्चा के साथ हुआ, जिसके दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। हाइब्रिड मोड के माध्यम से आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में लगभग 217 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। अंत में, प्रतिभागियों ने संगोष्ठी की अवधारणा की सराहना की और भविष्य में इसी तरह के और आयोजनों की आवश्यकता व्यक्त की।

## अयोध्या में अतिवृष्टि से जलभराव

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल और जिलाधिकारी नितीश कुमार ने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अतिवृष्टि के कारण जलभराव से प्रभावित विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्री राम चिकित्सालय, जलवानपुरा मोहल्ला, अवधपुरी कॉलोनी, बछड़ा सुलतानपुर और जनौरा आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां की स्थिति का अवलोकन किया।इस मौके पर अधिकारियों ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों पर पम्पों द्वारा निकाले जा रहे पानी की सतत निगरानी की जाए और अवशेष भरे पानी को भी पम्प के माध्यम से अतिशीघ्र खाली करवाया जाए। मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत अमसिन में भ्रष्टाचार-अवैध उगाही का मामला**

# प्रधान ने जिलाधिकारी से गोपनीय जांच की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन आज शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार तिवारी को सौंपा गया अयोध्या जनपद मया ब्लक के ग्राम पंचायत अमसिन में रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा के मिलीभगत भ्रष्टाचार-अवैध उगाही बड़े पैमाने पर मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने इस संदर्भ में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गोपनीय जांच की मांग की है। ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 25 जून 2024 को खंड विकास अधिकारी मया बाजार द्वारा अग्रसारित जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत सुनील कुमार को सौंपा गया था, लेकिन यह ज्ञापन जिलाधिकारी तक न भेज कर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने इसे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जांच करवा रहे हैं ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा की मिलीभगत से आवास योजना के लाभार्थियों से धन वसूली की गया है। उन्होंने बताया कि 500-1500 रुपये फार्म भरने के नाम पर और दस-दस हजार रुपये आवास मिलने के बाद लेने का सौदा तय हुआ था। सती प्रसाद वर्मा का कहना है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को दबाने और प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो जनहित से जुड़ा हुआ है और राजकीय चिन्ह के दुरुपयोग का मामला है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस भ्रष्टाचार की गंभीरता को समझते हुए गोपनीय जांच कराई जाए।

# लगातार हो रही चोरी की घटनाएं, खुलासा तो दूर अंकुश तक नहीं लगा पा रही पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**

**गोसाईगंज- अयोध्या।** प्रदेश सरकार पुलिस को हर स्तर पर बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। बावजूद इसके गोसाईगंज पुलिस अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रही है। पुलिस की निष्क्रियता यह है कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों व नगर में हुई चोरियों का खुलासा करना तो दूर किसी घटना का सुराग तक नहीं लगा सकी है। इससे चोरों का मन बढ़ा हुआ है। वहीं एक के बाद एक हो रही चोरियों से लोगों में भय बना हुआ है। वर्तमान थाना प्रभारी चोरों पर अंकुश तक नहीं लग पा रहे है।

गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में हो रही चोरियों का पुलिस नहीं कर पा रही खुलासा. पुलिस का मुखबिर तंत्र है फेल 2023 दिसंबर माह में थाना प्रभारी परशुराम ओझा के आते ही वाहन चोरियों की लाइन लग थी. कस्बे के पत्रकार दिनेश जायसवाल का उनके घर के बाहर खड़ी स्कूटी की चोरी हो गई। चोरी के आधे घंटे बाद पुलिस को सूचना दिया मगर 6 माह बीत जाने के बाद नहीं हो सका खुलासा। थाना प्रभारी परशुराम ओझा पत्रकार से कहा चोर पकड़ में आ गया है जल्द ही आपकी गाड़ी मिल जाएगी। केवल यही दिलाता दिलाते रहे। वही गोसाईगंज बाजार के घनी बस्ती अंसार नगर से जनवरी माह 2024 में गुलाम रसूल के चौतरे पर रखी बजाज पल्सर गाड़ी गायब हुआ जिसमें दोनों गाडियों का पुलिस को पूरा सीसीटीवी फुटेज भी दिया गया चोर का चेहरा भी पहचान में मिल गया इसके बाद भी पुलिस नाकामयाब रही, वहीं दूसरी तरफ पिछले महीने में लाखों की चोरी की घटना रामापुर ग्राम सभा में हुई थी। रामगंज एक बीज भंडार गोदाम से लाखों रुपए का बीज एवं कीटनाशक दवाई गायब हो गई जो की सीसीटीवी कैमरे में चोर का फोटो तक आया लेकिन उसे चोर को ना पकड़ कर पुलिस एक नशेड़ी को पकड़ा नशेड़ी ने अपने गले को काट लिया जिसमें दो पुलिस सस्पेंड हो गए। नशेड़ी पुलिस को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में भर्ती कराकर लगभग 15 दिन उसका इलाज भी कराया जिसमें पुलिस वालों का हजारों रुपया खर्च हो गया तब जाकर नशेड़ी युवक की जान बची। वही जून महीने में ही टडौली ग्रामसभा मे मंजू सिंह के यहां पीछे से जगले का ग्रिल उखाड़ कर चोर लाखों के रुपए एवं जेवरात पर हाथ साफ कर चले गये। पीडित के द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया मौके पर पुलिस ने पहुंच कर छानबीन करते हुए अवशासन दिया कि जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। अवध इलेक्ट्रॉनिक के दुकान से लाखों के इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी हो गया उसका भी कुछ पता नहीं चला। लेकिन उस चोरी का भी खुलासा नहीं हो पाया अभी हाल ही में बाला पैकौली रोड पर व्यापारी सुनील गुप्ता 14 जून को वैष्णो देवी के दर्शन के लिए परिवार सहित गया था 20 जून को वापस आया तो देखा घर में सारा सामान बिखरा पड़ा है उसके घर में भी लाखों चोरी की घटना घटी जिसके घर चोरी की घटना घटी उसने चोर के कुछ सबूत पुलिस को दिया पुलिस ने चोर को पकड़ा और उसे 151 में भेज कर पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित सुनील गुप्ता का कहना है कि गोसाईगंज पुलिस के द्वारा जोर देकर समझौता करा दिया गया। आपको 50 हजार रुपए चोर से दिलाकर आपकी मदद करा देंगे। पीड़ित को कुछ नहीं मिला और मुकदमा भी दर्ज पुलिस ने नहीं किया। इस तरीके की कई घटनाएं गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में हो रही है लेकिन एक भी घटना का खुलासा गोसाईगंज पुलिस नहीं कर पा रही है। इनके मुखबिर तंत्र फेल है। कितने चोरियों का मुकदमा ही नहीं लिखा जाता है। शेरवा घाट ग्राम सभा में एक पत्रकार के यहां चोरी हुई उसका भी खुलासा नहीं हो पाया. पीड़ितों का कहना है कि जब कोई पीड़ित शिकायत लेकर थाने में जाता है तो उसे ही थाने में बैठा लिया जाता है. और उससे तरह-तरह के सवाल पूछे जाते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया का किया पुतला दहन

**अयोध्या धाम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा बताने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुस्से में आकर समाजवादी पार्टी के मुखिया का पुतला दहन रकाबगंज हनुमान जी के मंदिर के पास पर किया भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश जायसवाल ने कहा कि समाजवादी के मुखिया अखिलेश यादव की कुंठित मानसिकता का परिचायक है कि उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है जब नाश मनुष्य पर छाता है पहले विवेक मर जाता है अयोध्या के राजा प्रभु श्री राम ही हैं और कोई नहीं हो सकता राजनीति का स्तर इतना ज्यादा नहीं गिरना चाहिए ,भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि अखिलेश यादव को बोलने से पहले सोचना चाहिए कि जिन निहत्ते राम भक्तों पर उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने गोली चलवाया था इस अयोध्या नगरी के प्रभु श्री राम का अपमान बार-बार समाजवादी पार्टी कर रही है यह उनकी दूषित मानसिकता तो है ही है इनका हिसाब किताब प्रभु से राम जी ही करेंगे पुतला डायन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष रीना द्विवेदी हुकूमकेश पांडे पायल जैसवाल संजय पांडे ज्योति गुप्ता अर्जुन लाल गुप्ता प्रकाश गुप्ता आशीष गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार पांडे पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल शाहिद तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभागार अयोध्या में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में कुल 28 बच्चे सम्मिलित थे जिसमें से 16 बच्चे जनपद स्तरीय तथा 12 बच्चे राज्य स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित थे राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जनपद के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले निशुल्क गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के छात्र को माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलो द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया राज्य स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित मेधावी बच्चों को ?100000 का चेक एक टैबलेट मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया वहीं जनपद स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित बच्चों को 21000 रुपए का चेक एक टैबलेट मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा विधायक रुदौली रामचंद्र यादव जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार आर्य वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा वीरेश वर्मा प्रधानाचार्य एसएसबी इंटर कालेज प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य महाराजा इंटर कॉलेज तथा राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा सम्मानित होने वाले बच्चे और उनके अभिभावक सम्मिलित थे कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली अंशिका रावत के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने किस तरीके से पढ़ाई किया जाए तथा बच्चों को भविष्य में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए के बारे में बताया महापौर अयोध्या गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा शिक्षा पर सारगर्भित बातें कही गई तथा अंत में जिलाधिकारी के द्वारा विस्तृत रूप में शिक्षा प्राप्त करने तथा अवधारणात्मक रूप में किस तरीके से शिक्षा प्राप्त किया जाए जिससे शिक्षा केवल रटने का और सूचना का आधार न बन सके बल्कि व्यक्ति की समझ का आधार बन सके और भविष्य में पूछे जाने वाले प्रश्नों को विद्यार्थी हल कर सके इस बिंदु पर विस्तृत रूप में अपनी बात रखी तथा बच्चों को शुभकामना देते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया।

## साध्वी प्रतिभा शास्त्री ने रूबी सोनी को सौंपी अयोध्या की कमान

**अयोध्या।** सनातन धर्म परिषद भारत महिला प्रकोष्ठ की हुई आवश्यक बैठक। बैठक में मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनाना , सनातन धर्म के प्रति महिलाओं जागरूक करना महिलाओं को जो समाज में कुछ कर गुजरने के और सामाजिक कुरीतियो से आगे निकलने का कार्य करती है उनको सनातन संस्कृति मौका देता है। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रतिभा शास्त्री ने रूबी सोनी की असीम प्रतिभा को देखते हुए प्रदेश में शामिल किया गया है। अयोध्या मीडिया सेंटर के प्रबंध निदेशक एवं पत्रकार रूबी सोनी को प्रदेश की मीडिया प्रभारी का उत्तरदायित्व दिया गया है। नए पदभार मिलने के बाद अयोध्या मीडिया सेंटर के प्रबंध निदेशक एवं पत्रकार रूबी सोनी ने कहा कि जो भी कार्यभार मुझे सौंपा गया है। उसे पूरी निष्ठा से मजबूत कर शहर से लेकर गांव तक की महिलाओं को जोड़कर स्वावलंबी बनाना सनातन धर्म के प्रति लगाव पैदा करना सनातन धर्म परिषद का मुख्य उद्देश्य है।

## एंबुलेंस 108 मरीजों के साथ कर रही दर्व्यवहार

**बीकापुर -अयोध्या।** सरकार से मिलने वाली सुविधा को देने में एंबुलेंस पर चलने वाले एहसान लादने एवं जिम्मेदारी का निर्वाह करने की जगह गंभीर मरीज को भी अस्पताल के बाहर छोड़कर चले जाने में गर्व महसूस करते हैं। उक्त घटना बीकापुर सीएससी में उसे समय हुआ जब तारुन थाना क्षेत्र के चरांवा निवासी रामबाहाल शर्मा पुत्र राममिलन उम्र लगभग 65 वर्ष की तबीयत शुक्रवार को देर शाम लगभग साढ़े नौ बजे खराब होने पर 108 गाड़ी संख्या यूपी 32 ई जी 4912 से लेकर बिना डॉक्टर के सुपुर्द किया बाहर ही उतार कर चले गए। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर जितेंद्र पांडे मरीज की प्राथमिक उपचार के दौरान देखा की बीपी (ब्लेड प्रेसर) काफी बढ़ी है। बताया गया कि मरीज हार्ड का पेसेन्ट भी है। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। लोगों ने बताया कि 108 द्वारा डॉक्टर के सुपुर्द मरीज को देने के बाद रजिस्टर में हस्ताक्षर करवा कर रिसीव किया जाता है। जो समाचार लिखे जाने तक 108 द्वारा नहीं करवाया गया है जिसकी शिकायत 108 को पीड़ित ने शुक्रवार को ही फोन से कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी में शिकायतकर्ता ने दंडात्मक कार्यवाही की मांग उच्च अधिकारियों से की है। तथा काम की जगह बोझ उतारने की 108 की चर्चा क्षेत्र में आम होती देखी जा रही है।

## मां कामाख्या भवानी मंदिर का होगा कायाकल्प

**अयोध्या।** रामनगरी के पौराणिक धार्मिक स्थल मां कामाख्या भवानी धाम जो रुदौली तहसील क्षेत्र मे स्थित है, का प्रदेश के योगी सरकार सौन्दर्यीकरण कराएगी। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने व मां कामाख्या धाम को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने के लिए मंदिर का कायाकल्प कराया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने 80 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। रुदौली तहसील क्षेत्र स्थित मां कामाख्या भवानी मंदिर को लेकर लोगों मे बड़ी आस्था है। यहाँ प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं। यहाँ आने वाले लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश कि योगी सरकार मां कामाख्या धाम मंदिर का कायाकल्प करा रही हैं। पर्यटन निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कामाख्या भवानी मंदिर गेट का निर्माण किया जाएगा व पार्किंग की सुविधा की जाएगी। परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। इसके अलावा टॉयलेट रूम व बाथरूम भी बनाए जाएंगे। एक हफ्ते के अंदर या काम शुरू कर दिया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक में उद्यमियों द्वारा निम्न बिन्दु उठायें गये, सर्वप्रथम निवेश मित्र पोर्टल पर चर्चा हुयी, जिसमे सभी लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थान, गद्दौपुर के अन्दर जल भराव की स्थिति के निवारण हेतु नगर निगम, उद्योग विभाग, एन0एच0आई0 को निर्देशित किया गया कि स्थलीय जाँच कर समस्या का निवारण करायें। प्रगति इण्डस्ट्रीज के भूमि विनिमय के प्रकरण में उपजिलाधिकारी, रुदौली को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पर्यटन विभाग के लम्बित प्रमाण-पत्र हेतु उप निदेशक पर्यटन को निर्देशित किया गया।अयोध्या विकास प्राधिकरण के लम्बित मैप, अनुमोदन के प्रकरण में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को निवेशकों के साथ बैठक कर समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सरयू रतना होटल एवं अवध प्रीमियम इण्टर नेशनल एलएलपी के विद्युत सम्बन्धी समस्या हेतु अधिशाषी अभियन्ता विद्युत विभाग को कार्यवाही करने हेतु निदेर्शित किया गया।धनवन्तरी कंकरीट के ऋष्ण सम्बन्धी समस्या हेतु एलडीएम एवं सम्बन्धित बैंक को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आईआईए के अध्यक्ष शंकरलाल जायसवाल, जिला इकाई लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अजय सिंघल, एसबी सिंह, धीरजराज पाल सचिव, आईआईए अन्य प्रतिष्ठित उद्यमी व अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से दो गायों की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत नगर पंचायत कुमारगंज में बिजली पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से दो गाय की मौत हो गई। गनीमत रही कि बिजली पोल में दौड़ते करंट की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया, नहीं तो बड़ी घटना भी घट सकती थी। देशराज ने कहा कि हम गायों को छुड़ाने के लिए जा रहे थे लेकिन पास में खड़े लोग के चिल्लाने लगे जिसके चलते हम नहीं गए जिससे हमारी जान बच गई। घटना के बाद गाय पालक ने विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप लगाया हैं। बता दें कि शनिवार को क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। इसके चलते सड़कों और आने जाने वाले मार्गो के किनारे जलभराव की स्थिति बन गई थी।जानकारी के मुताबिक पिठला के रायबरेली नेशनल हाईवे के पश्चिम ओर संतराम विश्वकर्मा के घर के सामने लोहे का लगे 11000 हाई टेंशन के डबल विद्युत पोल में करंट फैला हुआ था। पोल के आस-पास पानी भी भरा हुआ था। माना जा रहा है कि दोनों गाय बिजली पोल के पास भरे पानी को पीने लगी तभी करंट की चपेट में आ गई, जिससे दोनों गायों की मौत हो गई। गाय पालक देशराज ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से उसकी गायों की मौत हुई।

# पर्यटन विभाग के ठेकेदार ने सौंदर्यीकरण के नाम पर बन्द किया भू स्वामी का गेट

**अवधनामा संवाददाता**

■ पीड़ित भू स्वामी ने ठेकेदार पर लगाया दबंगई का आरोप

**अयोध्या।** लक्ष्मी सागर के सौंदर्यीकरण के नाम पर पर्यटन विभाग के ठेकेदार पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बेटे भूस्वामी ने जबरदस्ती अपना गेट बन्द कर दीवार उठाने का गंभीर आरोप लगाया है। वह भी तब जब उसने उक्त शिकायत कमिश्नर गौरव दयाल से लिखित रूप में कर चुका है। कमिश्नर के आदेशों को क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने रद्दी की टोकरी में डालते हुए कोई कार्यवाही तो नही की अलबत्ता गेट जरूर बन्द करवा दिया।पर्यटन विभाग के कारस्तानी से नाराज पीड़ित ने शनिवार को पत्रकारों को अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीड़ित राम मोहन पुत्र स्वर्गीय डॉ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुरेंद्रनाथ ने बताया कि उनके पिताजी के नाम एक भूमि लाल बाग लक्ष्मी सागर के पास है जो फ्री होल्ड है। पीड़ित के पिता ने उसको चारों तरफ से बाउंड्री बनवाया और निकालने के लिए दो गेट भी बनवाए थे। जिसमें पीड़ित अपने घर से आता जाता है। पीड़ित का कहना है कि पिता की मृत्यु के बाद पीड़ित अपने भाइयों के साथ उक्त भूमि गाटा संख्या 830 व 831 रकबा 14507 वर्ग फीट का वरासतन मालिक व काबिज है और उसमें अपना कारोबार कर रहा है। पीड़ित राम मोहन का कहना है कि पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य ठेकेदार पिंटू सिंह को सौंपा गया है। ठेकेदार द्वारा जबरन मेरे रास्ते को बंद करने का कार्य किया जा रहा है। जो सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि जो जमीन की चौहद्दी अनुसार पश्चिम रास्ता अंकित है। उसका वर्षो से प्रयोग हो रहा है। उसके सिवाय मेरे पास कोई रास्ता नहीं है और इस तरह किसी के घर का रास्ता बंद नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में पीड़ित कमिश्नर से मिला कमिश्नर ने पर्यटन अधिकारी राजेंद्र यादव को इस मामले की जांच को लिखा लेकिन पीड़ित का कहना है कि उन्होंने ना तो मेरा फोन उठाया और ना ही अभी तक लक्ष्मी सागर पर हो रहे सौन्दर्यीकरण की जांच की गई। प्रेस वार्ता के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर सुरेंद्र नाथ पुत्र राम मोहन, शिव मोहन, बृजमोहन पौत्र अवि मोहन रवि मोहन आकाश मोहन अंकित मोहन दिव्य मोहन आदि मौजूद रहे।

# राम पथ के निर्माण: घोर लापरवाही बरतने के आरोप में छह अधिकारी निलंबित

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ के निर्माण और सीवर लाइन बिछाने में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा उत्तर प्रदेश जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पिछले शनिवार और मंगलवार रात हुई बारिश में यहां राम पथ के किनारे स्थित करीब 15 गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई थीं।राम पथ के किनारे स्थित घरों में न सिर्फ बारिश का पानी घुस गया, बल्कि नवनिर्मित राम पथ एक दर्जन से अधिक स्थानों पर धंस गया। राज्य सरकार ने इस मामले में अहमदाबाद स्थित कंपनी भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया है। विशेष सचिव विनोद कुमार ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल और सहायक अभियंता अनुज देशवाल को निलंबित करने के आदेश जारी किए। वहीं, कनिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पांडेय को निलंबित करने का आदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता (विकास) वी के श्रीवास्तव ने जारी किया। उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने अयोध्या में पदस्थ अधिशासी अभियंता आनंद कुमार दुबे, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार यादव और अवर अभियंता मोहम्मद शाहिद को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से जारी एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि राम पथ की सबसे ऊपरी परत निर्मित किये जाने के तुरंत बाद क्षतिग्रस्त हो गई। इससे राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता के तहत किए जा रहे कार्यों में शिथिलता सामने आई और आम लोगों के बीच राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा है।

कार्यालय आदेश में कहा गया, ÷इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए निर्माण खंड-तृतीय के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम सात के तहत निलंबित किया जाता है। वह अयोध्या में मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।÷ प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी, अजय चौहान ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट ने महाआरती, विशाल भण्डारा के साथ मनाया माँ सरयू का छट्ठी महोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** माँ सरयू का दुग्धाभिषेक , पाँच हजार बत्तियों से महाआरती एवं हजारों भक्तों का भण्डारा में प्रसाद वितरित कर नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट ने नयाघाट स्थित संत तुलसीदास (कच्चा घाट) पर पावन सलिला माँ सरयू का छट्ठी महोत्सव धूमधाम से भव्यता के साथ संतो के मध्य मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट अध्यक्ष एवं समारोह संयोजक पंडित राकेश कुमार राजा महाराज ने श्री मणि राम दास क्षावनी के महन्त कमलनयन दास जी महाराज के द्वारा माँ सरयू का पूजन एवं दुग्धाभिषेक से वैदिक मंत्रोचारण के साथ वैदिक पंडितों ने शुरुआत कराया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रख्यात ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित राकेश तिवारी , श्री राम आश्रम महन्त जयराम दास , नगरनिगम अयोध्या महापौर महन्त गिरीश पति तिवारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।महोत्सव के संयोजक एवं ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित राकेश कुमार राजा महराज ने बताया कि समारोह में मां सरयू का कई कुंतल दूध से अभिषेक-पूजन हुआ। उसके बाद पांच वैदिक ब्राह्मणो के द्वारा मैया की भव्य महाआरती उतारी गयी।इस अवसर पर भजन गायक मोहन शास्त्री ने आपने भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। मंच पर ही मयूर नृत्य का भी आयोजन हुआ। तदुपरांत वृहद भंडारे में हजारों भक्तों को पूड़ी, सब्जी, बुंदिया का प्रसाद वितरित किया गया।जो देर रात हरि इच्छा तक चला। उन्होंने बताया कि यह संस्था विगत लगभग 16 वर्षो से सरयू जयंती व सरयू मैया का छट्ठी महोत्सव मना रही है, जिसके संरक्षक श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्यगोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी महन्त कमलनयन दास हैं। उन्हीं के संरक्षकत्व में प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम मनाया जाता है। महाराज ने बताया कि नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट विगत कई वर्षो से संत तुलसीदास कच्चा घाट पर तीन पुजारियों , विशेष अवसर पर पांच पुजारियों से नित्य सायंकाल सरयू आरती कर रहा है। आरती व पुजारी का सम्पूर्ण खर्चा संस्था स्वयं वहन कर रही है।इस अवसर पर यूको बैंक जोनल हेड मिलन दुबे, मैनेजर अशोक दुबे पुजारी पंडित गौरेश पाण्डेय (अभिषेक),सावलिया मन्दिर के सूरज मिश्रा, भीम निषाद, श्यामू गुप्ता, डॉ ब्रजकिशोर पाण्डेय, संजय मिश्रा (सिस्टम महराज),अनिरुद्ध शुक्ला प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# वार्ता विफल, धरना जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**बीकापुर-अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा बीकापुर तहसील परिसर में चलाए जा रहे हैं अनिश्चितकालीन धरने के नवें दिन चक्का जाम करने के धमकी देने के बाद तहसील व पुलिस प्रशासन नींद तोड़कर वार्ता करने पहुंचा दो चक्र वार्ता में बात नहीं बनी और अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।

विदित है कि किसानों मजदूरों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा 10 जून 2024 को व 22 जून 2024 को तहसील परिसर में पंचायत करके नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था समस्या समाधान न होने पर 22 जून 2024 से शहीद स्मारक तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना चलाया जा रहा है धरने के नवें दिन आंदोलनकारी द्वारा चक्का जाम की धमकी दी गई जिसके कारण पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन कुंभकरणी नींद तोड़कर वार्ता करने पहुंचा, दो चक्र वार्ता में बात नहीं बनी और आंदोलन जारी रखने की घोषणा की गई। प्रथम चक्र की वार्ता में तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह व कोतवाल बीकापुर लालचंद सरोज धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार द्वारा यह कहने पर की हमें कोई जानकारी नहीं थी जानकारी होने पर आया हूं आंदोलनकारी आग बबूला हो गए और वार्ता विफल हो गई कुछ देर बाद क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेंद्र सिंह कोतवाल बीकापुर नायब तहसीलदार रामखेलावन दलबल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे लंबी वार्ता के बाद भी समस्या समाधान न होने पर वार्ता विफल हो गई अन्त में यह तय किया गया कि दिनांक 01-07 2024 दिन सोमवार को उप जिला अधिकारी बीकापुर की अध्यक्षता में समस्याओं से संबंधित सक्षम अधिकारियों व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग तहसील परिसर के सभा कक्ष में होगी। भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा व जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बहुत बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा और ज्ञापन की एक-एक समस्याओं के समाधान होने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा।

# दुबला-पतला शरीर में चढ़ेगा मांस, इन हरे पत्तों को खाकर आपको मिलेगा दूध से 10 गुना ज्यादा प्रोटीन

आजकल के बच्चे हरी सब्जियां खाना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। हरी सब्जियों को घास-फूस समझते हैं। लेकिन ये लोग नहीं जानते कि इनमें प्रोटीन का खजाना छिपा है, जो शरीर को ताकत देती है। ऐसे ही सहजन पेड़ के पत्ते होते हैं। इन्हें मोरिंगा के पत्ते भी कहा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक इनके अंदर दूध, दही, पनीर से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। वहीं, इनमें कैल्शियम की कमी पूरी की जा सकती है। चलिए आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।



***हस्ट-पुष्ट होगी बॉडी***

मोरिंगा के पत्तों में दूध, दही और अंडे से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। मोरिंगा के पत्तों को पाउडर बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है। इसे आप सलाद, अंडे, पास्ता के ऊपर छिड़कर खा सकते हैं। इसे सूप, डिप्स बनाकर खा सकते हैं। इसे जूस, नारियल पानी, स्मूदी, आइसक्रीम में मिलाकर खा सकते हैं।

***10 गुना प्रोटीन और 20 गुना कैल्शियम का सोर्स है मोरिंगा***

शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन डाइट का विकल्प बहुत ही कम मिलता है। शाकाहारी लोगों के लिए दूध प्रोटीन का मुख्य सोर्स होता है। यूएसडीए के मुताबिक 100 ग्राम दूध 3.28 ग्राम प्रोटीन देता है। हालांकि, यूएसडीए के मुताबित 100 ग्राम मोरिंगा पाउडर से 33 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन मिलता है। बता दें कि, इतना पोषण तो अंडा में भी नहीं मिलता। हड्डियों को मजबूत करने में मोरिंगा पाउडर अधिक बलशाली है। जहां दूध से करीब 123 एमजी कैल्शियम मिलता है, वहीं इतनी ही मात्रा में मोरिंगा पाउडर 2667 एमजी कैल्शियम देता है।

***आंखों के लिए फायदेमंद***

मोरिंगा पाउडर आपकी आंखों और इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकता है। क्योंकि इसमें विटामिन ए की भरमार होती है। जो आपकी नजर और इम्यूनिटी को तेज करने में मदद करता है।

***शुगर लेवल को कंट्रोल करता है***

डायबिटीज रोगियों के लिए यह चूर्ण रामबाण इलाज बन सकता है। यह ब्लड शुगर कम करने वाले गुणों की वजह से डॉक्टर इसका ज्यादा सेवन करने से मना करते हैं। क्योंकि यह ब्लड ग्लूकोज को बहुत ज्यादा भी गिरा सकता है।

***कोलेस्ट्रॉल से राहत दिलाता***

गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मोरिंगा लीव्स काफी फायदेमंद है। नसों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल पर प्रेशर बढ़ जाता है। यह दिल का दौरा का कारण भी बन सकता है। वहीं, मोरिंगा पाउडर लिपिड प्रोफाइल को कम करके गंदे कोलेस्ट्रॉल से राहत देता है।

# समर में कॉफी का एक घूंट बन सकता है आपके लिए जहर, हो सकती हैं ये समस्याए



गर्मियों में थोड़ी देर के लिए भी घर से बाहर जाने से शरीर की एनर्जी कम होने लगती है। भीषण गर्मी और धूप से बचाव करने के लिए हमें अपनी डाइट का सही ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। साथ ही ऐसे खाने से दूरी बनानी चाहिए, जो गर्मियों में आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाए। ऐसा ही एक फूड आइटम कॉफी है। हर व्यक्ति रोजाना दिन में एक-दो कप कॉफी पी लेता है। वहीं भीषण गर्मी में भी लोग ऑफिस आदि में कॉफी पीते हैं। भले ही एक कप कॉफी काम में एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हो, लेकिन इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

क्योंकि गर्मियों में हमारे शरीर का तापमान बढ़ा होता है, ऐसे में आपको अपने शरीर को ठंडक पहुंचाने की जरूरत होती है। लेकिन कॉफी शरीर को ठंडा करने में मदद नहीं करती है। इसलिए अगर आप भी पूरा दिन में एक-दो कप कॉफी पीते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॉफी पीने से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

***डिहाइड्रेशन***

कॉफी में कैफीन की मात्रा पायी जाती है। वहीं अगर आप कॉफी का अधिक सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर का टेंपरेचर बढ़ सकता है और पसीने की मात्रा बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्मियों में डिहाइड्रेशन होना एक आम परेशानी है, ऐसे में आप कॉफी की जगह पानी पीते रहें। इससे आपका शरीर भी ठंडा रहेगा।

***शरीर का तापमान बढ़ना***

कॉफी में मौजूद कैफीन आपके शरीर के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर सकती है। जो गर्मी में आपके लिए असहनीय हो सकता है। शरीर का तापमान बढ़ने से पसीना अधिक आ सकता है, जोकि थकान और चक्कर का कारण बन सकता है। वहीं इस मौसम में कॉफी का सेवन करने से मतली जैसी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

***नींद में कमी आना***

बहुत सारे लोग देर रात तक काम करने के दौरान कॉफी पीते हैं। लेकिन यह आपकी सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। इसमें कैफीन की मात्रा होती है, जो आपकी नींद की क्वालिटी को खराब कर सकती है। वहीं पर्याप्त नींद न लेने के कारण आप अधिक बेचैन व थके हुए लग सकते हैं।

***हार्ट अटैक का खतरा***

अधिक कैफीन का सेवन करने से दिल का दौरा और हाई ब्लड प्रेशर का अधिक खतरा रहता है। वहीं दिल की बीमारी से परेशान लोगों के लिए कॉफी पीना सही नहीं माना जाता।

# पुरुषों के लिए बेहद जरूरी होता है टेस्टोस्टेरोन हार्मोन, इसकी कमी से हड्डियां हो सकती हैं कमजोर

टेस्टोस्टेरोन एक ऐसा हार्मोन होता है, जो महिलाओं और पुरुषों दोनों में पाया जाता है। लेकिन यह पुरुषों में अधिक मात्रा में पाया जाता है। वहीं अगर किसी पुरुष के अंदर टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की कमी होती है, तो उनके साथ बाल झड़ने की समस्या और थकान आदि की समस्या देखने को मिल सकती है। इस हार्मोन की कमी से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और व्यक्ति को ओस्टियोपोरोसिस का खतरा भी बढ़ सकता है।

वहीं शरीर में इस हार्मोन की कमी न हो, इसके लिए अपनी लाइफस्टाइल में सही आदतों को अपनाना बेहद जरूरी होता है। तो आइए जानते हैं कि किन हेल्दी आदतों को अपनाकर टेस्टोस्टेरोन की कमी को पूरा कर सकते हैं।

***टेस्टोस्टेरोन को बढ़ाने के लिए करें ये काम***

***हेल्दी डाइट***

हर व्यक्ति को हेल्दी और पोषण वाली डाइट लेनी चाहिए। डाइट ऐसी होनी चाहिए कि उसमें सभी तरह के मिनरल्स, विटामिन्स, विटामिन डी, मैग्नीशियम और जिंक आदि पर्याप्त मात्रा में हो। अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, मेवे, सब्जियां, दाल, मछली और अंडा आदि शामिल करें। इस तरह की हेल्दी डाइट लेने से आपके शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की कमी नहीं होगी।

***रेगुलर एक्सरसाइज***

रेगुलर एक्सरसाइज करके भी आप टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बढ़ा सकते हैं। एक्सरसाइज में आप योग, हल्का दौड़ और वजन उठाना आदि शामिल कर सकते हैं।

***नींद है जरूरी***

रात को सही नींद आना और समय पर सोना भी टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में सहायक होता है। शरीर में टेस्टोस्टेरोन सही हो, इसके लिए आपकी स्लीप साइकिल का हेल्दी होना बेहद जरूरी है। क्योंकि सही तरीके से नींद न लेने से आपको तनाव हो सकता है। जोकि आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकता है।

***स्ट्रेस***

यदि आप जरूरत से ज्यादा तनाव लेते हैं, तो यह भी शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की कमी को बढ़ा सकता है। स्ट्रेस कम करने के लिए आप योग,



मेडिटेशन व अन्य तरीकों को अपना सकते हैं। बता दें कि टेस्टोस्टेरोन हार्मोन प्रोडक्शन मेंटली खुश रहना बेहद जरूरी होता है।

***दवाईयां***

टेस्टोस्टेरोन संशोधक थेरेपी जैसी कुछ दवाइयां टेस्टोस्टेरोन के लेवल को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। हालांकि इस तरह की दवाओं का सेवन सिर्फ डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

# सब्जा सीड्स के सेवन से सेहत को मिलेंगे गजब के फायदे, जानिए डाइट में कैसे करें शामिल



सब्जा के बीज को मीठी तुलसी, तकमारिया सीड्स और बेसिल सीड्स के तौर पर भी जाना जाता है। यह दिखने में चिया सीड्स की तरह होता है। बता दें कि सब्जा के छोटे-छोटे बीज को न्यूट्रिशन का पावर हाउस कहा जाता है। इसका रोजाना थोड़ी मात्रा में सेवन करने से शरीर को कई तरह से फायदे मिलते हैं। हालांकि यह बीज थोड़े सख्त होते हैं और इनको खाना पॉसिबल नहीं है। सब्जा के बीज खाने से पहले इनको थोड़ी देर के लिए पानी में भिगोकर रखना होता है। इसके बीजों की आप जूस, स्मूदी, शेक के अलावा डेजर्ट में भी उपयोग कर सकते हैं।

सब्जा के बीज में फाइबर, विटामिन ए, के, हेल्दी फैट, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, कार्ब्स के अलावा कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं। साथ ही इनमें कैलोरी न के बराबर होती है। सब्जा के बीज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए इसका गर्मियों में सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सब्जा के बीजों को सेवन करने से आपको क्या फायदे मिलते हैं।

***सब्जा बीज***

इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है और इसका सेवन करने से पेट भरा रहता है। इसको खाने से बार-बार भूख नहीं लगती है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। सब्जा के बीजों में अल्फा लिनोलेनिक एसिड भी मौजूद होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करने के साथ ही वेट को भी कंट्रोल करता है।

***पाचन होगा दुरुस्त***

सब्जा के बीज में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभकारी है। इसका सेवन गैस, एसिडिटी, कब्ज और हार्टबर्न जैसी कई समस्याओं में राहत देने का काम करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसको खाने से पेट भी ठंडा होता है।

***ब्लड शुगर होगा कंट्रोल***

सब्जा सीड्स टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए भी रामबाण है। इसका सेवन करने से अचानक से बढ़ने वाले ब्लड शुगर लेवल की समस्या को दूर किया जा सकता है।

***सर्दी-खांसी से राहत***

इसके बीजों में न्यूट्रिशन इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। इम्यूनिटी मजबूत होने से व्यक्ति कई तरह की मौसमी व संक्रामक जैसी बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं।

# गर्मियों में ठंड का एहसास होना इन बीमारियों का है संकेत, इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

बदलते मौसम के साथ ही कई बीमारियां शरीर को घेरने लगती हैं। सर्दी-खांसी और वायरल इंफेक्शन जैसी समस्याओं से खुद को बचाने के लिए सेहत का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। लेकिन अगर गर्मी के मौसम में सर्दी लगे, तो इस लक्षण को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह किसी बीमारी का लक्षण हो सकता है। बच्चों और बूढ़ों पर बदलते मौसम का असर सबसे ज्यादा होता है। ऐसे में अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा सा बदलाव कर खुद को स्वस्थ रखा जा सकता है। यदि गर्मी में सर्दी लगने लगे तो इससे बचने के लिए आप कुछ उपाय आजमा सकते हैं।


बता दें कि कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है। वहीं सर्दी के मौसम में इन लोगों को जल्द सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं होने लगती हैं। हालांकि ऐसा होना नॉर्मल है। लेकिन कुछ लोगों को गर्मी में भी ठंड लगने लगती है, जोकि नॉर्मल लक्षण नहीं है। यदि आपको भी गर्मी के मौसम में सर्दी लगती है, तो आपको अलर्ट होने की जरूरत है। क्योंकि यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। तो आइए जानते हैं कि गर्मी में सर्दी लगना किस बीमारी का लक्षण या संकेत हो सकता है।

***खून की कमी***

अगर आपको भी गर्मी के मौसम में सर्दी लगती है, तो यह एनीमिया बीमारी का संकेत हो सकता है। जिन लोगों के शरीर में हीमोग्लोबिन या लाल रक्त कोशिकाओं की कमी होती है, उनको एनीमिया हो जाता है। इसका इलाज बहुत जरूरी होता है। क्योंकि यदि इस बीमारी को नजरअंदाज किया जाए, तो इससे पीड़ित व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

***डाइटिंग***

कुछ लोग जल्दी वेट लॉस के लिए जरूरत से ज्यादा डाइटिंग



करने लगते हैं। ऐसा करने पर एनोरेक्सिया की समस्या शुरू हो जाती है। बता दें कि एनोरेक्सिया नर्वोसा एक तरह का ईटिंग डिसऑर्डर है। यह बीमारी उन लोगों को होती है, जो वेट बढ़ने के डर से खानपान बहुत कम कर देते हैं। वहीं कुछ लोग खाना खाने के बाद उल्टी कर पूरा खाना बाहर निकाल देते हैं। एनोरेक्सिया के होने पर शरीर का फैट काफी कम हो जाता है। इसलिए व्यक्ति को गर्मी के मौसम में भी सर्दी लगती है। इसके अलावा इस बीमारी से पीड़ित लोगों को कब्ज और पेट दर्द जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं।

***हाइपोथायरायड***

इसके अलावा गर्मी में ठंड का एहसास होने पर हाइपोथायरायड बीमारी का संकेत हो सकता है। अगर गर्मी में भी आपको ठंड लगती है, तो फौरन हेल्थ एक्सपर्ट से जांच करवानी चाहिए। इस बीमारी के होने पर थायराइड हार्मोन का उत्पादन बंद हो जाता है। जिसके कारण व्यक्ति को सर्दी लगती है। हाइपोथायरायड के मरीज को ठंड लगने के अलावा तनाव, थकान और डिप्रेशन जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

***गर्मियों में ठंड लगने पर क्या करें***

अगर किसी व्यक्ति को गर्मी में भी अधिक ठंड लग रही है, तो सबसे पहले हेल्थ एक्सपर्ट से अपनी समस्याएं बताएं। साथ ही लाइफस्टाइल में थोड़ा बदलाव करें। इससे आपको आराम मिलेगा।

***पानी की कमी***

गर्मियों में खुद को हाइड्रेट रखें। इसके लिए पूरा दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। भले ही आपको प्यास न लगी हो, लेकिन इसके बाद भी थोड़ी-थोड़ी देर पर पानी पीने की आदत डालें। बता दें कि शरीर में पानी की कमी होने पर चक्कर आना, मुंह सूखना और पेशाब में तकलीफ आदि समस्याएं हो सकती हैं।

***हेल्दी डाइट***

अगर आप हेल्दी डाइट फॉलो करते हैं, तो भी आप गर्मी में ठंड लगने की समस्या से बच सकते हैं। क्योंकि हेल्दी डाइट आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ ही सर्दी-जुकाम और इंफेक्शन से बचाने का काम करता है।

***बच्चों का ऐसे रखें ध्यान***

बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें निमोनिया और इन्फ्लूएंजा के बचाव का टीका जरूर लगवाना चाहिए। इसके अलावा बच्चों की डाइट और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

***साफ-सफाई है जरूरी***

किसी भी तरह की बीमारी से बचने के साफ-सफाई बेहद जरूरी होती है। इसलिए व्यक्तिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, कुछ भी खाने से पहले हाथों को अच्छे से धोएं। घर से बाहर निकलने के दौरान मास्क पहनें।

# तेजी से घटाना है वजन तो डाइट में शामिल करें ये हाई प्रोटीन फल

फलों का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग फलों का सेवन मिड मील के दौरान हल्की भूख को मिटाने के लिए करते हैं। हालांकि, अगर आप अपने फिटनेस गोल्स को ध्यान में रखते हुए फलां का सेवन करते हैं तो इससे आपको स्वाद के साथ-साथ अन्य लाभ भी मिलते हैं। मसलन, अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उन फलों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए, जिनमें प्रोटीन कंटेंट अधिक हो।

जब आप प्रोटीन रिच फलों का सेवन करते हैं तो इससे आप लंबे समय तक फुलर फील करते हैं और अनहेल्दी फूड आइटम्स को खाने से बच जाते हैं। साथ ही, आप अपने कैलोरी काउंट को बनाए रख पाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हाई प्रोटीन फलों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस में आपकी मदद कर सकते हैं-

***अमरूद***

अगर आप वेट लॉस डाइट पर हैं तो आपको अमरूद को अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। इसमें प्रोटीन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। एक कप अमरूद लगभग 4.2 ग्राम प्रोटीन प्रदान करता है। प्रोटीन की मात्रा के अलावा, अमरूद में फाइबर और विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं। यह आपके इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्किन हेल्थ को इंप्रूव करने और स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

***ब्लैकबेरी***

वेट लॉस डाइट में ब्लैकबेरी को शामिल करना अच्छा विचार है। ब्लैकबेरी प्रति कप लगभग 2 ग्राम प्रोटीन प्रदान करती है। वे विटामिन सी और के और फाइबर से भी भरपूर होते हैं। इतना ही नहीं, उनमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं। ब्लैकबेरी को आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर इसे स्मूदी में भी शामिल किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो ब्लैकबेरी को अपने नाश्ते का हिस्सा भी बना सकते हैं।

***संतरे***

संतरा एक ऐसा फल है, जिसमें विटामिन सी बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है, लेकिन इसमें कुछ हद तक प्रोटीन भी होता है। संतरे में प्रति कप लगभग 1.69 ग्राम प्रोटीन होता है। संतरे आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। साथ ही साथ, वे डायटरी फाइबर भी प्रदान करते हैं, जो पाचन में सहायता करता है और कब्ज से बचने में मदद करता है।







# उपराज्यपाल सिन्हा ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू से किया रवाना

**जम्मू (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह यहां के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उपराज्यपाल ने सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उपराज्यपाल ने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। वैदिक मंत्रों के जाप के बीच 4603 यात्रियों के पहले जत्थे को 231 हल्के और भारी वाहनों के काफिले में भगवती नगर जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर सिन्हा ने मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया है। पिछले 3-4 साल में यात्रा के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं और इस बार भी जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। सुरक्षा बढ़ाई गई है। अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले हजारों लोग जम्मू पहुंच चुके हैं। पहला जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच काफिले में यात्रा करेगा और पहलगाम और बालटाल बेस कैंप पहुंचेगा। वहां से वे अपनी अमरनाथ यात्रा शुरू करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख आध्यात्मिक नेता, धार्मिक संगठनों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, नागरिक प्रशासन, पुलिस, सुरक्षाबलों और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि हमें उम्मीद है कि भोले शंकर की कृपा से इस साल भी यात्रा खुशियां लेकर आएगी और हर साल की तरह सभी के लिए एक अच्छा अनुभव होगा। लोगों को जम्मू-कश्मीर वासियों का प्यार, स्नेह और दुलार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोगों को भगवान शिव का आशीर्वाद मिलेगा। पूरा भारत और जम्मू-कश्मीर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। हर साल की तरह इस साल भी सभी इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उधमपुर की डिप्टी कमिश्नर सलोनी राय ने कहा कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। उधमपुर से बनिहाल तक करीब 10 सीसीटीवी पॉइंट बनाए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी की जाएगी। अगर यातायात से जुड़ी कोई समस्या आती है, तो हम उसका तुरंत समाधान कर सकते हैं।

**विकास**

**पूरा भारत और जम्मू-कश्मीर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। हर साल की तरह इस साल भी सभी इंतजाम किए गए हैं।**



## भाजपा ने कल्लाकुरिची अवैध शराब त्रासदी पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची अवैध शराब त्रासदी मुद्दे के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की। शुक्रवार को भाजपा नेता अनिल एंटनी, अरविंद मेनन और सांसद जीके वासन ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से मुलाकात की और कल्लाकुरिची (तमिलनाडु) अवैध शराब त्रासदी के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद भाजपा नेता अनिल एंटनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से लगभग 66 लोगों की मौत हो गई है और 150 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों में से ज्यादातर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं।

# उद्यमिता से ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः के.आर.सुन्दरम


**लखनऊ (हि.स.)।** स्वदेशी जागरण मंच की तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक शुक्रवार को लखनऊ के एसआर इंस्टीट्यूट के परिसर में शुरू हुआ। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक के.आर.सुन्दरम ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग उद्यमिता ही है। स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य भारत को नौकरी मांगने वालों के देश से नौकरी देने वाला बनाना है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक के आर.सुन्दरम ने कहा कि लोगों को स्वदेशी की ओर लौटने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन समय की मांग है। बेरोजगारी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश के युवाओं को स्वावलम्बी बनाने की जरूरत है। भारत का युवा अगर धैर्य व साहस के साथ तय कर ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगडी के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ठेंगड़ी जी कहा करते थे कि स्वदेशी खरीदो और स्थानीय खरीदो, रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्वरोजगार की आवश्यकता है। वे मानते थे, जब तक देश आत्मनिर्भर नहीं बनेगा, देश का चहुंमुखी विकास नहीं होगा। साथ ही पर्यावरण अच्छा बने,संस्कारित परिवारों का निर्माण हो और आयुर्वेद को लेकर जीवन भर सक्रिय रहे। के आर.सुन्दरम ने रोजगार सृजन केंद्रों की चर्चा करते हुए कहा कि भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए बड़ी संख्या में जिला रोजगार सृजन केंद्र खोले गये हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से युवाओं को उद्यम स्थापित करने में सहायता मिल रही है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग उद्यमिता ही है। स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य भारत को नौकरी मांगने वालों के देश से नौकरी देने वाला बनाना है। अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी है कि इस राष्ट्रीय परिषद की बैठक में स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े देश के करीब 300 प्रतिनिधि हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य व्ही भागय्या भी उपस्थित हैं।




# उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए छात्रों-अभिभावकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।**(हि.स.)। केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति एक समर्पित वेबसाइट - इनोवेट इंडिया एग्जामिनेशन रिफॉर्म्स के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं। इस पर छात्र-अभिवावक आदि परीक्षा निकाय एनटीए में सुधार के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। एनटीए देशभर में नीट, जेईई, सीयूईटी और यूजीसी-नेट जैसी प्रमुख परीक्षाएं आयोजित करता है। शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में कथित अनियमितता के आरोप के बाद 22 जून को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों और उच्च शिक्षण संस्थानों के सदस्यों वाली इस समिति का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करना, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाना और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की संरचना और संचालन की समीक्षा करना है। समिति 27 जून से 7 जुलाई तक हितधारकों, विशेष रूप से छात्रों और अभिभावकों से सुझाव और विचार मांग रही है।




## लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित, नीट पर हंगामा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** विपक्ष के नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष चाह रहा था कि सरकार नीट मुद्दे पर चर्चा कराए जबकि संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केवल धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा होती है। लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित हुई। कार्यवाही की शुरुआत में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट के मुद्दे पर अपनी बात रखने की मांग की। इसके चलते कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने फिर यही मुद्दा उठाया। इसपर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद किसी अन्य विषय पर चर्चा की कोई परंपरा नहीं रही है। इसके बाद केवल धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा होती है। हंगामे को बढ़ता देख अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले सुबह लोकसभा अध्यक्ष ने दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ब्रह्मानंद मंडल, जयभद्र सिंह, डी. वेणुगोपाल मनोहर जोशी, डॉ. शफीकुर रहमान बर्क, सी.पी.एम. गिरियप्पा, ए. गणेशमूर्ति, कुँवर सर्वेश कुमार, राजवीर दिलेर, वी. श्रीनिवास प्रसाद, एम. सेल्वराज, सुशील कुमार मोदी और प्रतापराव बी भोसले को श्रद्धांजलि दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर तृणमूल कांग्रेस सदस्य एसके नुरुल इस्लाम ने शपथ ली। तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने अपने ही स्थान से शपथ ग्रहण की।




# छोटे किसानों की जरूरत के लिए विकसित ट्रैक्टर, रांची के एमएसएमई ने संयंत्र लगाने में दिखाई रुचि

**नई दिल्ली(हि.स.)।** सीएसआईआर-सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसआईआर-सीएमईआरआई) ने सीमांत और छोटे किसानों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम हॉर्स पावर रेंज का एक कॉम्पैक्ट, किफायती और आसानी से चलने योग्य ट्रैक्टर विकसित किया है। रांची स्थित एमएसएमई ने ट्रैक्टर के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित कर इसके निर्माण में रुचि दिखाई है। ट्रैक्टर को 9 एचपी डीजल इंजन के साथ 8 फॉरवर्ड और 2 रिवर्स स्पीड, पीटीओ के साथ 6 स्प्लिन 540 आरपीएम के साथ विकसित किया गया है। ट्रैक्टर का कुल वजन लगभग 450 किलोग्राम है, जिसके आगे और पीछे के पहिये का आकार क्रमशः 4.5-10 और 6-16 है। व्हीलबेस, ग्राउंड क्लीयरेंस और टर्निंग रेडियस क्रमशः 1200 मिमी, 255 मिमी और 1.75 मीटर हैं। भारत में सीमांत और छोटे किसानों की संख्या 80 प्रतिशत से अधिक है। उनकी एक बड़ी आबादी अभी भी बैल चालित खेती पर निर्भर है, जिसमें परिचालन लागत, रखरखाव लागत और रिटर्न एक चुनौती है। बड़े ट्रैक्टर छोटे किसानों के लिए अनुपयुक्त हैं और अधिकांश छोटे किसानों के लिए उनकी पहुंच से बाहर हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कहना है कि यह खेती को गति देने में मदद कर सकता है, बैलगाड़ी को लगने वाले कई दिनों की तुलना में इसे कुछ ही घंटों में पूरा कर सकता है। किसानों की पूंजी और रखरखाव लागत को भी कम कर सकता है। इसलिए, किफायती कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बैल चालित हल की जगह ले सकता है।



# स्लोवाकिया में ट्रेन और बस के बीच टक्कर, 6 लोगों की मौत और 5 घायल; राष्ट्रपति बोले- पीड़ितों के लिए दुखी हूं

**स्लोवाकिया।** यूरोप के स्लोवाकिया से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बताया जा रहा है, स्लोवाकिया में एक ट्रेन और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है और पांच अन्य घायल हैं। इस हादसे के दौरान यूरोसिटी ट्रेन में 100 से अधिक लोग सवार थे। पुलिस और स्लोवाक रेलवे कंपनी 'स्स्च ने इस बात की जानकारी दी है।

ZSSK ने कहा कि घटना में 6 लोगों की मौत हुई है और पांच अन्य घायल हुए है। साथ ही ZSSK ने इस दुर्घटना में घायल और मृतकों के परिवार और परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। 'स्स्च ने आगे बताया है, ट्रेन चेक राजधानी प्राग से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही थी। तब ट्रेन दक्षिणी स्लोवाकिया में एक बस से टकरा गई इसके फंसे हुए 100 से अधिक यात्रियों को बसों की तरफ से हंगरी की सीमा पर स्टुरोवो शहर ले जाया जा रहा है। हमारे कर्मचारियों की सहायता से सभी यात्रियों को घटनास्थल से निकाल लिया गया। हमारे दिल और संवेदनाएं उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं।

स्लोवाक आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने भी इस घटना को लेकर जानकारी दी है, आपातकालीन चिकित्सा सेवा का कहना है कि दक्षिणी स्लोवाकिया के नोवे जमकी में दुर्घटना स्थल पर आपातकालीन प्रतिक्रिया जारी है। पांच एम्बुलेंस गाड़ी और तीन एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर हैं। स्लोवाक राजनेताओं ने भी इस घटना पर दुख जताया है।स्लोवाक स्वास्थ्य मंत्री जुजाना डोलिनकोवा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, गहरे दुख के साथ, मुझे नोवे जमकी में देर दोपहर हुई एक दुखद दुर्घटना की जानकारी मिली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, जो यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रुसेल्स में थे ने भी सोशल मीडिया पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मुझे सभी पीड़ितों के लिए बहुत दुख है और उनके परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं और डॉक्टरों और बचाव टीमों को उनके काम के लिए धन्यवाद देता हूं।





# इमरान खान और उनकी पत्नी को पाकिस्तान कोर्ट से झटका, अवैध निकाह मामले में सजा निलंबित करने की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी का अवैध निकाह वाला मामला तूल पकड़ रहा है। अब इस मामले को लेकर अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की सजा निलंबित करने की अपील खारिज कर दी। बता दें कि इस मामले में 3 फरवरी को जिला और सत्र अदालत ने 5,00,000 रुपये के जुर्माने के साथ सात साल की जेल की सजा सुनाई थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीएसजे अफजल मजोका ने मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई थी और तब इस फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद आज फिर अदालत ने इस मामले में सुनवाई की तो इससे रावलपिंडी की अदियाला जेल से इमरान खान और बुशरा बीबी की रिहाई की उम्मीदें धराशायी हो गईं, बता दें कि जहां 71 साल के इमरान खान पर कई मामले दर्ज हैं, वहीं उनकी 49 साल की पत्नी बुशरा भी कई मामलों का सामना कर रही हैं। इस केस को इद्दत केस के नाम से जाना जाता है, बीबी के पूर्व पति खावर मनेका ने नवंबर 2023 में जोड़े के खिलाफ मामला दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना बीबी से शादी की। उन्होंने कोर्ट से इस शादी को अमान्य घोषित करने की मांग की। इससे पहले, पति पत्नी ने जिला और सत्र न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद के समक्ष दोषसिद्धि को चुनौती दी थी, जिन्होंने उस समय खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था जब सुनवाई पूरी हो चुकी थी और अदालत को फैसला सुनाना था। मामला पिछले हफ्ते एडीएसजे मजोका को ट्रांसफर कर दिया गया था और इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने सत्र अदालत को 10 दिनों में फैसला करने का आदेश दिया था। खान और बीबी ने 2018 में शादी की, जिस साल खान चुनाव जीते और प्रधान मंत्री बने। बता दें कि बुशरा बीबी इमरान खान की तीसरी पत्नी हैं, इमरान खान अपने खेल करियर के सुनहरे दिनों में एक प्लेबॉय के रूप में जाने जाते थे।

**निलंबित**

**कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की सजा निलंबित करने की अपील खारिज कर दी।**



## वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में जुटी मोदी सरकार, संयुक्त राष्ट्र को दिए 11.69 लाख डॉलर

**न्यूयार्क।** भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने 11,69,746 डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के सहयोग से हिंदी @ यूएन परियोजना 2018 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाना था। भारत 2018 से संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) के साथ अतिरिक्त बजटीय योगदान देकर मुख्यधारा और हिंदी भाषा में डीजीसी की समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री को समेकित करने के लिए साझेदारी कर रहा है। वर्ष 2018 से हिंदी में संयुक्त राष्ट्र समाचार यूएन की वेबसाइट और इंटरनेट मीडिया हैंडल पर प्रसारित किया।

# बाइडन ने अर्थव्यवस्था को गर्त में पहुंचाया..., चुनाव डिबेट में बरसे ट्रंप, कैपिटल हिल मामले में बोल गए झूठ

**अटलांटा।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 के चुनावी मौसम की पहली आम चुनाव बहस अटलांटा में शुरू हुई। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने थे।

इस बहस में एक नया रिकॉर्ड भी बना है। ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने संविधान की रक्षा और बचाव के लिए अपनी शपथ का उल्लंघन किया है। इस पर ट्रम्प ने तुरंत आव्रजन और करों पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इसके बाद ट्रंप ने कहा कि उन्होंने लोगों को शांतिपूर्ण और देशभक्तिपूर्ण तरीके से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। बहस के पहले आधे घंटे में जो बाइडन ने बेतुके उत्तर दिए जो कभी-कभी अपनी नीतियों और रिकॉर्ड का बचाव करते समय रुक जाते थे।वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने गिरती अर्थव्यवस्था, गर्भपात और नाटो सदस्यों के रक्षा खर्च का मुद्दा उठाया। इसी के साथ उन्होंने कैपिटल हिल पर कई झूठे जवाब दिए। बाइडन ने ट्रंप की नाटो टिप्पणियों पर पलटवार किया और कहा कि वे यूरोपीय सहयोगियों को रक्षा में अधिक धन लगाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। बाइडन ने कहा कि यह एक ऐसा व्यक्ति है जो नाटो से बाहर निकलना चाहता है। बाइडन ने ट्रंप की नाटो टिप्पणियों पर जोरदार तरीके से जवाब देते हुए कहा कि उन्हें पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। फरवरी में किए गए,क्कद्गख्ज्ञ पोल के अनुसार, लगभग 10 में से 6 अमेरिकी नाटो सदस्यता को अमेरिका के लिए बहुत या कुछ हद तक अच्छी बात मानते हैं, जबकि लगभग एक-चौथाई का कहना है कि यह न तो अच्छा है और न ही बुरा और केवल 10 में से लगभग 1 का कहना है कि यह बहुत या कुछ हद तक बुरा है। ट्रम्प ने इस दौरान दावा किया कि उनके राष्ट्रपति रहते हुए यूक्रेन पर रूस का हमला नहीं होता।

गुरुवार की बहस के दौरान सवाल विदेश नीति पर केंद्रित थे, जिसकी शुरुआत यूक्रेन में रूसी युद्ध से हुई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वे पद पर होते तो रूस यूक्रेन पर कभी हमला नहीं करता। उन्होंने बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर हमारे पास एक सही राष्ट्रपति होता, एक ऐसा राष्ट्रपति जो जानता हो कि पुतिन उसका सम्मान करते हैं, तो वह यूक्रेन पर कभी हमला नहीं करता।

**उल्लंघन**

**ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने संविधान की रक्षा और बचाव के लिए अपनी शपथ का उल्लंघन किया है। इस पर ट्रम्प ने तुरंत आव्रजन और करों पर ध्यान केंद्रित किया।**



## चीन बीआरआई पर नेपाल से फिर खाली हाथ लौटा

**काठमांडू (हि.स.)।** आखिरकार चीन को उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) पर नेपाल से फिर खाली हाथ लौटना पड़ा। दरअसल नेपाल ने इस परियोजना के कार्यान्वयन समझौते में दो शर्तें जोड़कर चीन को तगड़ा झटका दिया है। नेपाल में तीन दिन बिताने के बाद चीन के उप विदेशमंत्री सुन वेईदोंग बीजिंग पहुंच गए। वह समझौते पर नेपाल के हस्ताक्षर कराने में विफल रहे। नेपाल ने मई 2017 में इस परियोजना पर हस्ताक्षर किए थे। तब से अब तक बीआरआई का एक भी काम आगे नहीं बढ़ पाया है। चीन इसके लिए नेपाल पर लगातार दबाव बना रहा था। चीन के उप विदेशमंत्री सुन वेईदोंग ने काठमांडू में नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री से भी मुलाकात की। इस दौरान नेपाल ने अपने रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई। नेपाल के विदेशमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल चीन के सामने दो शर्त रखी हैं। पहली-बीआरआई का कोई भी बड़ा ऋण नेपाल नहीं लेगा। सिर्फ छोटे प्रोजेक्ट के लिए ही आर्थिक सहयोग लेगा। दूसरी शर्त- ऋण की ब्याज दर 0.5 प्रतिशत से अधिक न हो। कर्ज चुकाने की अवधि 15 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष की जाए।

## आदत से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान! फिर संयुक्त राष्ट्र में अलापा कश्मीर राग; भारत ने लगाई लताड़

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर का राग अलापा। इसे लेकर भारत ने उसे लताड़ लगाई है। भारत ने कहा कि बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराधों से ध्यान भटकाने का यह पाकिस्तान का आदतन प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम द्वारा बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान परिषद में जम्मू-कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा, जहां तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का सवाल है, वे भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे। यह लगातार दूसरा दिन था, जब मुनीर ने संयुक्त राष्ट्र में अपनी टिप्पणी में कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत ने उसे कड़ी प्रतिक्रिया दी। बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर महासचिव की रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान में 73 बच्चों (13 लड़के, सात लड़कियां, 53 लिंग अज्ञात) के खिलाफ कुल 78 गंभीर उल्लंघन की सूचना मिली थी। रिपोर्ट में जनवरी से दिसंबर 2023 तक की अवधि की घटनाओं को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में पाकिस्तान के बारे में अपनी टिप्पणी में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि मैं रिपोर्ट किए गए गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि, विशेष रूप से बच्चों की हत्या और अपंगता, स्कूलों के खिलाफ हमलों और अफगानिस्तान के साथ सीमा क्षेत्रों में घटनाओं के बारे में चिंतित हूं।

# अशोक कुमार वर्मा ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे भंडार सेवा के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इससे पहले वह 5 जनवरी 2024 से केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज, के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

अशोक कुमार वर्मा 1987 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने विभिन्न पदों पर भारतीय रेलवे की सेवा की है।भंडार से संबंधित मुद्दों में उनके विशाल अनुभव के अलावा, उन्हें सामान्य प्रशासन में भी कार्य का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलुरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने पहले रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक रेलवे स्टोर के रूप में भी काम किया है।

अशोक कुमार वर्मा ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज, से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री और आईआईएम कोलकाता से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड मैटेरियल मैनेजमेंट से पब्लिक प्रोक्योरमेंट (बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में पब्लिक प्रोक्योरमेंट) में डिप्लोमा और नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी से अल्टर्नेट डिस्प्यूट रिज़ोल्यूशन मेकैनिज़्म में पीजी डिप्लोमा किया है। उन्हें वित्त और सार्वजनिक खरीद में व्यापक अनुभव है। आज औपचारिक रूप से उत्तर मध्य रेलवे में कार्यभार संभालने के बाद अशोक कुमार वर्मा ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। कहा कि रेलवे की कार्यप्रणाली में समय पालनता और संरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मापदंड हैं। उन्होंने सभी संरक्षा नियमों और सावधानियों को बार-बार दोहराने की आवश्यकता पर बल दिया। आगे कहा कि कार्य स्थल पर संरक्षाऔर कर्मचारियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रेल मदद यात्रियों की शिकायतों के समाधान का एक कारगर साधन है, इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए।बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने जोन में चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। अशोक कुमार वर्मा ने परियोजनाओं के बारे में विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देखने के बाद कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान समुचित योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संरक्षा, यात्री सुविधा और भविष्य की परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों की योजना बनाई जानी चाहिए।

### नए ब्रिज से यमुना में कूदी युवती

**प्रयागराज।** नए यमुना ब्रिज से यमुना नदी में एक युवती ने छलांग लगा दी। पानी में युवती को गिरते हुए पीएसी के जवानों ने देख लिया। जवानों ने युवती को बचा लिया। बेहोशी की हालत में युवती को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के माध्यम से युवती के परिजनों को सूचना दे दी गई है। रूबी निषाद पुत्री दशरथ निषाद नैनी इलाके की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि वह सुसाइड करने के उद्देश्य से यमुना में कूदने आई थी। घटना आज शनिवार दोपहर की है। महेवा की रहने वाली रूबी आज किसी बात से परिवार से नाराज थी। वह दोपहर में आज नए यमुना पुल पर पहुंची। इधर-उधर देखी जब पुल पर कोई नहीं दिखा तो उसने पुल के ऊपर से यमुना में छलांग लगा दी। वह डूबने लगी तो वहां मौजूद नाविकों ने देखा लिया तत्काल जल पुलिस भी मौके पर पहुंची।

युवती को किसी तरह पानी से बाहर निकाला गया। वह बेहोशी की हालत में थी। वहां मौजूद परिवार के कुछ लोगों ने उसे पहचान लिया।

# मुविवि की बीएड प्रवेश परीक्षा में 71 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2024-25 की बीएड एवं बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों के 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पीके स्टालिन ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा में 71 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 4043 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1182 अनुपस्थित रहे। जबकि बीएड विशिष्ट शिक्षा में देश भर से 2000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 1 तक आयोजित की गयी। प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों एवं कोर कमेटी की तैनाती की गयी थी, जिनकी देखरेख में सभी केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रोफेसर स्टालिन ने बताया कि अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की गयी। प्रयागराज में राजकीय इंटर कॉलेज तथा विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों से निरंतर परीक्षा के सकुशल संचालन की जानकारी लेता रहा। समन्वयक प्रोफेसर स्टालिन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा।

# यूपी उपचुनाव में प्रत्याशी उतारेगी पीडीएम




**पीडीएम घटक दलों की समन्वय बैठक में फैसला**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पीडीएम गठबंधन के घटक दलों अपना दल कमेरावादी, एआईएमआईएम और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की समन्वय बैठक शनिवार को प्रयागराज में हुई। जिसमें यह तय किया गया कि यूपी उपचुनाव के सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। बैठक में अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता एवं विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लिए पीडीएम गठबंधन बनाया गया था। लोकसभा चुनाव की तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद बने पीडीएम गठबंधन ने कम समय में ही 28 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। अब पूरी तैयारी और दमखम के साथ यूपी उपचुनाव के सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। इसके साथ ही आगामी पंचायत चुनाव तथा 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी पीडीएम अभी से शुरू करेगा। बैठक में अपना कमेरावादी की शीर्ष नेता व विधायक डॉ पल्लवी पटेल के साथ प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली, अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप पटेल, अजय सिंह पटेल, गगन प्रकाश यादव, इसरार अहमद, उमेश पटेल, रामशिला पटेल, राजेश प्रधान, प्रेम बहादुर सिंह, मुजीबुरहमान एडवोकेट, अनिल पटेल, अफसर महमूद, मानिक चंद्र पटेल, राजेश बिंद आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया।

### 15 सूत्री मांगो को लेकर बीएसए कार्यालय पर शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

**आजमगढ़।** 15 सूत्री समस्याओं को लेकर पूर्व प्रस्तावित धरना उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला आजमगढ़ के बैनर तले जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शनिवार को बीएसए कार्यालय पर दिया गया। धरने की अध्यक्षता बृजेश तिवारी व संचालन जिला मंत्री देवेंद्र सिंह ने किया। धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहाकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा लगातार जानबूझकर शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किए जाने एवं भ्रष्ट एबीएसए डा कल्पना के अनैतिक कृत्यों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किए जाने से मजबूर होकर धरना देना पड़ रहा हैं शिक्षकों द्वारा एबीएसए के कृत्यों की शिकायत की जांच न करके मात्र हीला हवाली की जा रही है। श्री सिंह ने कहाकि बीएसए द्वारा समस्याओं का निस्तारण न होने तक कार्यालय पर धरना अनवरत चलता रहेगा।

# पेट्रोल टँकी पर खड़ी ट्रेलर को ट्रक ने मारी टक्कर ड्राइवर की मौत

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खेतासराय)** अयोध्या-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्तिथ गुरैनी पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रेलर को शनिवार की तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे से घटना स्थल ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा का कारण चालक को झपकी बताई जाती है। आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की तफ़्तीश में जुटी हुई है। ट्रक के आगे का हिस्सा क्षत विक्षत हो गया। बताया जाता है कि स्थानीय थाना के गुरैनी पेट्रोल पंप पर शुक्रवार की देर शाम एक ट्रेला शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर खड़ी हुई। भोर में मिर्जापुर जनपद के मड़िहान थाना क्षेत्र के करछा गांव निवासी विजय कुमार पुत्र कन्हइया लाल (28) गोरखपुर में गिट्टी लादकर वापस मिर्जापुर वापस आ रहा था। उक्त स्थान पर भोर में खड़ी ट्रेला से ज़ोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतना जबर्दस्त था कि ट्रक के आगे का हिस्सा परखच्चे उड़ गए। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने चालक को पीएचसी सोंधी पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि इस मार्ग पर यातायात नियमों का पालन न करने पर आए दिन सड़क हादसों में बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि खड़ी ट्रेला से ट्रक के टक्कर से ड्राइवर की मौत हुई है। शव का पीएम कराया जा रहा है।

### दरवाजे पर सो रहे युवक की फावड़े से काटकर हत्या

**प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के जोरा गांव शनिवार भोर में घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे युवक की फावड़े से मारकर हत्या कर दी गई। चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। घायल युवक को परिजन उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोरा गांव निवासी रजनीश (30) पुत्र पारस नाथ बिन्द अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे था। भोर में करीब चार बजे गांव के ही एक युवक नकुल बिंद ने फावड़े से उसके गर्दन पर वार कर दिया। इससे वह मरणासन्न हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। कुछ देर बाद पुलिस ने उसे गांव के पास से ही धर दबोचा। चीख पुकार सुनकर परिजन उसे लेकर एसआरएन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। फिलहाल घर के लोग हत्या के पीछे का कोई कारण नहीं बता पा रहे हैं। रजनीश बिंद की पत्नी ममता नौ माह की गर्भवती है। घटना के बाद उसका रो-रोकर बुरा हाल है। रजनीश के दो बच्चे अंश एक वर्ष और मनोरमा तीन वर्ष है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिला स्तरीय टास्क फोर्स/जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक 27 जून 2024 में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अनुक्रम में 29 जून 2024 को जनपद में कार्यरत समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, डायट प्रवक्ता, जिला समन्वयक, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 द्वारा 1350 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में 2 प्रधानाध्यापक, 33 सहायक अध्यापक, 12 शिक्षामित्र, 14 अनुदेशक एवं 4 अनुचर अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित पाये गये समस्त कार्मिकों का निरीक्षण तिथि का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण जारी किया गया।

### एसपी के आदेश पर दो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज

**जौनपुर (खुटहन)** खुटहन थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव में एक पखवाड़ा पूर्व अवैध रूप से महिला की भूमि कब्जाने की नीयत से उसके घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। गांव निवासी नादिरा खातून का आरोप है कि बीते 14 जून की शाम लगभग छह बजे रामबरन यादव और आयूष यादव पता अज्ञात,उसके घर पहुंच रिहायशी घर को अपनी जमीन में बताकर उसे खाली करने को कहा। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों उसे गालियां देने लगे। यह भी आरोप है कि वह जान बचाकर अपने घर के भीतर भागी तो पीछे से वे दोनों भी घर में घुस गये। लात घूंसो से उसकी पिटाई करने लगे। आरोप लगाया कि घटना की सूचना दूसरे दिन थाने पर दी गई। जहां उसे डांट कर भगा दिया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दोनों आरोपितों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### सफाई कर्मचारी की बीमारी से मौत,सफाई कर्मचारियों ने दिया सहयोग धनराशि



**जौनपुर (खुटहन)** विकास खण्ड खुटहन के सफाई कर्मचारी की बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी पंचायत राज विभाग के कर्मचारियों ने एकजुट होकर परिवार के लिए कुछ आर्थिक मदद प्रदान किये। जिसके बाद मृतक आत्मा को शांति प्रदान हो उसके लिए मौन धारण किये। सिकंदर राव की तैनाती समसीपुर गांव में थी। विकास खण्ड खुटहन में 178 सफाई कर्मचारियों के द्वारा 89000 रुपये की सहयोग धनराशि एकत्र कर सिकंदर राव ग्राम चकरहमत धिरौलीनानकार की पत्नी शशिकला को दिया गया, मौके पर संजय कुमार चौधरी जिलाअध्यक्ष, समरनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष मदनचंद यादव, जिला उपाध्यक्ष, छोटेलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार, बंसल ब्लॉक मंत्री, मोहनलाल गौतम मीडिया प्रभारी,राकेश कुमार यादव न्याय पंचायत नायक,मनोज कुमार यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष,अच्छे लाल यादव न्याय पंचायत नायक आदि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विराज ने फोर्ड क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्लब ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 10 विकेट से हराकर स्पोर्ट्स जंक्शन अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में विराज तिवारी की अचूक गेंदबाजी (4-1-18-4) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाफामऊ मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब को 17.1 ओवर में 62 रन बनाये। कोई खिलाड़ी दो अंक में नहीं पहुंचा। फोर्ड क्लब के विराज तिवारी ने चार और सौरभ तिवारी ने दो विकेट लिए। जवाब में फोर्ड क्लब ने 7.5 ओवर में बिना विकेट खोए 65 रन बना लिए। देवांश कुमार 38 रन बनाकर नाबाद रहे।

### जलकर वृद्धि के खिलाफ सभासदों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मुबारकपुर आजमगढ़।** नगरपालिका परिषद मुबारकपुर कार्यालय के बाहर गेट पर शनिवार को दोपहर दो बजे सभासदों ने जलकर बढ़ाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तख्ती पर लिखे नारो को लेकर विरोध में नारे लगाए और बढ़े हुए मूल्य को कम करने की मांग किया। सभासदों ने लगभग एक घन्टा बावल काटा अन्त में प्रार्थना पत्र देकर धरनारत सभासद वहां हटे नगरपालिका परिषद मुबारकपुर की बैठक विगत दिवस 15 जून को एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में की गई। जिसमे 15 सभासद शामिल हुए थे। बैठक विरोध लगभग दस सभासद कर रहे थे।और बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम की अध्यक्षता कराये जाने की मांग कर रहे थे।आज वही सभासद फिर विरोध प्रदर्शन पर उतरे लेकिन आज विरोध प्रदर्शन जलकर में वृद्धि को लेकर कर रहे सभासदों ने बताया कि पहले जलकर 30 रुपए था जिसको बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया गया। जनहित के विरोध में मनमाने ढंग से बढ़ाया जलकर मुबारकपुर के हालत को बिना देखे विना समझे इस तरह बढ़ाना ठीक नहीं है। जनता ने सभासद प्रतिनिधि हमें चुना है।कि जनता हित में काम करें कि न कि विरोध में विरोध कर रहे सभासदों ने दो बजे नगरपालिका परिषद मुबारकपुर कार्यालय के बाहर गेट पर जमा हुए और जमकर नारे बाजी की तख्ती पर लिखकर 15 जून पालिका बोर्ड की बैठक में जल मूल्य 30 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 50 रुपए किया गया उसे वापस लिया जाए।

# कलेक्ट्रेंट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का संपन्न

**वर्षा से पहले नाले साफ कर लिए जाए डीएम**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का सम्पन्न हुई। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य 14 विभाग मिलकर गतिविधियां संपादित करते हैं। पंचायती राज विभाग एवं नगर पालिकाओं द्वारा क्रमशः ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, एंटी लारवा छिड़काव, झाड़ियों की कटाई, जल भराव का निस्तारण, नालियों की सफाई एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का कार्य कराया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा नोडल अध्यापक के माध्यम से बच्चों को साफ-सफाई एवं वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाता है। नोडल टीचर बच्चों को हाथ धुलने की प्रक्रिया के विषय में भी जानकारी देंगे। कृषि विभाग द्वारा चूहे, छछूंदर की रोकथाम हेतु लोगों को संवेदीकृत किया जाता है। पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पालकों को रिहायसी इलाकों से सूकर बाड़े दूर रखने एवं उनमें साफ-सफाई करने हेतु संवेदीकृत किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान में आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर गतिविधियां संपादित कराया जाता है। आशा कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण के दौरान बुखार एवं लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु ले जाती हैं। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करती हैं। घरों के अंदर मच्छर पैदा होने की परिस्थितियों की जांच करती हैं। इस बार संचारी अभियान में स्टाफ डायरिया कैंपेन भी चलाया जा रहा है, इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य शून्य से 5 साल तक के बच्चों में डायरिया बीमारी के प्रसार को रोकने तथा यदि कोई बच्चा डायरिया से ग्रसित है तो उसके उपचार करने की व्यवस्था है। स्टाफ डायरिया कैंपेन की थीम/डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओ0आर0एस0 रखें। डायरिया अभियान के अंतर्गत 05 साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में आशा द्वारा ओ0आर0एस0 और जिंक का वितरण किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओ0आर0एस0, जिंक कॉर्नर की स्थापना किया जाएगा। डायरिया अभियान में जागरूकता हेतु अंतर विभागीय सहयोग भी लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु यह आवश्यक है कि अभियान की मॉनिटरिंग अच्छे ढंग से करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग से कहा है कि वह ग्रामों में झाड़ी की कटाई, साफ-सफाई एवं एंटी लारवा छिड़काव अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया है कि वह जल भराव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारी कर लें। जल भराव वाले स्थलों का चिन्हीकरण कर ले, कहीं भी पानी का भराव नहीं होना चाहिए। नालियों की नियमित रूप से सफाई की जानी चाहिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल को निर्देश दिया कि सुनिश्चित करें कि कोई भी छात्र जर्जर भवन में न बैठे और इसके सम्बंध में प्रधानाध्यापकों से प्रमाण-पत्र भी लें।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**

पत्रांक : 685/ई0ई0(एच0क्यू0)/2024–25 दि0: 29.06.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06–07–24 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 06.07.24 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 06–07–24 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, ऐशबाग, मुख्यालय में जोन–2 के निकट आवास की दीवार का पुनर्निर्माण, एक नग गेट स्थापना, रंगाई पुताई, प्लास्टर, जलापूर्ति व्यवस्था एवं विद्युत सम्बन्धी अन्य कार्य, धरोहर धनराशि 8,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 400.00
2. Repairing of 450 H-P Vertical Turbine Pump Aishbagh Campus C.W.R pump set No. 5, धरोहर धनराशि 6,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 300.00
3. Laying & Jointing of 110mm dia pipe with inter connection at Clorine plant Aisbhagh, धनराशि 2,500 एवं निविदा मूल्य रू0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# संपत्ति विवाद को लेकर परिवार में खूनी खेल एक की मौत, कई धायल

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज,आजमगढ़।** श्रवण की हत्या के मामले में पुनवासी सोनकर पुत्र रामनाथ ग्राम रसूलपुर बाजबहादुर, थाना-गम्भीरपुर, तहसील- लालगंज, जिला आजमगढ़ का मूल निवासी है पट्टीदार से पुरानी रंजीश चलती चली आ रही है, विवाद जमीन जायदाद से सम्बन्धित है। जिसके सन्दर्भ में 15 जून की मध्य रात्रि 1 बजे दिन शनिवार को प्रार्थी के पुत्र श्रवण को विपक्षीगण मुन्ना पुत्र निहोर व रोहित व घूरे पुत्रगण मुन्ना व आकाश पुत्र कन्हई व रीना पत्नी कन्हई व नर्वदा पत्नी मुन्ना ने नीम के पेड़ के बांधकर बहुत ही बुरी तरीके से लात घुसे डण्डा राड़ व ईट से मारा पीटा जिसके दौरान श्रवण की मृत्यु हो गई जबकि प्रार्थी घर पर मौजूद नहीं था वह मछली पालन व जायद की फ़सल के सीलसिले में घर से कुछ दूर हर रोज की तरह रात्रि में बाहर रहता हैं सुबह करीब 5 बजे जब प्रार्थी घर पर आया तो प्रार्थी की पुत्री लक्ष्मीना ने रोते हुए रात की सारी घटना बताई कि क्या हुआ प्रार्थी तुरन्त अपने लड़के के पास पहुँचा तो आभास हो चुका कि श्रवण मर चुका है फिर भी प्रार्थी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज ले गया जहाँ पर डॉक्टर ने श्रवण को मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी इस घटना की सूचना नजदीकी पुलिस थाना गम्भीरपुर में एक लिखित तहरीर दिया जिसमें श्रवण की हत्या का मामला था। लेकिन पुलिस प्रार्थी के साथ हिला हवाली करते हुए सिग्नेचर लेकर थाने से भगा दिये विपक्षीगण व उनके रिस्तेदार रोज हम प्रार्थी व उसके परिवार वालों को धमकी देते हैं कि अभी तो ट्रेलर था पिक्चर अभी बाकी है तुम लोगों को मार पीट कर घर से भगा देंगे और घर में ताला मार देंगे शासन प्रशासन से हम नहीं डरते हैं विपक्षीगण बहुत ही मनबढ़ दबंग व सरकस किस्म के व्यक्ति हैं जिससे प्रार्थी व उसके परिवार बहुत भयभित है, इसकी भू सूचना पुलिस थाने पर दी गई तो पुलिस कोई भी कार्यवाही न करते हुए विपक्षीगण के दबाव व प्रभाव में आकर विपक्षीगण के प्रति सद्भाव रखते हुए उनके हिसाब से कहे गये तथ्यों के आधार पर प्रार्थी के तहरीर के विपरीत आई0पी0सी0 की धारा 304 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर दिया जब प्रार्थी को इसकी जानकारी हुई तो वह पुनः थाने पर गया और कहा की हत्या के मामले को आप लोग विपक्षीहित को देखते हुए मामले से छेड़छाड़ कर अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत क्यों किये इस पर पुलिस विभाग ने प्रार्थी को डाटते हुए भगा दिया और कहा कि तुम हमको कानून सिखाओगे हम जो करते है सब सही करते है हम ही सब कुछ है।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**उ0प्र0 परिवहन निगम अयोध्या क्षेत्र**

पत्र सं0 : अयो0क्षे0/क्षे0प्र0/स्था०/सं– परि०/अ०सो०मती/24/2034 दिनांक 28.06.2024

**—: प्रेस विज्ञप्ति :—**

सेवा प्रदाता आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज, पता– 3/437 सेक्टर जे. अलीगंज लखनऊ के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम के अयोध्या क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के 49 (उनचास) परिचालकों (अनारक्षित वर्ग/ई0डब्ल्यू0एस/ अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियों के सेवायोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन सेवायोजन की आधिकारिक वेबसाइट **Sewayojan.up.nic.in** के माध्यम से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण तथा अधिमानी अर्हता राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नीलिट संस्था से निर्गत सीसीसी प्रमाण–पत्र धारक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

विस्तृत विवरण आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज, पता– 3/437 सेक्टर जे. अलीगंज लखनऊ संपर्क नम्बर– 8418865555, सेवा योजन की वेबसाईट **Sewayojan.up.nic.in** पर विस्तृत विवरण उपलब्ध है।

नोट– विज्ञापन प्रकाशन तिथि– 28.06.2024 से 04.07.2024 तक रहेगी।

(विमल राजन)
क्षेत्रीय प्रबन्धक

# भारतीय स्टार्टअप्स पर बरस रहा पैसा; एक हफ्ते में हुई 17 डील, जुटाए करोड़ों डॉलर

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह 17 भारतीय स्टार्टअप्स ने 17 सौदों के जरिये 19.64 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह राशि इससे पिछले सप्ताह के मुकाबले 75 प्रतिशत कम है। इंक42 की एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे पिछले सप्ताह भारतीय स्टार्टअप्स ने 21 सौदों के जरिये 80 करोड़ डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एबीएफसी) नार्दर्न एआरसी ने सबसे ज्यादा 7.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। यह राशि गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स (एनसीडी) के जरिये जुटाई गई है। इस सप्ताह फिनटेक सेक्टर ने सबसे ज्यादा निवेशकों को आकर्षित किया है और इस सेक्टर के स्टार्टअप्स ने तीन सौदों के जरिये 7.74 करोड़ डालर की राशि जुटाई है। ई-कामर्स सेक्टर के स्टार्टअप्स ने पांच सौदों के जरिये 4.83 करोड़ डॉलर और एंटरप्राइजेज टेक स्टार्टअप्स ने तीन सौदों से 2.58 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। रियल एस्टेट टेक स्टार्टअप ने दो करोड़ डॉलर जुटाए हैं।




भारत के फिनटेक सेक्टर में 30 स्टार्टअप आगे चलकर यूनिकॉर्न बन सकती हैं यानी उनका वैल्यूएशन 1 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। फिनटेक सेक्टर में कंज्यूमर लेंडिंग सबसे प्रमुख सब-कैटेगरी बनकर उभरी है। हुरून इंडिया की एक रिपोर्ट बताती है कि आने वाले समय में आधे से अधिक फिनटेक यूनिकॉर्न इसी सब-कैटेगरी की होंगी।

यूनिकॉर्न की संभावना वाला दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर SaaS (सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस) है। इसमें 20 स्टार्टअप के यूनिकॉर्न बनने के आसार हैं। SaaS स्टार्टअप्स ने कुल मिलाकर 2.1 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इससे जाहिर होता है कि निवेशकों को इस सेक्टर से भी काफी उम्मीदें हैं। ई-कॉमर्स सेक्टर में आगे चलकर 15 यूनिकॉर्न बन सकते हैं। इनकी कुल वैल्यू फिलहाल 6 अरब डॉलर है। ई-कॉमर्स स्टार्टअप्स ने कुल 2.4 अरब डॉलर जुटाए हैं।

## मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के




कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ÷ग्रामीण इलाकों में खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना और विकास करने के लिए योजना बनाना, प्रचार करना, सुविधाएं और सहायता प्रदान करना है।

# उत्तर प्रदेश में हुई संजय दत्त की द ग्लेनवॉक की धमाकेदार शुरुआत

**लखनऊ** संजय दत्त और कार्टेल ब्रदर्स के प्रीमियम स्कॉच व्हिस्की ब्रांड, द ग्लेनवॉक ने उत्तर प्रदेश में शानदार तरीके से कदम रखते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत की है। पूरे भारत में लोगों का दिल जीतने वाले द ग्लेनवॉक को हाल ही में मिडिल ईस्ट में भी लॉन्च किया गया है, और अब यह ब्रांड उत्तर प्रदेश में सभी अल्कोहल रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। ग्लेनवॉक स्कॉच व्हिस्की को जून 2023 में लॉन्च किया गया था, जिसके बाद से ही इस ब्रांड ने अपनी मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी और समझदारी से तय की गई कीमतों के साथ भारतीय व्हिस्की बाजार के नियमों को बदल दिया है। ग्राहकों की पहली पसंद बन चुकी और बेहद लोकप्रिय व्हिस्की, %ग्लेनवॉक% ने न केवल लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है, बल्कि कई पुरस्कार एवं सम्मान भी हासिल किए हैं। इन पुरस्कारों में प्रोवाइन 2023 में गोल्ड मेडल, 2024 की लंदन स्पिरिट्स प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल तथा ढ्ढङ्घस्ष्ट 2024 में सिल्वर मेडल शामिल है, जो इसकी बेहतरीन



गुणवत्ता और बेमिसाल स्वाद को दर्शाता है। ग्लेनवॉक ने कार्टेल ब्रदर्स की विशेषज्ञता का भरपूर लाभ उठाकर इतनी शानदार कामयाबी हासिल की है, जिनकी अगुवाई कंपनी के सह-संस्थापक मोक्ष सानी, जितिन मेरानी, रोहन निहलानी, मनीष सानी और उनके चीफ़ बिजनेस ऑफिसर नीरज सिंह कर रहे हैं। महज एक साल के भीतर, ग्लेनवॉक ने मिडिल-ईस्ट के बाज़ार में अपनी छाप छोड़ी है और देश के छह राज्यों में अपने दायरे को सफलतापूर्वक बढ़ाते हुए 30 से ज़्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ साझेदारी की है– जो एल्कोबेव सेक्टर में कदम रखने वाली किसी भी नई कंपनी के लिए एक शानदार उपलब्धि है। विस्तार के सिलसिले को जारी रखते हुए, उत्तर प्रदेश में कदम रखने के बाद ग्लेनवॉक ने हर महीने 2500 केस की बिक्री का लक्ष्य रखा है। लिविंग लिक्विड्ज़ एवं मैन्शनज़ के संस्थापक और ग्लेनवॉक के सह-संस्थापक, मोक्ष सानी ने कहा, उत्तर प्रदेश में द ग्लेनवॉक के लॉन्च का यह अवसर कार्टेल ब्रदर्स के लिए काफी मायने रखता है।

## एमएसएमई मंत्री को पत्र लिखकर सचिव को हटाने की मांग

**वाराणसी।** एमएसएमई मंत्री श्री जीतनराम मांझी को पत्र लिखकर जनसरोकार एवं भ्र्ष्टाचार विरोधी अभियान से जुड़े सुशील कुमार शर्मा ने इसी मंत्रालय के सचिव श्री सुभाष चंद्र लाल दास को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने की मांग की है। सुशील कुमार शर्मा का कहना है कि 2023 सितम्बर माह में प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लागू किया था। इस योजना को लागू करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय को प्रधानमंत्री ने अधिकृत किया था। किन्तु इस मंत्रालय के सचिव श्री सुभाष चंद्र लाल दास ने इस योजना को अपने निहित स्वार्थों के चलते आज तक शूरू नहीं होने दिया। सुशील कुमार ने बताया कि इस योजना में बांटे जाने वाले मशीन टूल किट उपकरण आदि के लिये होने वाले टेंडर को समय-समय पर उल्टे-सीधे तरीके से नियमों को ताक पर रख सचिव ने आज तक इस टेंडर को निर्णीत ही नहीं होने दिया।

# जानिए, कैसे भारतीय रुपया को सबसे अस्थिर मुद्राओं से सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा

**नई दिल्ली हि.स.)।** भारतीय मुद्रा रुपया एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था। लेकिन, अब रुपया को सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ये भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, प्रभावी नीतिगत सुधार और विदेशी मुद्रा भंडार के रणनीतिक प्रबंधन को दर्शाता है।

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि 2010 के दशक की शुरुआत में भारत में महंगाई आसमान छू रही थी, महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वैश्विक वित्तीय संकट के बीच सरकार द्वारा भारी-भरकम खर्च से स्थिति ज्यादा बदतर हो गई थी। लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद अब तक भारत में आर्थिक विकास पहले से काफी बेहतर हुई है। इसके साथ ही भारत ने कई अन्य देशों को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई राजनीतिक स्थिरता ने भी विदेशी



निवेशकों को आकर्षित किया है। केंद्र सरकार द्वारा आरबीआई को महंगाई का लक्ष्य तय करने का काम सौंपने और बजट घाटे को कम करने सहित देश में आर्थिक सुधारों को निरंतर लागू करने से भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हो गई है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8 फीसदी की दर से बढ़ी है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई ने सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जबकि फिच सहित कई रेटिंग एजेंसियों ने आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडारों में शामिल है। आरबीआई रणनीतिक तरीका अपनाते हुए रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता रहा है और रुपये के कमजोर होने पर इसे बेचता रहा है। इस उपाय से रुपये के मूल्य में व्यापक उतार-चढ़ाव को सुचारु करने में मदद मिलती है, जिससे इसकी स्थिरता में काफी योगदान मिलता है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त हफ्ते में 81.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि 7 जून, 2024 को समाप्त हफ्ते में यह 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर था।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने रेनदेज़्वू: पहली राष्ट्रीय पूर्व छात्र बैठक का आयोजन किया

**लखनऊ।** सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने गर्व से लखनऊ में रेंडेज़वस-उद्घाटन पूर्व छात्र बैठक की मेजबानी की, जो समूह के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी, जिसमें विभिन्न बैचों, कई परिसरों और शहरों से 200 से अधिक पूर्व छात्रों को फिर से जुड़ने, यादें ताज़ा करने और अपनी साझा विरासत का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाया गया। वह दिन पुरानी यादों और खुशी से भरा था क्योंकि दुनिया भर से पूर्व छात्र अपनी यादगार यादों को ताजा करने और जयपुरिया छोड़ने के बाद से अपने जीवन का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे। पूर्व छात्रों की कहानियां, एक मजेदार प्रश्नोत्तरी, स्टैंड-अप कॉमेडी और एक लाइव बैंड कार्यवाही में छाए रहे क्योंकि पूर्व छात्रों ने एक भव्य रात्रिभोज के दौरान अपने जीवन में जयपुरिया के प्रभाव को याद किया। अरिजीत घोष - वीपी (अकैडमिक्स) सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने पूर्व छात्रों का उनके अल्मा मेटर में वापस स्वागत करते हुए



खुशी हो रही है। यह मुलाकात सिर्फ एक पुनर्मिलन नहीं है; यह हमारी साझा विरासत और उपलब्धियों का उत्सव है।÷ उन्होंने उन छात्रों की आकस्मिकता के बारे में बात की, जिन्होंने विभिन्न शहरों और परिसरों में अध्ययन किया, और एक नाम, जयपुरिया के तहत एकजुट हुए। उन्होंने भविष्य की संभावनाओं और परियोजनाओं पर बहुत खुशी व्यक्त की। शिव पांडे - एवीपी (ऑपरेशंस) सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, जयपुरवासियों की कितनी उल्लेखनीय यात्रा है। हमारे पूर्व छात्रों की प्रगति और उपलब्धियों तथा स्कूल में उनके अनुभवों ने उनकी सफलता की नींव रखी है।÷ उन्होंने स्कूल द्वारा प्रदान किए गए स्थायी मूल्यों और कौशल के बारे में बात की, जिन्होंने पूर्व छात्रों को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में मार्गदर्शन किया है, जिससे संस्थान और इसके पूर्व छात्रों के बीच मजबूत बंधन मजबूत हुआ है।

जयपुरिया के पूर्व छात्रों ने इस तथ्य का जश्न मनाया कि उनके स्कूल को भारत के सबसे सम्मानित शिक्षा विरासत ब्रांडों में से एक और %दुनिया में बेहतरी के लिए स्कूल% के रूप में मान्यता प्राप्त है, यह सम्मान बर्कले विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया है। रेंडेज़वस समुदाय के भीतर संबंधों को मजबूत करेगा और जयपुरवासियों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल भारत की प्रमुख स्कूल श्रृंखलाओं में से एक है, जो अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। एक समृद्ध इतिहास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ, जयपुरिया स्कूल भविष्य के नेताओं का पोषण करना जारी रखेगा। कार्यक्रम का समापन उत्साह के साथ हुआ, जहां पूर्व छात्रों ने सर्वसम्मति से प्रसन्नता व्यक्त की, ÷स्कूल में, हमें बताया गया था कि जयपुरवासी सिर्फ इतिहास नहीं पढ़ते हैं, वे इतिहास बनाते हैं। दुनिया भर में हमारे जयपुरिया के लिए इतने सारे आयोजनों, पहलों और प्रशंसाओं को देखकर खुशी हुई और वास्तव में, हम सभी एक गौरवशाली इतिहास का हिस्सा बन रहे हैं!

## एसबीआई चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की जगह लेंगे चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अगले चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी होंगे। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो



(एफएसआईबी) ने चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (एमडी) शेट्टी के नाम की सिफारिश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति (एसीसी) से की है। शेट्टी मौजूदा चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की जगह लेंगे।

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश की गई है। मौजूदा चेयरमैन दिनेश कुमार खारा 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो स्टेट बैंक के चेयरमैन पद के लिए तय ऊपरी आयु सीमा है। वह वर्तमान में एसबीआई के एमडी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों की जिम्मेदारी को संभाल रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने स्टेट बैंक के चेयरमैन पद के लिए 29 जून को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। एफएसआईबी के अध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं। ब्यूरो के सदस्यों में वित्तीय सेवा सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर शामिल हैं।

# एथर एनर्जी का पहला फैमिली स्कूटर, रिज़्टा लखनऊ में उपलब्ध हुआ

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी ने आज लखनऊ में अपने 'मीट रिज़्टा' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के इच्छुकों के सामने एथर के नए फैमिली स्कूटर, रिज़्टा और इनोवेटिव हैलो हेलमेट का प्रदर्शन किया गया। आगंतुकों को यहाँ रिज़्टा चलाकर देखने और एथर के एक्सपीरियंस ज़ोन का अनुभव लेने का अवसर मिला, जो ब्रांड की इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और डिज़ाईन फिलॉसफी की गहरी समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।

इस अवसर पर श्री रवनीत सिंह फोकेला, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा, ÷लखनऊ में ग्राहक विशेष रूप से फैमिली सेगमेंट में स्कूटर पसंद करते हैं। इसलिए रिज़्टा के साथ हम परिवार के लिए अनुकूल स्कूटर की तलाश करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। इसमें लंबी और आरामदायक सीट, विशाल स्टोरेज स्पेस, अनेक सुरक्षा विशेषताएं, और राइडिंग का बेहतरीन अनुभव मिलता है। इसलिए रिज़्टा परिवारों के लिए एक उत्तम विकल्प है। रिज़्टा में वही गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सुरक्षा मानक हैं, जिनके लिए एथर मशहूर है। हम लखनऊ में रिज़्टा पेश करने के लिए उत्साहित हैं, हमें उम्मीद है कि यहाँ हमारे इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।÷ एथर एनर्जी ने अपना पहला इलेक्ट्रिक




स्कूटर 2018 में लॉन्च किया था। पिछले सालों में एथर 450 प्लेटफॉर्म पर अपने परफॉर्मेंस स्कूटरों, 450ङ्ग और 450स्न के लिए मशहूर रहा है। हाल ही में लॉन्च किए गए रिज़्टा के साथ एथर ने इलेक्ट्रिक स्कूटर के पारिवारिक सेगमेंट में प्रवेश कर लिया है। कंपनी के पास उत्तर प्रदेश में 9 एक्सपीरियंस सेंटर (श्वष्ट) और भारत में 200 से ज्यादा एक्सपीरियंस सेंटर हैं। साथ ही, एथर के पास भारत में सबसे बड़े इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फास्ट चार्जिंग नेटवर्क्स में से एक है। उत्तर प्रदेश में 80 से ज्यादा फास्ट चार्जिंग स्टेशन, एथर ग्रिड और भारत में 2000 से ज्यादा एथर ग्रिड स्थापित हो चुकी हैं। रिज़्टा दो मॉडलों और तीन वैरिएंट्स में उपलब्ध है। रिज़्टा स्न और रिज़्टा ़ में 2.9द्मङ्खद्ध की बैटरी और टॉप-एंड मॉडल रिज़्टा ़ में 3.7द्मङ्खद्ध की बैटरी है। 2.9द्मङ्खद्ध वैरिएंट से 123 किलोमीटर की अनुमानित आईडीसी रेंज और 3.7द्मङ्खद्ध वैरिएंट से 159 किलोमीटर की रेंज मिलती है। रिज़्टा स्न तीन मोनोटोन कलर्स में और रिज़्टा ़ सात कलर्स में उपलब्ध है, जिनमें तीन मोनोटोन और चार ड्युअल-टोन विकल्प शामिल हैं।

रिज़्टा परिवारों के लिए डिज़ाईन और इंजीनियर किया गया है, जिसमें कम्फर्ट, सुविधा और सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। रिज़्टा की सीट बाजार में उपलब्ध सबसे बड़ी और सबसे आरामदायक सीटों में से एक है। इसमें 56 लीटर का विशाल स्टोरेज मिलता है, जिसमें 34 लीटर का अंडरसीट स्टोरेज और 22 लीटर की वैकल्पिक फ्रंक एक्सेसरी है। इसके बड़े फ्लोरबोर्ड से राईडर को पर्याप्त लैग स्पेस मिलता है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रिज़्टा में एथर ने स्किडकंट्रोलङ्ग फीचर पेश किया है। यह एथर का एक प्रोप्राइटरी ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम है, जो कम फ्रिक्शन वाली सतहों जैसे रेत, बजरी, पानी या तेल वाली सतहों पर एक्सलेरेशन देने पर फिसलने से बचाने लिए मोटर टॉर्क को सुगमता से कंट्रोल करता है। रिज़्टा की अन्य सुरक्षा विशेषताओं में फॉलसेफङ्गरू इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल , थेफ्ट एवं टो डिटेक्ट, और पिंग माई स्कूटर शामिल हैं।

## सीबीआईसी अध्यक्ष ने डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने शनिवार को डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के अवसर पर विश्व सीमा शुल्क संगठन के प्रतिनिधित्व महासचिव इयान सॉन्डर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सीबीआईसी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने विश्व सीमा शुल्क संगठन के प्रतिनिधित्व महासचिव इयान सॉन्डर्स के साथ डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के दौरान एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पलासमुद्रम स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) पलासमुद्रम को आरटीसी इंडिया के तीसरे डब्ल्यूसीओ मान्यता प्राप्त सीमा शुल्क प्रशिक्षण केंद्र



के रूप में मान्यता दी गई है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के मुताबिक सीबीआईसी अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल और पोलैंड के वित्त मंत्रालय में राष्ट्रीय राजस्व प्रशासन की उप प्रमुख और राज्य अवर सचिव मालगोरजाटा क्रोक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 29 जून 2024 को ब्रुसेल्स में आयोजित डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के दौरान मुलाकात की।

# सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग की सफलता के लिए दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के संस्थापक संभव जैन को सीजन एक की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

लीग के संस्थापक सम्भव जैन और लीग कोर्डिनेटर कैलाश शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएम योगी ने कहा कि यह लीग न केवल खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी एक बेहतरीन कदम है। संभव जैन एवं कैलाश शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश में कबड्डी को एक नई ऊंचाई पर ले जाना है और युवाओं को इस खेल के प्रति जागरूक करना है। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद और समर्थन से यह लीग अत्यंत सफल होगी।÷ यूपीकेएल की टैगलाइन ÷अपना भारत अपना खेल, अब खेलेगा उत्तर प्रदेश÷ राज्य की संस्कृति और धरोहर को दर्शाता है। इस लीग में शामिल टीमों के नाम भी उत्तर प्रदेश की महान धरोहरों पर आधारित हैं, जैसे गंगा, यमुना, अवध, ब्रज, काशी और लखनऊ। लीग के माध्यम से राज्य के कबड्डी खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलेगा और खेल को प्रोत्साहन मिलेगा।उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग 11 जुलाई से 25 जुलाई तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसके मैचों का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

## राजेश टोयोटा को मिला बेस्ट ससटेनेबल इको प्रैक्टिसेज के लिए सीआईआई ग्रीनको गोल्ड रेटिंग पुरस्कार

**कानपुर/बरेली:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को अपनी डीलरशिप, राजेश टोयोटा (जयपुर, राजस्थान स्थित) की उपलब्धि साझा करते हुए गर्व हो रहा है। हाल ही में इसने चेन्नई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ग्रीन बिजनेस सेंटर (जीबीसी) का ग्रीनको गोल्ड रेटेड कंपनी पुरस्कार जीता है। डीलरशिप की भिन्न पर्यावरण पहल के व्यापक मूल्यांकन के बाद, सीआईआई ने राजेश टोयोटा को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए राजेश टोयोटा की बेजोड़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह टोयोटा एनवायरमेंट चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) में उल्लिखित व्यापक दृष्टिकोण के साथ ताल-मेल में है। राजेश टोयोटा, सीआईआई से प्रशंसा पाने वाली भारत की पहली ऑटोमोटिव डीलरशिप है। इसने विभिन्न मापदंडों, ऊर्जा कुशलता, अपशिष्ट प्रबंधन और जल संरक्षण के तहत निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को लागू करने में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा यह उपलब्धि टीकेएम के पर्यावरण माह (जून 2024) में मिली है जो इस समय मनाया जा रहा है। इसमें कंपनी का लक्ष्य जल प्रबंधन और वनीकरण के साथ प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के पुनरुद्धार पर मुख्य रूप से ध्यान देने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना है।

पर्यावरण संचालित विभिन्न पहल के बीच, निरंतरता की दिशा में, टीकेएम ने पर्यावरण मूल्यांकन प्रणाली (ईएएस) भी तैयार की है ताकि डीलर्स, आपूर्तिकर्ताओं और लॉजिस्टिक भागीदारों सहित अपनी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) को सुदृढ़ करते हुए स्पष्ट मार्गदर्शन किया जा सके।टीकेएम के ईएमएस द्वारा संचालित, राजेश टोयोटा ने एक सोचे-समझे रुख के माध्यम से पर्यावरण उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसकी शुरुआत डीलरशिप में एक मजबूत पर्यावरण प्रबंधन संगठन की स्थापना के साथ हुई थी। पर्यावरण केपीआई निगरानी प्रणालियों को मानकीकृत करके और चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित करके, राजेश टोयोटा ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इनमें डीलर के कर्मचारियों को ईएमएस पर प्रशिक्षित करना, कार्बन डाय





ऑक्साइड कम करने वाले विभिन्न उपायों को लागू करना जैसे एसी का तापमान और प्रकाश मानकीकरण, उपकरण ऊर्जा में कमी, संपीड़ित हवा में कमी, दैनिक निगरानी के माध्यम से पानी के उपयोग को कम करना और अपशिष्ट पृथक्करण और उचित निपटान के माध्यम से मूल्य वृद्धि आदि शामिल है। पौधे के वितरण के माध्यम से ये समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं, स्थानीय स्कूलों में पर्यावरण संचालित रोड शो और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। यह टोयोटा द्वारा अपनी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला और सभी हितधारकों के माध्यम से %प्रकृति के साथ सामंजस्य% वाले समाज के निर्माण की दिशा में अपने मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रमाण है।अपने विचार व्यक्त करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट और विनिर्माण निदेशक श्री बी. पद्मनाभ ने कहा,÷टीकेएम में, हम सकारात्मक बदलाव लाने और पर्यावरण स्थिरता में नए मानक स्थापित करने की अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं। हम इस यात्रा पर मूल्य श्रृंखला में अपने सभी हितधारकों को लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को सहायता प्रदान करके और अपनी विनिर्माण इकाई से सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके संगठन की बुनियादी बातों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हम अपने व्यावसायिक भागीदारों - आपूर्तिकर्ताओं और डीलरों दोनों के लिए विभिन्न आंतरिक मूल्यांकन और रेटिंग प्रणाली चलाते हैं। यह उन्हें हमेशा निरंतर सुधार करने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। श्री शार्विक शाह, डीलर प्रिंसिपल - राजेश टोयोटा (जयपुर, राजस्थान), ने कहा÷राजेश टोयोटा में हमारे लिए यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि हम भारत में सीआईआई ग्रीनको गोल्ड रेटिंग पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली ऑटोमोटिव डीलरशिप बन गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और बहाली की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हमारे संचालन के हर पहलू में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को एकीकृत करने के लिए हमारी टीम के समर्पित प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है।

# ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की

**श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के जमनटोला गांव का मामला**

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौली ग्राम पंचायत के जमनटोला गांव निवासी साढ़े तीन दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर अपने गांव के जनाजा स्थल, ईद, बकरीद, मुहर्रम का मेला स्थल, कब्रिस्तान व सार्वजनिक नाली पर कुछ व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

वहीं डीएम ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।डीएम को सौंपे गए शिकायती पत्र में गांव निवासी समाजिक कार्यकर्ता अमानत अंसारी,इस्लामिया कमेटी के सदर नसीर अंसारी, रियाजुद्दीन, मुसाफिर, नसरुद्दीन, निसार, मुस्तकीम, मुहम्मद अली, असकाब, क्यामुद्दीन, अलाउद्दीन, सफरी, सलमान, नैमुल्लह, सरफराज, आसिफ, असलम, खुर्शेद, मुनीब, इरफान, हसबुद्दीन, कलाम, अफरोज, ऐनुल, ईश मुहम्मद, राज, नौशाद, अकरम, सैमुल्लह, हसमुल्लह, नईमुद्दीन, इशरत, मुहम्मद्दीन, सद्दाम, मुबारक, मजीद, आशिक,यूनुस, निजामुद्दीन, मेराज, अरशद, हसमुद्दीन ने लिखा है कि हम लोगों ने अपने गांव में आपसी सहमति से कुछ जमीन छोड़ा है।उस छोड़े गए जमीन पर जनाने की नमाज अदा की जाती है ।इसके अलावा उसी स्थान पर ईद, बकरीद व मुहर्रम का मेला भी लगता है। उसके बगल में सार्वजनिक नाली बनी है। जिसमें लगभग दो सौ घरों का पानी गिरता है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही मुस्लिम समाज के ही कुछ लोगों ने जनाजा स्थल, ईद, बकरीद, मुहर्रम का मेला स्थल, कब्रिस्तान व सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण कर लिया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 17 जुलाई 2024 को मुहर्रम का पर्व है। अतः इससे पूर्व उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया जाए,ताकि मुहर्रम का मेला सुचारू रूप से लग सके। जिलाधिकारी ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए एसडीएम भाटपार रानी को निर्देशित किया है।

## पर्यावरण और जीवन का अटूट सम्बन्धः कामेश्वर

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा सलेमपुर मण्डल द्वारा डाक बंगला परिसर सलेमपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह और जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने पदाधिकारियो के साथ डाक बंगला परिसर में आम का पौधरोपण किया। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।

हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है, किसान मोर्चा द्वारा 20 जुलाई से 30 जुलाई के बीच मे जिले के सभी मंडलो में वृहद पौधरोपण का आयोजन किया जाएगा।

# हर घर जल नल योजना के तहत स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए नाली में ही बिछा दी पाईप

**पानी तो मयस्सर हुआ नहीं, तोड़ी गई नाली की मरम्मत नहीं होने से सड़कों पर फैल रहा नाली का गंदा पानी**



**अवधनामा संवाददाता**

**रूद्रपुर (देवरिया)।** रूद्रपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामचक में लगभग 10 महीने पहले सड़क के किनारे बनी नाली को खोदकर ठेकेदार ने बदहाल कर दिया।

वाटर सप्लाई हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने सड़क के किनारे बनी नालियों को खोदकर उसमें पाईप बिछाकर उसे ऐसे-तैसे मिट्टी से ढककर छोड़ दिया। पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदारों ने नाली दुरुस्त नहीं कराई। तोड़ी गई नाली व सड़क उसी हाल में पड़ी है, जो ग्रामीणों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। करीब 10 महीने हो गए, नाली जैसे-तैसे उबड़ खाबड़ पड़ी हुई है और नाली का गन्दा पानी सड़क पर फैल रहा है। इस सड़क का प्रयोग गांव के लोग प्रतिदिन करते हैं। स्कूली बच्चों को नित्य आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क पर फैले गन्दे पानी व कीचड़ में गिरने का भय बना रहता है । वहीं, जलभराव होने से मच्छरों के प्रकोप व संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी भय लोगों को सता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सम्बंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, फिर भी नाली दुरुस्त नहीं कराई जा सकी है। इस संदर्भ में जल निगम ग्रामीण एक्सीयन अखिल आनन्द से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही जाँच कराकर सही करवा दिया जाएगा।

# पुलिस का नहीं रहा भय, चार सवारी बैठकर चल रहे बाईक सवार



**लोग आए दिन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं**

**बुलेट बाइक चलाने वाले लोग बिना साइलेंसर के पटाखे बजाते हुए आते हैं नजर**

**अवधनामा संवाददाता**

**रुद्रपुर देवरिया।** उपनगर रुद्रपुर में यातायात नियमों को लेकर लोग गंभीर नजर नहीं आ रहे। लोग आए दिन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामले सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन सवारों के सामने आ रहे हैं। यह लोग खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे।

शहर में कई बाइक चालक बिना हेलमेट बाइक चलाते नजर आते हैं तो कई अपनी बाजू या बाइक पर हेलमेट टांग कर वाहन दौड़ाते नजर आते हैं। इसके अलावा शहर में ट्रिपल राइडिंग भी बदस्तूर जारी है। नगर के विभिन्न मार्गो पर आए दिन बाइक पर चार लोग बैठे फर्राटे भरकर चल रहे हैं उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं नजर आता स्थानीय लोगों का कहना है कि बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग बिना साइलेंसर के पटाखे बजाते हुए नजर आते हैं। यह लोग अमूमन शहर के अंदरूनी बाजारों में घूमते रहते हैं।

उधर, ट्रैफिक पुलिस सूत्रों की मानें तो ज्यादातर लड़कियां बिना लाइसेंस के दोपहिया वाहन दौड़ा रही हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस रोजाना चालान भी कर रही और गाड़ियों को भी जब्त किया जा रहा है लेकिन लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे।

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ड्रिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (डीटीएफ) की हुई बैठक**

# आपसी समन्वय बना कर संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियों को करें सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** आगामी एक से 31 जुलाई तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ड्रिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में शनिवार को हुई।



बैठक के दौरान इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डायरिया आदि संचारी रोगों के नियंत्रण के प्रयासों के साथ साथ डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में समुदाय तक संदेश पहुंचाने के बारे में भी खासतौर से चर्चा हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें। जिलाधिकारी ने सभी तेरह विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह आपसी समन्वय बना कर संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियों को सम्पन्न करें। बैठक में पंचायती राज विभाग, नगर निकाय विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, खाद्य व औषधि प्रशासन, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और प्रतिनिधिगण ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि माइक्रोप्लान के अनुसार से क्षेत्र में सभी विभागों की गतिविधियों के दिनों में अधिक अंतराल न हो, ताकि मॉनीटरिंग के दौरान जिले का सूचकांक बेहतर बना रहे। पंचायती राज विभाग हाई रिस्क विलेज के साथ उन गांवों में भी जोर देकर झाड़ियों की कटाई कराए जहां से स्क्रबटाइफस के केस रिपोर्ट हुए हैं। इन गांवों में मत्स्य विभाग की मदद से गम्बुजिया मछली डाली जाए। एंटी लार्वा का छिड़काव हर हफ्ते कराया जाए। सभी डिपार्टमेंट के लोग समुदाय को प्रेरित करें कि वह खुले में शौच न करें। साफ और ठहरे हुए पानी को तुरंत हटाया जाए। सुअरबाड़ों की साफ सफाई के साथ उनको शत फीसदी जाली से ढंकवाया जाए।

सभी विभाग ऑनलाइन डैशबोर्ड की मदद से प्रतिदिन समीक्षा करें और जहां कहीं भी गैप दिखे, उसे तुरंत दूर करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान में चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास व पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम व शहरी विकास, कृषि, पशुपालन, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम और खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग मिल कर कार्य करेंगे।

## ग्राम प्रधान के भाई की हत्या

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रधान के भाई की ईट पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई।घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार अजय सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी कड़ेर गांव थाना कोतवाली क्षेत्र अमेठी शुक्रवार की रात अपने साथी सौरभ के साथ मोटरसाइकिल से अमेठी से कडेरगांव जा रहे थे तभी रास्ते में अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर बेनीपुर नहर के पास मोनू पासी समेत दो लोगों ने उन पर ईट-पत्थर से हमला कर दिया। घटना में अजय गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके साथ मोटरसाइकिल पर बैठे सौरभ ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने अजय सिंह को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने बताया कि अजय सिंह अमेठी थाना क्षेत्र के कडेरगांव के रहने वाले थे। वह कडेरगांव के प्रधान पवन सिंह के भाई थे। शुरुआती जांच में मालूम हुआ है कि हमलावरों का अजय सिंह के साथ विवाद था और वारदात के वक्त हमलावर नशे में थे।

# राज्य स्तर पर टॉप-10 मेरिट के मेधावी छात्र-छात्राओं को एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन, लखनऊ में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय करने के लिए प्रति छात्र-छात्रा रू0-1200 की धनराशि अभिभावको के बैंक खातें में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तान्तरित किया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बेसिक की छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक का वितरण, निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सम्मानित तथा वर्ष-2024 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को रू0-एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया, इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2024 में राज्य स्तरीय/जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में सम्मिलित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में किया गया तथा उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा-प्रियांशी मौर्या एवं छात्र शिवम यादव तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले गंगा प्रसाद साहू इं0का0 के छात्र-शुभम, रियाज इं0का0 की छात्रा-सलोनी सिंह एवं धर्मा देवी इं0का0 की छात्रा श्वेता राजपूत को रू0-एक लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जिलाधिकारी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद स्तर पर टॉप-10 मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली धर्मा देवी इं0का0 की छात्रा-नैन्सी यादव, अंजली देवी, रश्मि यादव, साहिबा नूर, वंदना देवी, तान्या सिंह एवं छात्र-सिद्धार्थ सिंह व अनूप मौर्य तथा बिट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इं0का0 के छात्र-अभिषेक कुमार को रू0-21 हजार का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जनपद स्तर पर उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और जिलाधिकारी निशा अनंत ने हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को टैबलेट प्रमाण पत्र गोल्ड मेडल व चेक देकर सम्मानित किया है। जिसमें इंटरमीडिएट के छात्र गुलाब चौहान तथा विवेक पटेल को रुपए 1-1 लाख की धनराशि का चेक तथा इंटरमीडिएट के 9 छात्र-छात्राओं क्रमशः अंजली चौरसिया जसवंत कुमार श्रेया तिवारी आकांक्षा मिश्रा शुभम कुमार वर्मा सुमित तिवारी मोहम्मद अयान हर्ष पांडे व श्रद्धा दुबे को रुपए 21-21 हजार का चेक तथा हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं क्रमशः सौरभ सिंह आराधना शुक्ला अबू जैद समीक्षा सिंह सेजल अंकित मौर्या आदित्य चौरसिया यशी सोनकर प्राची सिंह आस्था पांडे व सुभी को रुपए 21-21 हजार का चेक प्रमाण पत्र गोल्ड मेडल व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा उत्तीर्ण सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे सभी छात्र-छात्राओं ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जिलाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों तथा उनके माता-पिता गुरुजनों को बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं से आगे भी कड़ी मेहनत करने की अपील किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी को शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सात्विक श्रीवास्तव सहित मेधावी छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक व गुरुजन उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला समेत दो की मौत

**अवधनामा ब्यूरो**





**कुशीनगर।** जिले में अलग अलग क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ महिला व एक बच्चे की मौत हो है गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। कसया थाना क्षेत्र के गांव कुड़वा दिलीपनगर के हीरामन टोला में शनिवार की आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई व एक घायल हो गई। महिलाएं गांव के पास स्थित खेत मे धान की रोपाई कर रही थी। कुड़वा के हीरामन टोला निवासी मनोज सिंह की 45 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी अपने घर से थोड़ी ही दूर स्थित एक खेत मे धान की रोपाई कर रहीं थीं।


दोपहर बाद लगभग 1:30 बजे बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी तो सुशीला इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई।वह अचेत होकर खेत मे गई गिर गई। थोड़ी देर के बाद आप पास के लोग व परिजन पहुंचे तो घायल को इलाज के लिए कसया सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।दूसरी घायल मंजू देवी 40 वर्ष भी झुलस गई। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में हो रहा है। परिजन शव लेकर वापस घर लौट गए। मृतक के पति काम के सिलसिले में बाहर है। बेटा आदित्य (18 वर्ष) का रो-रोकर बुरा हाल था। दूसरी घटना तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पीपरा रज्जब में शनिवार की दोपहर गांव के बाहर घूमने गए किशोर के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मूलतः परतावल महराजगंज के निवासी इरशाद शाह अपने ससुराल पीपरा रज्जब में ही मकान बनाकर काफी समय से परिवार सहित रहते है। शानिवार को दोपहर उनका 17 वर्षीय पुत्र इरफान शाह गांव के बाहर सरेह की तरफ घूमने गया था।इसी बीच आकाशीय बिजली तड़कने लगी और उसके ऊपर ही आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। बगल के खेत मे कार्य कर रहे लोगों ने जब यह घटना देखा तो उसके घर के लोगों को सूचना दिए सुचना के बाद पहुंचे परिजनों ने उसे आनन फानन में फाजिलनगर सीएचसी ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को दे दिया है। दुर्घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मनाया गया दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश के क्रम में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग एवं राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से व्यापारी कल्याण दिवस विकास भवन सभागार में शनिवार को मनाया गया। जिसमें अमेठी व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारीगण सम्मानित व्यापारी बंधु निवेशक राज्य कर विभाग संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह द्वारा की गई तथा संचालन उपयुक्त राज्य कर अनुराग चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा दानवीर भामाशाह के विचारों एवं उनकी जीवनी के विषय में अवगत कराते हुए भारतीय इतिहास में उनके अमिट योगदान के विषय में बताया गया। शासन के दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद में राज्य अधिक्षेत्र में जीएसटी में पंजीकृत विगत 3 वर्षों में सर्वाधिक कर देने वाले दो बड़े व्यापारियों को सम्मानित किया गया साथ ही जनपद के पांच बड़े निवेशकों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर में समर कैम्प का आयोजन




**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर में शासन के निर्देश के क्रम में 28 व 29 जून 2024 को समर कैम्प का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्पार्चन किया गया। उसके पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न योगासन, मेहंदी कार्यक्रम, रंगोली निर्माण, विद्यालय में विभिन्न खेलों, लूडो, कैरम, रस्सी जम्प, क्रिकेट एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा पूरे जोश व जूनून के साथ उक्त दोनों दिन के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।प्रभारी प्रधानाध्यापक मोलई प्रसाद प्रजापति ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभाशाली बच्चों की कमी नहीं है हमें उन्हें तरासने व निखारने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक साथी पुरुषोत्तम कुमार, कृतिलता गौतम, आशा सिंह एवं उमेश सिंह मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र के गोरखपुर नरकटिया रेल खण्ड पर सुधियानी रेल ढाला के समीप शनिवार शाम 6 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। जिसकी शिनाख्त अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मधवलिया निवासी विजय सिंह की पत्नी शर्मिला के रूप में हुई। स्थानीय थानाक्षेत्र के इन्दरपुर निवासी खदेरू सिंह ने आज से लगभग तेरह वर्ष पहले अपनी बिटिया शर्मिला की शादी अहिरौली थानाक्षेत्र के मधवलिया निवासी विजय सिंह से की थी। महिला की बारह वर्ष की एक लड़की तथा आठ वर्ष का एक लड़का है। मायका पक्ष के अनुसार महिला किसी बात से नाराज होकर ससुराल से मायके इन्दरपुर के लिए निकली थी। शाम छः बजे के करीब जैसे ही गोरखपुर कप्तानगंज रेलखंड के पिलर संख्या 359/14 के करीब पहुंची की कप्तानगंज से गोरखपुर की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मय फोर्स पहुंचे बोदरवार चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने आवश्यक



लिखा पड़ी के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई प्रारंभ कर दिया है। महिला के मायके पक्ष के माता-पिता मौके पर पहुंच गए हैं। महिला की मौत को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। घटना को कोई दुर्घटना तो कोई आत्महत्या बता रहा है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने बताया शव को आवश्यक लिखा पड़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा।

# रोटरी क्लब के पुनः अध्यक्ष बने वाहिद, सचिव अजय सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर 2023-24 सत्र समापन समारोह के साथ ही शुक्रवार को नए सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कसया-कुशीनगर स्थित होटल कलश में संपन्न हुआ। इस समारोह में सर्वसम्मति से वाहिद अली को पुनः अध्यक्ष और अजय सिंह को पुनः सचिव चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी के सचिव अजय सिंह ने विगत सत्र के कार्यक्रमों और गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि रोटरी का सत्र प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से 30 जून तक संचालित होता है, जिसमें क्लब स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक नई कार्यकारिणी गठित होती है। रोटरी



वाहिद अध्यक्ष रोटरी क्लब



अजय सिंह, सचिव

क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने अपने संबोधन में कहा, ÷रोटरी का लोकतांत्रिक ढांचा काफी मजबूत है, जिसके कारण पिछले 119 वर्षों से यह संस्था वैश्विक मंच पर सामाजिक कार्यों में अपनी धाक जमाए हुए है। उन्होंने रोटरी के सदस्यों को विगत सत्र में उनके सक्रिय योगदान हेतु स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम देकर सम्मानित भी किया।

सत्र 2024-25 के लिए रोटरी क्लब कुशीनगर की नई कार्यकारिणी का गठन निम्नलिखित रूप से किया गया÷ राकेश जायसवाल संरक्षक, वाहिद अली अध्यक्ष, अजय सिंह सचिव, विजय कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंजली खरवार उपाध्यक्ष, साहिल अहमद उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार यादव उपाध्यक्ष, संदीप रौनियार उपाध्यक्ष, दुर्गेश चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष, अखिलेश शर्मा संयुक्त सचिव, सदरे आलम संयुक्त कोषाध्यक्ष, डॉ सुनील सिंह निदेशक (क्लब सेवा), अमित श्रीवास्तव निदेशक (अन्तर्राष्ट्रीय सेवा), अंकुर तुलस्यान निदेशक (व्यवसायिक सेवा), गोपीचंद

**रोटरी क्लब कुशीनगर की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन**

कसौधन निदेशक (सामुदायिक सेवा), विजय कृष्ण द्विवेदी सार्जेन्ट एट आर्म्स, शम्भू कुशवाहा रक्तदान शिविर संयोजक, अरुण वर्मा मीडिया प्रभारी चुने गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने नई कार्यकारिणी के गठन पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, रोटरी एक अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था है, जहां अतीत, वर्तमान और भविष्य के नेता मिल-जुल कर विविध सामाजिक दायित्व के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को आगे बढ़ाने में योगदान देते हैं। अध्यक्ष वाहिद अली और सचिव अजय सिंह के नेतृत्व में, क्लब आने वाले वर्ष में और भी अधिक प्रभावशाली कार्य करने की दिशा में अग्रसर होंगे।

## कौशाम्बी को निपुण जनपद बनाने के लिए हर संभव करे प्रयास

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** राजकीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट मंझनपुर में 29 जून को उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य भारती त्रिपाठी की अध्यक्षता में जून 2024 माह की समीक्षा बैठक आहूत की गई, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी,डीसी प्रशिक्षण डायटमेंटर, एस0आर0जी0 और ए0आर0पी0 उपस्थित रहे निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/ गतिविधियों से संबंधित डाटा आधारित समीक्षा करते हुए श्रीमती भारतीय त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट कौशांबी ने मेंटर्स एवं बी0ई0ओ0 को निर्देशित किया कि जनपद कौशाम्बी को निपुण जनपद बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें। दीक्षा ऐप निष्ठा 4.0 एवं 3.0 के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रशिक्षण लेने, प्रत्येक माह कक्षा 1 से 3 तक के सभी छात्रों का आकलन करने,शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियों में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तरीय मेंटर्स की 5 सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिये। एसआरजी एवं एआरपी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों एवं शिक्षक संकुल के स्कूलों को दिसंबर 2024 तक निपुण बनाने हेतु कार्ययोजना बनाकर पूर्ण मनोयोग से क्रियान्वित कर विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास करे। स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की गतिविधियां विद्यालयों में संचालन की मॉनिटरिंग करें।

# कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा 2024 के मेधावी छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित

**लोक भवन आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य के संकल्प के साथ लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु प्रति छात्र रू. 1200 की दर से 2042416 छात्र-छात्राओं के 1546241 अभिभावकों के खातों में ड्रेस, जूता, मोज़ा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय किये जाने हेतु डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। जिसमें जनपद बहराइच 242802 बच्चों के 182321 अभिभावक भी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न बोर्डो के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का लोकार्पण, 11 जनपदों के डायट में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टायलेट ब्लाक का शिलान्यास, कक्षा 1 व 2 की एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तकों के वितरण अभियान, विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 1800-889-3277 का शुभारम्भ, शैक्षणिक शोध संकलन 'शोध संगम के विमोचन के साथ-साथ निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल व नानपारा के राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक वितरण अभियान का शुभारम्भ किया।

मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु मेधावी छात्र-छात्राओं बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. बहराइच की कामिनी सिंह, आश्रम पद्धति इण्टर कालेज चिरैय्याटांड की सत्यम गुप्ता व श्री त्रिभुवनदत्त स्मारक उ.मा.वि. शहनाज़पुर की पीयूष श्रीवास्तव को रू. एक-एक लाख, सरस्वती इ.का. माधवपुरी के रोहित कुमार शुक्ला, शीतल देवी इ.का. विश्वनाथ गांव के वीर पटेल, बाल शिक्षा निकेतन की सुमेधा सिंह, सरस्वती इ.का. माधवपुरी प्राची, राम नरायन सिंह इ.का. राम नगर खजुरी के अनमोल शुक्ला, नाज़ मेमोरियल गर्ल्स हाईस्कूल कानूनगोपुरा की आनिया शाह व श्री त्रिभुवनदत्त स्मारक उ.मा.वि. शहनाज़पुर के शीतल प्रजापति को रू. 21-21 हज़ार की धनराशि का डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जिले के प्रसिद्ध अवंतिका फ़ूड मॉल में मिठाई में रबर मिलने का मामला



**सुल्तानपुर।** अवंतिका फूड मॉल के संचालक आलोक आर्य ने बताया कि साजिश की शुरूवात 2018 से ही चल रही है। जब उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था,उस समय उनके भाई आशीष आर्य मौत को मात देकर आये थे।आलोक आर्य ने बताया कि पहले भी आरोप कर्ता की तरफ से आरोप लगाया जा चुका है ऐसा क्यों है कि इन्ही के खाने के सामान में कुछ न कुछ मिलता है,सब कुछ सुनुयोजित है। रबर डीप फ्राई होने पर गला नही ऐसा क्यों प्रशासन से अपील करते हुए आलोक आर्य ने कहा कि इस तरह की घटना भविष्य में गम्भीर हो सकती है इसलिए प्रशासन से अपील ही कि मेरी बातों को गंभीरता से ले। घटना वाले दिन भी आलोक आर्य की गवाही होनी थी।

# लक्ष्य के सापेक्ष पशु टीकाकरण पच्चास प्रतिशत पूराः मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**5 लाख 50 हजार पशु टीकाकरण का है लक्ष्य, पशु विभाग के सभी वेतनभोगी गोवंश के प्रति तंय है जबावदेही**

**सुल्तानपुर।** बरसात माह के शुरुआती पूर्व ही, सरकार ने पशुओं को संक्रमित बीमारी से बचाने के लिए जनपद में कुल लगभग 5 लाख 50 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जानवरों की आंकड़ें के अनुसार लक्ष्य की सापेक्ष तकरीबन 50 प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण का कार्य पूरा हो गया है।

यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक तिवारी ने बताया बरसात के पहले 31मई से 31 अगस्त तक जनपद में कुल 5 लाख50 हजार पशुओं को टीकाकरण कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पशु टीकाकरण में तेजी लाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर चिकित्सकों का टीम गठित कर पशुओं व उनके बच्चो का टीकाकरण करवाया जा रहा है। अभी तक तकरीबन 50 प्रतिशत पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जागरुक पशुपालको को चाहिए कि टीकाकरण टीम का सहयोग कर टीका अवश्य लगवायें, बरसात में जानवरों को गलाघोंटू जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। समाज के जागरूक सभी संगठनों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक तिवारी ने बताया कि गांव के गरीब लोगों को कम से कम एक गौ माता को पालने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सरकार इसके लिए प्रत्येक गौ पालक को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1500 रुपए देगी। वहीं बेजुबान पशुओं, गौ माता के साथ अकारण हो रही मौत व शव फेंके जाने की घटनाओं पर मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर श्री तिवारी ने बताया कि गौशाला से मृत्यु गोवंश फेंके जाने की सूचना मिल रही थी। उनके मौत के कारणों को लेकर पशु चिकित्सा विभाग काफी सतर्क है। क्षेत्र में प्रत्येक गौशालाओं का निरीक्षण करने के लिए रात्रि में भी ब्लॉक स्तरीय पशु चिकित्सकों की टीम लगा दी गई है। उन्हें लिखित निर्देश दिया गया है कि अगर किसी भी हालत में गौशाला के पशु चारे अथवा पानी व बीमारी के अभाव में दम तोड़ते हैं तो टीम की जिम्मेदारी अवश्य तंय होगी। वहीं जिलाधिकारी ने एक बैठक बुलाकर समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को और सख्त कर दिया है कि हर हाल में घटना की पुनरावृत्ति होती है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सीएमओ के निर्देश पर फर्जी क्लीनिक पर पड़ा छापा, एफआईआर हुई दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नीम,हकीम खतर-ए-जांन वाली कहावत को चरितार्थ करने वाले फर्जी क्लीनिक/नर्सिंगहोम संचालक पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्यवाई में बुरी तरह झोलाछाप डाक्टर फंस गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बडी करते हुए उसके अस्पताल को सीज करते हुए मुकदमा भी पंजीकृत करवा दिया है। मामला जिले के अंतिम छोर अखंडनगर/भेलारा का है। जहां डां.अरूण कुमार क्लीनिक चला रहा था। बकायदा आप्रेशन से लेकर बडी से बड़ी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को अपने अस्पताल में भर्ती करता था। आप्रेशन से लेकर सभी बीमारी का ईलाज करने से भी नही डरता था। शिकायतों के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी डां.ओम प्रकाश चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित करते हुए उप मुख्य चिकित्साधिकारी डां.पीडी त्रिपाठी व वरिष्ठ सहायक विजय कुमार राय के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ डां.अरूण कुमार के अस्पताल पर छापा मारा तो मामला काफी चौकाने वाला निकला। अस्पताल में हार्निया आप्रेशन व अन्य मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल संचालक से उसकी डिग्री मांगी जो उसके पास थी ही नही। मतलब साफ था की फर्जी आदमी डाक्टर बनकर आम लोगों की जिंदगी से कितना खौफनाक खेल, खेल रहा था। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को उक्त अस्पताल संचालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए निर्देशित करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डां.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की जनपद में एक भी फर्जी नर्सिंगहोम या क्लीनिक नही चलेगी। इंसानों की जिंदगी से किसी को भी खेलने का हक़ नही है,चिकित्सक भरोसे का नाम है। बगैर डिग्री के लोग अगर इस पेशे में उतरें गें तो इंसानी जिंदगियों के लिए खतरे बढ़ जाएगें, इसलिए इसपर सख्ती के साथ कार्यवाई होगी।

## सेवानियोजक कम्पनी ने किया अभ्यर्थियों का चयन

**ललितपुर।** आईटीआई मे जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में रोजगार मेला/कैम्पस प्लेसमेण्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सर्वप्रथम प्राईवेट आईटीआई के संस्थापक एवं सुजान सिंह तोमर द्वारा जिला रोजगार सहायता अधिकारी एवं अतिथि नियोजकों का अभिवादन किया गया। साथ ही आईटीआई परिसर में कैम्पस प्लेसमण्ट के साथ प्रायोजित कॅरियर काउन्सिलिंग का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा रोजगार मेले में आये सभी बेरोजगार अभ्यर्थियों को, प्रतिभाग कर रही कम्पनियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की, फिर उन्होंने सभी बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार कम्पनियों में साक्षात्कार देकर अपनी जीवोकापर्जन करने के समाधान दिये। साथ ही साथ सेवायोजन विभाग द्वारा नवनिर्मित रोजगार संगम पोर्टल सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कसौधन के संयोजन में शाहगंज चौराहे पर भामाशाह जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के शुभ अवसर पर लड्डू प्रसाद एवं शुद्ध पेयजल का वितरण आम जनों के लिए किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया और जल पीकर आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के इस प्रयास की सराहना किया भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि भामाशाह की जयंती पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र के निर्देशन में जनपद के सभी बाजारों में कार्यक्रम किया जा रहे हैं रात में जयसिंहपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में जनपद के लगभग 70 बाजारों में कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भामाशाह की जयंती व्यापारिक कल्याण दिवस के रूप में मनाए जाने को लेकर हम पूरे प्रदेश के व्यापारियों की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह जिला संगठन मंत्री सत्यनारायण मोदनवाल तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कसौधन संतोष गुप्ता कमला कांत तिवारी विनोद कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश महा मंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आज जिला प्रशासन द्वारा भामाशाह की जयंती के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सबसे अधिक करदाता दो व्यापारियों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों के साथ साथ हम सभी व्यापारी गण ने भामाशाह की जयंती पर माल्यार्पण कर पुष्पर्जन किया। जिला प्रशासन के द्वारा अयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने कहा कि जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना की अध्क्षता कलेक्ट सभागार में सुंदर कार्यक्रम का आयोजन हुआ भामाशाह के जीवन पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई व्यापारियों तथा उद्यमियों के सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा कलेक्टर सभा घर में जिलाधिकारी महोदय ने विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को सम्मानित किया। जिसके लिए हम जिलाधिकारी महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और आभार प्रकट करते हैं। प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि हम व्यापारियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता जी ने भामाशाह सम्मान योजना शुरू किया था उसके बाद की सरकारों ने व्यापारियों के सम्मान पर कुठाराघात करते हुए भामाशाह सम्मान को बंद कर दिया दोबारा दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में घोषित कर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है जिससे पूरे व्यापारी समाज का सम्मान बढ़ा है और व्यापारी समाज गदगद है।

# मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने प्रथम प्रशासिका के रूप में किया था नियुक्त**

अवधनामा संवाददाता



**महरौनी (ललितपुर)** ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का 59वां पुण्य स्मृति दिवस वरदानी भवन में अनेक भाई-बहनों की मौजूदगी में एक मैरिज गार्डन में मनाया गया। इस मौके पर राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी सहित सभी भाई-बहनें मौजूद रहे। पुष्पांजली कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी दीदी ने कहा कि मम्मा सदा कहती थीं कि जो कर्म मैं करुंगी, मुझे देखकर और करेंगे। इसलिए आप सभी के कर्म ऐसे दिव्य, श्रेष्ठ और महान हों कि आपको देखकर दूसरे भी उस राह पर चलने के लिए प्रेरित हो सकें। मम्मा ने हम सभी को ईश्वरीय मर्यादाएं और नियम सिखाए। आज सभी संकल्प लें कि जो दिव्य कर्म वरिष्ठ दादियों, बाबा, मम्मा ने किए हैं उनके बताए मार्ग पर चलेंगे। आज भी मम्मा की प्रेरणा हम सभी को सूक्ष्म रूप में मिलती रहती है। मम्मा बचपन से ही तपस्वी और दिव्य बुद्धि की धनी थीं। उनके सामने कैसी भी परिस्थिति आई लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने कठिन योग-साधना से स्वयं को इतना शक्तिशाली बना लिया था कि कैसा भी क्रोधी व्यक्ति उनके सामने आता था तो वह शांत हो जाता था। आप रात में 2 बजे से योग-साधना करती थीं। आपने सदा हां जी का पाठ पढ़ा। आपके महावाक्य थे कि हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझो। कम बोलो, मीठा बोलो, धीरे बोलो, आप धैर्यता, दिव्यता, मधुरता, पवित्रता, नम्रता, निर्भरता इन गुणों की खान थी। इस कार्यक्रम में बीके विद्यासागर भाई, बीके गीता, बीके प्रीती, बीके रुबी, बीके प्रियंका, बीके निशा, बीके पूजा, बीके शिवानी, रितेश बडोनिया,बृजेश तिवारी, गेंदालाल साहू,ओम प्रकाश साहू,एडवोकेट रामस्वरूप साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, रोहित श्रीवास्तव, सिरनाम भाई एवं अन्य भाई-बहन उपस्थित रहे।

### 1919 में अमृतसर में हुआ था जन्म

बता दें कि 1919 में अमृतसर में के साधारण परिवार में मम्मा का जन्म हुआ था। उनके बचपन का नाम ओम राधे था। जब आप ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थीं तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी, इसलिए भी आप ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुईं। आप बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। ब्रह्मा बाबा ने कोई भी ज्ञान की बात आपको कभी दोबारा नहीं सिखाई। आप एक बार जो बात सुन लेती थीं उसी समय से अपने कर्म में शामिल कर लेती थीं। 24 जून 1965 को आपने अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था।

### कुशलता पूर्वक किया ईश्वरीय विद्यालय का संचालन

मम्मा के जीवन में लव एंड लॉ का बैलेंस था। कम उम्र की होने के बाद भी आपका व्यक्तित्व इतना विशाल था कि सभी को मां की अनुभूति होती थी। इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शुरुआत में अनेक परीक्षाएं आईं लेकिन आपने अपने गंभीर स्वभाव और धैर्यता से सभी का सामना किया। मम्मा ने शुरुआत से लेकर अपने जीवन के अँतिम क्षण तक पूरे ईश्वरीय विश्व विद्यालय का संचालन कुशलता पूर्वक एक मां के समान किया। मम्मा का जीवन हम ब्रह्मा वत्सों के लिए प्रेरणादायी, पथप्रदर्शक और ईश्वरीय मार्ग पर चलने के लिए एक मिसाल है। मम्मा ने अल्पायु में ही कठिन योग साधना से संपूर्णता की स्थिति बना ली थी। आज आपके बताए मार्ग पर चलकर लाखों ब्रह्माकुमार भाई-बहन अपना जीवन श्रेष्ठ बनाने के मार्ग पर अग्रसर हैं। आप दिव्य गुणों की सजीव मूर्ति थीं। ब्रह्माकुमारी मायारानी दीदी ने कहा की मम्मा व्यावहारिक रूप से कर्मयोग की मिसाल थीं। यहां पुरानी दुनिया में रहते हुए भी वह नई दुनिया में रहती थीं। उनका जीवन कितना तपस्वी और महान था इस दुनिया में रहते हुए भी यारी और प्यारी रहती थी मामा बाबा की आज्ञाकारी वफादार और फरमानदार थी उनके जीवन में सच्चाई और सफाई का विशेष गुण था।

# सड़क सुरक्षा को लेकर उठायें जायें महत्वपूर्ण कदमः अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सम्मिलित जनपद में घटित दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) की अध्यक्षता में पंचम सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा एन.एच.ए.आई. ए.आर.टी.ओ. पी.डब्लू.डी. एवं यातायात निरीक्षक को नये ब्लैक स्पॉटस चिन्हित करने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। अध्यक्ष द्वारा पिछले माहो में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि सम्बन्धित थानों द्वारा दुर्घटना के मुख्य कारण उपलब्ध नही कराये जा रहे है। जिस पर अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अगली बैठक से पूर्व उक्त सूचना थाना वार उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। अध्यक्ष द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट, एवं सीट बेल्ट न लगाने के सम्बन्ध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है जिसपर अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सुधारात्मक कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराये एवं दुर्घटना वाले समस्त जन्कशनों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विज्ञापनों को होडिंग/बोर्ड के माध्यम से प्रदशित किया जाये जिससे जन्कशन पर जनमानस विशेषकर दो पहिया एवं ट्रैक्टर ट्राली चालकों को संवेदीकृत कर दुर्घटनाओं पर रोक लगायी जा सके कृत कार्यवाही की मैपिंग यातायात विभाग द्वारा पृथक रूप से करते हुये आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से छात्रों, अभिभावकों एवं जनमानस के मध्य सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये।

# आरसेटी की जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** पीएनबी आरसेटी की जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की डीएलआरएसी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय की डीएलआरसी एवं डीसीसी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक जिला मुख्य विकास अधिकारी के.के. पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित डीडी कृषि बसन्त दुबे, अग्रणी जिला प्रबंधक रंजीत कुमार, डीडीएम नाबार्ड सलिल कुमार अर्कवंशी, डूडा विभाग अधिकारी राकेश त्रिपाठी, एलडीओआर बी.आई.कुमार, कौशल कौशिक, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी रामदास वर्मा, आरसेटी निदेशक प्रतिनिधि रूपेन्द्र श्रीवास्तव अन्य बैंक समन्वयक/प्रतिनिधि मीटिंग में उपस्थित रहे। बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार ने बैकों के त्रैमासिक गतिविधियों के बारे में जिला मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया व प्रगति रिर्पोट पर जिला मुख्य विकास अधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा लम्बित योजना को शीघ्र ही पूर्ण कर लक्ष्य की प्राप्ति करें। त्रष्टा पत्रावलियां जिन बैंक शाखाओं में लम्बित है उनका पत्राचार पूर्ण कराकर नियमानुसार निवारण करें जिससे कि लाभार्थियों को अपना स्व-रोजगार शुरू करने में परेशानी न हो। वरिष्ठ इन हाउस फैकल्टी रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरसेटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गयी है। संस्थान को पुन~एए ग्रेंडिग प्राप्त हुई तथा यह वर्ष 2014-15 से अनवरत जारी है जिस पर अध्यक्ष व सभासदों द्वारा हर्ष व्यक्त किया। आगे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिये एनआरएलएम व समस्त विभागों के सहयोग की अपेक्षा की गयी सभी ने सहयोग प्रदान के लिये आश्वासन दिया। बैठक में आर सेटी इन हाउस फैकल्टी आकांक्षा खरे व समस्त स्टॉफ, एनआरएलएम से आये हुए अभिनव शर्मा, निधि शुक्ला उद्योग विभाग से संजय कुमार तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## घनघोर बरसात से खड़ंजा धंसा आवागमन अवरुद्ध

**चांदा, सुल्तानपुर।** विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के ग्राम मधैया (ग्राम सभा फुटेला) में घनघोर बरसात होने से पानी के तेज बहाव के कारण खड़ंजा जमीन में धंस गया।जिससे आवागमन संपूर्ण रूप से बाधित हो गया। विदित हो कि इस मार्ग से फुटेला, मधैया तथा नजदीक के अन्य गांव के लोगों को धोपाप संपर्क मार्ग, चांदा बाज़ार, महारानी पश्चिम स्टेशन , कोथरा बाज़ार आदि जगहों पर जाने में आसानी मिलती है। इस खड़ंजे के टूट जाने से स्थानीय ग्रामीणों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार ग्रामीणों द्वारा इस मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फुटेला शिवशंकर गुप्त को दी गई उन्होंने कहा कि खड़ंजे को अतिशीघ्र ही दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# थाना बानपुर में एसपी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना बानपुर का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण करते हुये सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु थानाध्यक्ष बानपुर को निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को थानाध्यक्ष द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बानपुर में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब-मादक पदार्थो, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थाना बानपुर कार्यालय में चलने वाली कम्प्यूटरीकृत जीडी का निरीक्षण किया गया व पुलिस बल की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष बानपुर सियाराम वर्मा व सभी अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## समाज कल्याण अधिकारी ने जारी किया टेंडर

**सुलतानपुर।** समाज कल्याण विभाग में सामूहिक शादी के निविदा के सम्बन्ध में। 29 जून को 2024 समाज कल्याण अधिकारी ने जारी किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उसी तरह से निविदा बनायी गयी है, जिससे उनकी ही चहेती फर्म काम कर सके और किसी और को काम करने का मौका न मिले। मामले की जांच जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक को सौंपी है। जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी बड़ा घोटाला समाज कल्याण विभाग द्वारा हो सकता है। जो कि और जनपदों में जो भी निविदा निकाली गयी है वह इनसे एकदम अलग है, इनके द्वारा जो भी कमियाँ एवं घोटालों की मंशा है, वह निम्नवत है। इन्होंने उसी फर्म के हिसाब से बनायी है जिससे पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी मनमानी तरीके से कार्य आवंटित करके उसी से कार्य करा सकें।

# बच्चों के उज्जवल भविष्य से रोशन होगा प्रदेश व देश का नामः मंत्री संजीव

**अवधनामा ब्यूरो**

**जिले के हाई स्कूल व इंटर के टॉपर छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा ड्रेस, जूता, मोजा, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग हेतु प्रति छात्र-छात्रा को 1200 रूपये की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से अन्तरण प्रक्रिया का लोक भवन लखनऊ से किया गया शुभारंभ

मुख्यमंत्री के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया सजीव प्रसारण हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को टेबलेट, मेडल प्रशस्ति पत्र देकर समाज कल्याण राज्य मंत्री द्वारा समानित किया गया। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा ड्रेस, जूता, मोजा, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग हेतु प्रति छात्र-छात्रा को 12.. रूपये की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से अन्तरण प्रक्रिया मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये जाने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस सजीव प्रसारण को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री सजीव कुमार गौंड़, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य संजीव त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री सजीव कुमार गौंड़ ने जनपद के हाईस्कूल, व इण्टरमीडिएट में टाप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किये। जनपद में टॉप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम 21 हजार रूपये की



धनराशि भी स्थानान्तरित की गयी। इस दौरान जनपद सोनभद्र के इण्टरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अक्षय कुमार पुत्र अंगद कुशवाहा के खाते में 1 लाख रूपये की धनराशि स्थानान्तरित की गयी, अक्षय कुमार ने जनपद के साथ ही प्रदेश के मेरिट सूची में भी स्थान प्राप्त किया है, इसलिए उनके खाते में एक लाख रूपये की धनराशि स्थानान्तरित की गयी। मंत्री द्वारा टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में इण्टर मीडिएट के अक्षय कुमार-कलावती देवी शि.सं. पगिया खैराही, अमन गुप्ता-आदित्य बिड़ला इ.का.रेनुकूट, अमन यादव-राम केश सिंह इ.का. पुरना घोरावल, अयाज अंसारी- राम केश सिंह इ.का. पुरना घोरावल, कोमल सोनी, डॉ. अम्बे. सर.वि.मं. इ.क.ज. अनपरा, हर्ष कुमार विन्ध्यवासिनी इण्टर कालेज पांपी कसयांकला, आदित्य कुमार यादव- आदित्य बिड़ला इ.का. रेणुकूट, दानिया फिरदौस-डॉ. अम्बे. सर.वि.मं. इ.का. अनपरा, अंजली सिंह- चन्द्रगुप्त मौर्य इं.का. मधुपुर, अविनाश कुमार-डॉ. अम्बे. सर. वि.म.इ. कालेज अनपरा को दिया गया है। इसी प्रकार से टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल के मांशु कुमार-जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, आयुषी- राम केश सिंह इण्टर कालेज पुरना घोरावल, अमरेश कुमार यादव- विश्वनाथ सिंह ज्ञानोदय उ.मा.वि. नेवारी चोपन, साक्षी मिश्रा- जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, रूबी कुमारी-सोनांचल इंटर कालेज घोरावल, श्यामिली यादव- विमला इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज, अंजली कुमारी-आदित्य विबड़ा इण्टरमीएट कालेज रेणुकूट, संस्कृति साहनी- राम केश सिंह इण्टर कालेज पुरना घोरावल, विकास-राजकीय इंटर कालेज घोरावल, प्रतिभा कुशवाहा- सं.वि.मं.इं. कालेज खड़िया योगीचैरा, निलेश न्यूटन- जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, प्रकाश- हरिकृष्ण कुशवाहा इं.का. बेलखुरी राबर्ट्सगंज, माधुरी- गीतांजली पब्लिक स्कूल डूमरिया भरौली घोरावल को सम्मानित किया गया।इस मौके पर मंत्री संजीव कुमार गौंड़ ने उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश एवं जनपद में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है, प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर में बेहतर सुधार लाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों के भवनों का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है और बच्चों को बेहतर और टेक्निकल शिक्षा प्राप्त करने हेतु टैबलेट का वितरण भी किया जा रहा है, जिससे मेधावी छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाये, कोई भी बच्चा विद्यालय आने से वंचित न रहें, इसके लिए शिक्षकगणों के साथ ही अभिभावक भी आपसी समन्वय के साथ प्रयास करें।

# झमाझम बारिश से खेत खलिहान लबालब, किसान खुश



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** शनिवार तड़के मानसून की झमाझम बारिश से खेत खलिहान सब कुछ लबालब हो गए। इस बारिश से धान किसानों के चेहरे चमक उठे हैं। अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष ब्लॉक क्षेत्र में धान की फसल का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। किसान खरीफ की अन्य फसलों की बजाय धान की फसल को प्राथमिकता दे रहे हैं। शनिवार को तड़के मानसून के बदरा झूमकर बरसे। सुबह खेत खलिहान लबालब देखकर किसानों के चेहरे खिल गए। सबसे ज्यादा राहत धान किसानों को मिली है। इस बारिश के बाद धान की रोपाई में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। किसान परशुराम यादव, उदयभान यादव, सुरेश कुमार, राजू, मानसिंह भदौरिया,प्रदीप गुप्ता, भोला तिवारी आदि ने कहा कि मानसून की यह बारिश धान की फसलों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही अन्य फसलों के बोने का भी मार्ग प्रशस्त हो गया है। फिलहाल अधिक बारिश होने से अभी अगले चार-पांच दिन तक धान की रोपाई के अलावा अन्य फसलों की बुवाई का कोई कार्य संभव नहीं दिख रहा है। अगर और बारिश होती है तो ज्वार, अरहर, मूंग, तिल, मूंगफली, उर्द, मक्का, बाजरा, सांवा, कोदों, रागी, सनई, ठेंचा आदि की फसलों की बुवाई में देर हो सकती है।

# बुनियादी सुविधाओं और विकास को तरसता तहसील मुख्यालय सरीला

**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला हमीरपुर।** आजादी के 75 वर्षो के बाद जहाँ पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है वही बुन्देलखण्ड के जनपद हमीरपुर की पिछड़ी तहसील सरीला की स्थिति अनवरत दयनीय बनी हुई है जहाँ एक ओर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के कई क्षेत्र विकास के नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे है है वही जनपद हमीरपुर की सरीला तहसील यहां के जनप्रतिनिधियों और सरकारी भेदभाव और उदासीनता के चलते आज भी विकास से वंचित है आज़ादी के बाद से उत्तर प्रदेश का शायद पहला तहसील मुख्यालय सरीला होगा जहाँ आज भी कई अपवाद है कहने को सरीला को 22 वर्ष पूर्व तहसील मुख्यालय का दर्जा दिया गया था परन्तु सुरक्षा के नाम पर तहसील मुख्यालय में कोतवाली होना चाहिए लेकिन नगर में मात्र पुलिस चोकी है जिसमें रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की जा सकती तहसील सरीला से मुख्यालय हमीरपुर और आस पास के सीमावर्ती जिलों और बड़े शहरों को जाने के लिये रोडवेज़ डिपो के नाम पर कोई सहारा नहीं है जहां से लोग मुख्यालय और आस पास जिलों में जा कर वापस आ सकें केवल डग्गामार गाड़ियों के भरोसे लोग दिन दिन भर इंतज़ार करते है आए दिन इन डग्गामार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में जान माल की क्षति होती है जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता लगातार भुगत रही है इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विकास की सुध न लेते हुए लगातार उदासीनता बरती जा रही है तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़कों सरीला- जरिया हो या सरीला-छिबौली मार्ग सहित कई मार्गो का इतना बुरा हाल है की एक बार चलने के बाद दुबारा हिम्मत नहीं जुटा पायेंगे अगर मजबूरी में मरीजों को इन रास्तों पर आना जाना हो तो जर्जर हो चुके इन सड़क मार्गो पर चलना लोगो के लिए अब जानलेवा हो चुका है नगर सरीला में पीने के पानी के लिए पचासों साल पुरानी टंकी है जो अपनी उम्र पूरी कर कभी भी भर भराके गिर सकती है ट्यूबवेल नगर वासियों की जरूरत भर के पानी की आपूर्ति भी नहीं कर पा रहे आए दिन नगर में जल संकट की बदहाल तस्वीर सरीला की सड़को पर देखी जा सकती है इस पिछड़ी तहसील की जनता को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उपहार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया लेकिन उसमें भी लिंक मार्ग न होने से यह भी तहसील क्षेत्र की जनता को एक्सप्रेसवे पर यात्रा करना भी एक सपना बनकर रह गया सरीला नगर में कई जनसमस्याएं और मुद्दे इतने ज्वलंत है कि लोगों का जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है इसके बावजूद जिम्मेदारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। सरीला कस्बा निवासी विवेक विश्वकर्मा बताते है कि जिम्मेदारों की लापरवाही से आए दिन पानी की सप्लाई बाधित रहती है जिससे इस भीषण गर्मी में भी पानी के लिए दर बदर भटकना पड़ता है नगर पंचायत सरीला द्वारा टैंकर की व्यवस्था की गई है लेकिन इतने बड़े नगर के लिए वो भी उंट के मुंह में जीरे के समान है।

# घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** ब्लॉक राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत सलखन से लालगंज संपर्क मार्ग के मरम्मत का कार्य PWD (PD) कार्यालय से अनुमोदित होकर करीब 300 मी सड़क पीसीसी, और पेंटिंग का कार्य किया जाना था, और आवश्यकता पड़ने पर 300 मीटर से अधिक जल जमाव वाले सड़क पर पीसीसी कार्य करके सड़क का मरम्मत किया जाना था, जिससे कि सड़क पर से जल जमाव की समस्या से निजात पाई जा सके परंतु मरम्मत कार्य करते समय ठेकेदार द्वारा सड़क पर हो रहे जल जमाव वाले स्थान पर कोई पीसीसी कार्य नहीं किया गया बल्कि जहां पर सड़क की हालत अच्छी थी वहीं पर पीसीसी करके आगे पेंटिंग कर के छोड़ दिया गया, आज भी हल्की बारिश होने के बाद उक्त सड़क पर जल जमाव होकर सड़क डूब गया है, सड़क पर आगे कीचड़ होकर सड़क चिकना हो गया है जिस पर चलने वाले मोटरसाइकिल लेकर अक्सर गिर पड़ते हैं, जिसमें आजाद समाज पार्टी सोनभद्र के जिलाध्यक्ष रविकांत के द्वारा फोन पर जेई सरवन कुमार के बात किया गया तो बताया गया कि रोड कार्य ठेकेदार के द्वारा पूरा किया गया है, और संतोषजनक बातें नहीं बता पाई, आजाद समाज पार्टी सोनभद्र मांग करती है अगर रोड को नहीं बनाया जाता है तो धरना प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं ग्रामीणों के साथ।

# हिण्डाल्को सीएसआर द्वारा किसानों के मध्य किया गया धान के बीज का वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को सी.एस.आर. द्वारा आई.सी.ए.आर. मऊ के अनुसूचित जनजाति विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत धान बीज का वितरण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर के प्रतिनिधि सहायक विकास अधिकारी काशी ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। आदित्य बिडला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क म्योरपुर में आयोजित कार्यक्रम में फसल पैदावार और आमदनी में वृद्धि के लिए म्योरपुर, बभनी एवं दुद्धी ब्लाक के 283 किसानों को 980 किलो उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण हिण्डालको के मुखिया एन? नागेश के मार्गदर्शन में एंव सी?एस?आर? प्रमुख अविजीत के नेतृत्व में किया गया।

मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी काशी ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विकास के क्षेत्र में आई.सी.ए.आर. मऊ एवं हिण्डाल्को सी.एस.आर. की यह पहल सराहनीय है। इससे विशेषकर अनुसुचित जनजाति के किसानों को कृषि उत्पादन में लाभ होगा। हिण्डाल्को का कृषक विकास कार्यक्रम सदैव ही अनुकरणीय रहा है एवं प्रत्येक वर्ष विभिन्न कृषि बीजों का वितरण, कृषक प्रषिक्षण एवं सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी आदि के माध्यम से किसानो को लाभान्वित किया जाता है।

हिण्डालको ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी श्री सुभाषीश चक्रवर्ती ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उदेश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वालें धान का बीज उपलब्ध कराना है, जिससें वे अपनी फसल के पैदावार में सुधार कर सकें और अपनी आजीविका को बढ़ा सकें। यह पहल टिकाऊ कृषि और ग्रामीण विकास को सहायता देने की हमारी प्रतिबद्वता का एक हिस्सा है।

हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी श्री राजेश सिंह ने अपने सम्बोधन में किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया एवं रमाकांत शर्मा द्वारा कृषि संबंधित योजनाओं से अवगत कराया गया। दी आादित्य बिड़ला रुलर टेक्नोलॉजी पार्क के अजय कुमार यादव ने संचालन किया इस मौके पर अंकित दुबे,अरविन्द यादव,रुद्र प्रताप यादव एंव पूरी टीम का सरानीय योगदान रहा।

### सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से ले लाभ ले सकते हैं

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से नागरिक विभिन्न सेवाएं जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज नर्सिंग, टूर एण्ड ट्रैवल्स, कैटरिंग, ए0सी0 रिपेयर, कम्प्यूटर मैकेनिक आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सेवाप्रदाता फर्म एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल sewayojan. up.gov.in अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या टोल फ्री कॉल सेन्टर नम्बर-155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। सेवामित्र व्यवस्था के अन्तर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलम्बन के अवसर प्राप्त हो रहें है। साथ ही इसमें डे-वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं।

# सुहासिनी संघ ने धूमधाम से मनाया ऋतुरंग वार्षिकोत्सव



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित सुहासिनी संघ एक सामाजिक संस्था है जो महिलाओं के सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्य करती है। सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक उत्सव कार्यक्रम दिनांक 28.06.2024 को सायं 07:00 बजे परियोजना के उमंग भवन धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम का थीम ÷ऋतु रंग÷ था।

ऋतुओं पर आधारित इस कार्यक्रम में शीतल, बसंत, ग्रीष्मा, बरखा और हेमा नामक पात्रों के माध्यम से वर्षभर की ऋतुओं के त्योहारों को बारी बारी से प्रस्तुत किया गया। इन त्योहारों को नृत्य के माध्यम से दिखाया गया। इस मनोरम वार्षिकोत्सव में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई. सत्यफणी कुमार, मुख्यअतिथि के रूप पधारे तथा मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) बी सी चतुर्वेदी एवं महाप्रबंधकगण भी उपस्थित रहे।

सुहासिनी संघ की अध्यक्षा ई सरोजा फणी कुमार, उपाध्यक्षा सारिका चतुर्वेदी एवं महासचिव शिल्पा कोहली, एवं सदस्यगण अपने परिवारजनों सहित इस उत्सव में पधारे। इस उत्सव में छोटे छोटे गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया।

सुहासिनी संघ की अध्यक्षा ई सरोजा फणी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन महासचिव शिल्पा कोहली ने किया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महिला क्लब के कार्यक्रम की खूब सराहना की और सुहासिनी संघ को नित्य नए सामाजिक कार्यक्रमों हेतु प्रेरित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई 2024 के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में द्वितीय जिला अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि यह कार्यक्रम जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई

2024 तक द्वितीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान एवं 01 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक डायरिया रोको अभियान चलाया जाना है।

बैठक में इस कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु बी.टी.एफ. का आयोजन प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण( टी.ओ.टी.) सभी संबंधित विभागों द्वारा समय से चलायी जाने वाली गतिविधियों एवं कार्य दायित्व पर पारम्परिक समन्वय से कार्य करने हेतु अपील की गयी।



यूनीसेफ के बी.एम.सी. सरफराज खॉन ने विगत चरण अप्रैल 2024 का मॉनीटरिंग फीडवैक प्रस्तुत किया। इस अभियान के साथ-साथ डायरिया रोको अभियान भी चलाया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नागेन्द्र नाथ यादव ने सभी विभागों को समयन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, तथा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अतिसंवेदनशील (हाट-स्पाट) क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की अवश्यकता है। वहॉ पर प्राथमिकता के आधार पर मच्छरजनित गतिविधियॉ यथा दवाओ का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे मच्छर लार्वा उत्पन्न होने को बाधित किया जा सके तथा साथ ही साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाय। सभी कार्यालध्यक्षों को अपने कार्यालय की छतों को वर्षा के पूर्व साफ-सफाई कर दी जाए जिससे पानी के जमाव न होने पाये, तथा कूड़े-कचड़े को भी इधर-उधर न फेंका जाय। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रतिदिन मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाय। दिनॉक 01 जुलाई 2024 को इस अभियान का शुभारम्भ जिला स्तर,ब्लाक स्तर,व ग्राम स्तर एवं सभी कार्यालयों में अवश्य किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी,उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ अरविन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हमीरपुर,सहायक आयुक्त खाद् सुरक्षा अधिकारी समस्त एम.ओ. आई.सी., डी.एल.ओ. ,डी.टी.ओ., डीएम.ओ. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महान दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** राज्य कर विभाग, एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर द्वारा महान दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस दिनांक.29,06,2024 को ष्व्यापारी कल्याण दिवसष् के रूप में सांई कृपा गेस्ट हाउस, अमन शहीद हमीरपुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद हमीरपुर में वर्ष.2023-2024 में सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारी सर्वश्री अंकित मोटर्स राठ एवं सर्वश्री धनीराम राम चन्द्र.राठ को भामाशाह पुरस्कार प्रदान करते हुए स्मृति चिन्ह, शाल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यापार क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्यो के लिए राज्य कर, विभाग एवं संस्कृति विभाग द्वारा व्यापारियों सर्वश्री जे0के0 सीमेंट वर्क्स.भरूआ सुमेरपुर, सर्वश्री जय माँ भवानी कान्स्ट्रक्शन कम्पनी राठ, सर्वश्री ए0जे0 कान्स्ट्रक्शन हमीरपुर,



सर्वश्री लोधी इण्टर प्राइजेज.राठ, सर्वश्री आर0के0 एण्ड संसए पेट्रोल पम्प, हमीरपुर, सर्वश्री देवांशी फिलिंग स्टेशन राठ ध् मौदहा एवं सर्वश्री त्रिवेणी गैस सर्विस हमीरपुर को प्रशस्ति पत्र तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जूनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में तनय सिंहए मान्सी एवं साक्षी निबन्ध प्रतियोगिता में कशिशए रूद्र प्रताप एवं खुशी भाषण प्रतियोगिता में समिक्ष द्विवेदी,भागवती अनुरागी एवं आरव पाल रंगोली प्रतियोगिता में यश, नवदीप पाण्डेय एवं श्रद्धा सिंह तथा सीनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार, कु0 शिद्धिमा एवं प्रशांत कुमार निबन्ध प्रतियोगिता में प्रियान्सी,अंशू कुमार एवं नरेन्द्र कुमार सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाने वाले छात्रों में नैन्सी, प्रकाशिनी, तमन्ना एवं आराध्या आदि प्रतिभागी छात्रों को मेडल एवं गिफ्ट देकर तथा मेधावी छात्रों को जिलाधिकारी महोदय एवं जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर द्वारा टेबलेट वितरित किया गया। उक्त समस्त प्रतिभागी छात्रों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं उद्योग विभाग, राज्य कर विभागए पी0ओ0 इड़ा विभाग इत्यादि विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। इस अवसर पर माननीय जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त राज्य करए सहायक आयुक्त राज्य कर,खण्ड.01/ 02/ सचल दल हमीरपुर, डी0आई0ओ0एस0, बी0एस0ए0 अधिकारी, अध्यक्ष उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल, हमीरपुर, अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल हमीरपुर एवं समस्त राज्य कर हमीरपुर के समस्त कार्मिक इत्यादि उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों को अमृत सरोवर ले जाकर सैर करायी

**सरीला (हमीरपुर)** क्षेत्र के छिबौली गांव में खंड विकास अधिकारी ने समर कैंप के तहत स्कूली बच्चों को अमृत सरोवर ले जाकर सैर करायी तथा तमाम जानकारियां दी। शनिवार को खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने छिबौली गांव के प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों को समर कैंप के तहत गांव के कजराहा अमृत सरोवर तालाब ले जाकर वहां की सैर करायी। बीडीओ ने कहा कि स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए उन्हें खेलकूद, सामाजिक व संस्कारों की जानकारियां देना बहुत जरूरी होता है। कैंप के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को जीव जंतुओं व मौसम के बारे में जानकारी दी।तथा स्वस्थ रहने व पढ़ाई के तमाम टिप्स दिये। अमृत सरोवर तालाब में लगे झूले-झूल कर स्कूली बच्चों ने मौज ली। इस दौरान वह काफी खुश नजर आये।

# गेट लगाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों की महिलाओं के बीच हुई जमकर मारपीट

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** राठ में मकान निर्माण के दौरान गेट लगाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमे दो पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसका किसी ने वीडियो भी बना लिया। वीडियो में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों की महिलाएं एक दूसरे के बालों को पकड़ कर मारपीट कर रही हैं। राठ कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव में कस्तूरी पत्नी रामेश्वर ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर का निर्माण कार्य करवा रही थी। निर्माण कार्य के दौरान सार्वजनिक रास्ते की ओर वह अपने घर का दरवाजा लगवा रही थी तभी उसके पड़ोस में रहने वाली महिला मीरा, सुनीता और कल्लो दरवाजा लगाने को लेकर विरोध करते



हुए गाली गलौज करने लगी। जब गाली गलौज करने का विरोध किया तो मीरा, सुनीता और कल्लो ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होती देखकर जब उसकी बहू सोनी पत्नी अंतराम और राम मिलन पुत्र अंतराम उसे बचाने के दौड़े तो सभी लोगों उनके साथ भी मारपीट की। बताया कि मारपीट की इस पूरी घटना का वीडियो भी पड़ोसियों ने बनाया है। राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मारपीट की घटना में सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

अवधनामा अखबार के 24वें स्थापना दिवस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं



**चंद्रिका साहनी**
ग्राम प्रधान मठिया उर्फ अकटहां

## बरसात में विद्युत आपूर्ति बहाल रहे: ए.के. शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विद्युत कार्मिकों को निर्देशित किया है कि बरसात में विद्युत आपूर्ति बहाल रहे, सभी विद्युत कार्मिक सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। मानसून में अंधेरा रहने से नागरिकों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सभी कार्मिक उपभोक्ताओं द्वारा दी गई जानकारी एवं शिकायतों को त्वरित संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान करेंगे। बरसात में विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर सुरक्षा में लगी जाली, हरे पेड़ों और शाखाओं में विद्यतु करंट उतरने की संभावना रहती है, इसके लिए लोगों को जागरूक भी करें, जिससे कि किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना से होने वाली जनहानि व पशुहानि को बचाया जा सके। सभी कार्मिक अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे कि बरसात में विद्युत उपकरणों को छूने से बचें और उनसे उचित दूरी बनाकर रहें। ऊर्जा मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए बरसात में विद्युत उपकरणों के सम्पर्क में आने से बचें।

## 2 अरब 27 करोड 50 लाख की धनराशि की स्वीकृति की प्रदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि हेतु वर्ष 2024-25 में विधान सभा के 403 में से 393 (10 विधान सभा सीट रिक्त है) सदस्यों हेतु रू0 98250.00 लाख जी0एस0टी0 सहित (रु0 नौ अरब बयासी करोड़ पचास लाख मात्र, जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि तथा विधान परिषद के 100 में से 98 (02 स्थान रिक्त हैं) सदस्यों हेतु रू0 24500.00 लाख जी0एस0टी0 सहित (रु0 दो अरब पैंतालीस करोड़ मात्र, जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि अर्थात विधान मण्डल के कुल 491 (39398) सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त के रूप में रू0 250.00 लाख (जी0एस0टी0 सहित) की दर से कुल रू0 122750.00 लाख जी0एस0टी0 सहित (रु0 बारह अरब सत्ताईस करोड पचास लाख मात्र, जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि को अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## नगरीय निकायों के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति रहें सतर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने निकायों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्यों के प्रति सतर्क करते हुए कहा है कि प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। सभी निकाय कार्मिकों के लिए यह समय परीक्षा की घड़ी का है, इसके लिए पूरी तत्परता और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। बरसात में शहरों में कहीं पर भी जलभराव और गंदगी न होने पाये, नाले/नालियों की सफाई के साथ ही दैनिक सफाई पर भी सभी मुस्तैदी से कार्य करेंगे। कहीं पर भी नाले/नालियां चोक न होने पायें। सफाई के दौरान नाले-नालियों से निकली सिल्ट एवं कचरे को सीघ्र हटाया जाए। नियमित रूप से सभी अधिकारी सफाई कार्यों की मॉनीटरिंग करें। जलभराव और गंदगी वाले स्थानों पर संचारी रोगों और मच्छरजनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि फैलने की संभावना न बने, सभी निकाय इसके लिए आवश्यक दवाओं, एण्टी लार्वा, चूना और फॉगिंग आदि की व्यवस्था कर लें, जहां पर भी आवश्यक हो शीघ्र ही उपयोग में लाया जाए। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि बरसात में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाले/नालियों की सफाई नियमित रूप से करायी जाए। नाले/नालियों के चोक प्वाइंट की लगातार निगरानी की जाए। साथ ही लोगों को नाले/नालियों में कूड़ा-कचरा आदि न डालने के लिए भी जागरूक किया जाए। उन्होंने ने भी नागरिकों से अपील की है कि शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।

**अवधनामा** स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री



मा. जीएम सिंह
पूर्व विधायक सहजनवां



**संजू सिंह**
**अध्यक्ष**
नगर पंचायत सहजनवां
गोरखपुर

**अवधनामा** स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



**प्रभाकर दुबे**
**अध्यक्ष**
नगर पंचायत घघसरा-गोरखपुर

अवधनामा अखबार के 24वें स्थापना दिवस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं



**अकमल हुसैन**
ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर व
प्रधान संघ उपाध्यक्ष
मोतीचक, कुशीनगर





**डॉ. जमीरुद्दीन सिद्दीकी**
प्रतिनिधि

**डॉ विवेक अग्रवाल**
M.B.B.S D.C.H
नवजात शिशु एंव बाल रोग विशेषज्ञ
HAPPY DOCTORS DAY
पता-फिरोजाबाद क्लब चौराहा सुपर कलर लैब के पास जलेसर रोड फि.

अवधनामा अखबार के 24वें स्थापना दिवस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं



**राजेन्द्र सिंह**
जिलाध्यक्ष



**दिनेश कुमार सिंह**
ब्लॉक अध्यक्ष, मोतीचक



**मोलई प्रसाद प्रजापति**
ब्लॉक अध्यक्ष, मोतीचक
ब्लॉक मंत्री: उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल
शिक्षक संघ जनपद, कुशीनगर

## कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

पत्रांक– 87 / न०पं०बं० / 2024–25 दिनांक– 28 जून, 2024

**–: सार्वजनिक सूचना :–**

नगर पंचायत बंकी जनपद बाराबंकी सीमान्तर्गत संचालित समस्त होटल मैरेजहाल/रेस्टोरेन्ट/सब्जीमंडी/कोल्हू (करेशर) के संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने होटल/मेरिज हॉल/रेस्टोरेंट, सब्जीमंडी व कोल्हू (करेशर) से 50 किलोग्राम या इससे अधिक गीला कूड़ा प्रतिदिन उत्पादित करते हैं, तो उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) या थोक अपशिष्ट जनरेटर माना जायेगा। ऐसे सभी बल्क वेस्ट जनरेटर गीले कूड़े का निस्तारण अपने परिसर में ही कम्पोस्टिंग के माध्यम से तथा सूखे कूड़े का नगर पंचायत बंकी जनपद बाराबंकी के कूड़ा गाड़ी को देना सुनिश्चित करेंगे। जिन होटल/मेरिज हॉल/रेस्टोरेन्ट/सब्जीमंडी व कोल्हू (करेशर) संचालकों द्वारा गीले व सूखे कूड़ों का निस्तारण नहीं किया जाता है, उन्हे नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 व राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण (NGT) के इन्वायरमेंटल कम्पनसेशन अधिनियम की धारा 15 एवं 17 के अन्तर्गत जुमार्ना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बंकी
बाराबंकी

## कार्यालय नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र

पत्रांक विविध / न0पं0अ0/2024–25 / दिनांक 25–06 2024

*प्लास्टिक प्रतिबन्ध है, प्लास्टिक का प्रयोग न करें।*

**अपील**

1– प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिये हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व विक्रय करते पाये जाने पर आपके विरूद्ध रू0 25000.00 तक का जुर्माना हो सकता है।
2– सार्वजनिक स्थानों पर कटे फल खुले में चाट, पकोड़े आदि बनाना व वेचना प्रतिबन्धित है।
3– सार्वजनिक स्थलों पर थूकना अपराध है।
4– नगर पंचायत अनपरा में सूखा व गीला कूड़ा अलग–अलग आपके घर से एकत्रित किया जायेगा। कृपया सूखा व गीला कूड़ा अलग–अलग दें। किसी भी हालत में मिलायें नहीं। कूड़ को रीसायकल करें।
5– आपसे निवेदन है कि आप अपने घर में एक कूड़ादान नीला सूखा कूड़े के लिये व एक हरा कूड़ादान गीले कूड़े के लिये अवश्य रखें।
6– नगर पंचायत अनपरा के सफाई कर्मचारी कूड़ा एकत्रित करने आपके घर आयेंगे अगर किसी भी कार्य दिवस में कर्मचारी नहीं आतें हैं, या डोर टू डोर कलेक्शन टीम से समस्या है तो दूरभाष 8189078522 पर सम्पर्क कर सकतें है।
7– कृपया खुले में शौच न जायें। पालीथीन का प्रयोग न करें। खुले में कूड़ा न फेंकें। रोड व नालियों को साफ रखे, खुले में पेशाब न करें। कूड़ा सिर्फ कूड़ेदान में ही डालें।
8– सभी पशुपालकों से निवेदन है कि अपने पालतू जानवरों को चिन्हित करके रखें। उन्हें आवारा न घूमने दें व गंदगी न करने दें। ऐसा करने पर जुर्माना लगाया जायेगा।
9– नगर पंचायत अनपरा के अन्तर्गत बने सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय समस्त नागरिकों के लिये निःशुल्क खुला रहेगा। कृपया शौचालयों का ही प्रयोग करें।
10– नगर पंचायत अनपरा को नम्बर 01 यू0एल0बी0 बनाने के लिये सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट 2016 कानस्ट्रक्शन व डिमोलिशन वेस्ट गाइडलाइन प्लास्टिक रोकथाम नियम व स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में निर्धारित अन्य नियमों को अंगीकृत व लागू करता है।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | समस्त सभासदगण | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत अनपरा | नगर पंचायत अनपरा | नगर पंचायत अनपरा |
| सोनभद्र | सोनभद्र | सोनभद्र |

अवधनामा अखबार के 24वें स्थापना दिवस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं



**राकेश कुमार मद्धेशिया**
वैक्सिन इंचार्ज
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
मोतीचक मथौली,
कुशीनगर

दैनिक अवधनामा के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**अफसर अली**
प्रदेश सचिव

दैनिक 'अवधनामा' 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
NIELIT उत्तर प्रदेश सरकार
पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये
निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण
O' Level & CCC
12000 तक की छात्रवृत्ति AS PER NIELIT RULES
Other Courses: DCA
TALLY+GST | PHOTOSHOP | COREL DRAW | ILLUSTRATOR | PYTHON | PHP
SIIT शम्सी इन्स्टीट्यूट ऑफ़ इन्फारमेशन टैक्नालोजी
206, कटरा सेवाकली, बजरिया, इटावा 9412349879, 9456251603, 9410058488